माघ कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मुरादाबाद
शनिवार, 3 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 314, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

पूंछ के समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज 16
देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है गाना दुआ 15

## एक नजर

### न्यायमूर्ति अरुण भंसाली बने हाईकोर्ट के सीजे

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर के 21 नवंबर 2023 को सेवानिवृत हो जाने के बाद अब हाईकोर्ट को नए मुख्य न्यायाधीश मिल गए हैं। राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अरुण भंसाली को इलाहाबाद हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इस संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा 2 फरवरी को अधिसूचना जारी की है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 27 दिसंबर 2023 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति अरुण भंसाली के नाम की सिफारिश की थी।

### असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध को आएगा बिल

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि सरकार राज्य में बहुविवाह प्रथा को समाप्त करने के लिए विधानसभा के बजट सत्र में एक विधेयक लाएगी। शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि विधेयक के मसौदा की अभी कानून विभाग द्वारा जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए हम विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक कानून लाने की तैयारी कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर कानून बनाने को लेकर आशान्वित है जिस पर पांच फरवरी से विधानसभा के चार दिवसीय एक विशेष सत्र के दौरान विचार किया जाएगा।

### ओबीसी आयोग का पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने केंद्रीय ओबीसी सूची में 87 जातियों को शामिल करने के लिए संबंधित जानकारी नहीं देने पर पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया है और राज्य सरकार के मुख्य सचिव को आठ फरवरी को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि पिछले वर्ष छह सितंबर को पश्चिम बंगाल राज्य सरकार से 87 जातियों को केन्द्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने हेतु उनके सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति संबंधी ताजा जानकारी और आंकडे मांगे गए थे जिसकी जानकारी आयोग को नहीं दी गई है।

## भाजपा सांसद रीता बहुगुणा को छह माह की सजा

▸▸ **आचार संहिता उल्लंघन का मामला**

**लखनऊ।** वर्ष 2012 में कांग्रेस पार्टी की ओर से विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन कर मीटिंग करने की आरोपी मौजूदा भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी को एमपी-एमएलए कोर्ट ने छह माह के कारावास व 11 सौ रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से अदालत को बताया गया कि 17 फरवरी 2012 को शाम करीब 6:50 बजे (प्रचार का समय समाप्त होने के बाद) रीता बहुगुणा जोशी लखनऊ विधानसभा कैंट क्षेत्र की प्रत्याशी की हैसियत से कृष्णा नगर के बजरंग नगर क्षेत्र में आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए जनसभा कर रही थीं। स्टेटिक सर्विलांस मजिस्ट्रेट मुकेश चतुर्वेदी ने मौके पर जाकर देखा तो करीब 50 लोगों की भीड़ के साथ बजरंग नगर में सड़क पर रीता जोशी मीटिंग कर रही थीं। मुकेश चतुर्वेदी द्वारा कृष्णा नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

## खुदरा बाजार में 29 रुपये किलो चावल बेचेगी सरकार

▸▸ **कारोबारियों को पोर्टल पर भंडारण का खुलासा करने को कहा गया**

**नई दिल्ली।** सरकार आम आदमी को राहत देने के लिए अगले सप्ताह से खुदरा बाजार में 'भारत चावल' 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचेगी। साथ ही व्यापारियों को चावल के भंडारण का खुलासा करने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने कीमतों को नियंत्रित करने के अपने प्रयासों के तहत ये कदम उठाए हैं। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि विभिन्न किस्मों के निर्यात पर पाबंदियों के बावजूद पिछले एक साल में चावल की खुदरा और थोक कीमतों में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने दो सहकारी समितियों भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के साथ-साथ केंद्रीय भंडार के जरिए खुदरा बाजार में रियायत वाले 'भारत चावल' को 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचने का फैसला किया है।' ई-वाणिज्य मंच भी भारत चावल बेचेंगे।

# ज्ञानवापी : हाईकोर्ट का व्यास जी के तहखाने में पूजा पर रोक से इनकार

### मुस्लिम पक्ष को फिलहाल राहत नहीं, 6 फरवरी को फिर होगी मामले में सुनवाई

### अदालत ने राज्य सरकार को दिया क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर तलगृह (व्यास जी का तहखाना) में पूजा की अनुमति देने के वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद प्रबंधन समिति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से शुक्रवार को फिलहाल कोई फौरी राहत नहीं मिली।

समिति ने गुरुवार को दायर अपने आवेदन में 31 जनवरी की स्थिति को बहाल करने का अनुरोध किया था। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख छह फरवरी तय की है। इस दौरान आवेदन पर नए सिरे से सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने समिति के वकील से कहा कि वे पहले निचली अदालत के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती दें जिसमें वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को रिसीवर नियुक्त किया गया था और उन्होंने 23 जनवरी को ज्ञानवापी परिसर का कब्जा ले लिया था। कोर्ट ने राज्य सरकार को इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता अजय कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है और वाराणसी के जिलाधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। कोर्ट ने कमेटी के वकील सैयद अहमद फैजान से पूछा कि 17 जनवरी के मूल आदेश को चुनौती क्यों नहीं दी गई। वकील ने कहा कि उन्होंने 31 जनवरी को पारित आदेश के कारण अदालत का दरवाजा खटखटाया क्योंकि डीएम ने उसी रात तैयारी की और नौ घंटे के भीतर पूजा शुरू कर दी गई। उन्होने कहा कि वे मूल आदेश को भी चुनौती देंगे। अदालत ने कहा कि वादी पक्ष की ओर से इस आधार पर अपील की पोषणीयता पर प्रारंभिक आपत्ति उठाई गई है कि मूल आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। गौरतलब है कि वाराणसी जिला कोर्ट ने वाराणसी डीएम को ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर स्थित तलगृह के अंदर विराजमान मूर्तियों की पूजा की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

### वाराणसी की अदालत ने जल्दबाजी में फैसला सुनाया

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने शुक्रवार को दावा किया कि वाराणसी जिला अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर में स्थित तहखाने में पूजा करने की अनुमति देने संबंधी फैसला जल्दबाजी में सुनाया है और कहा कि वह न्याय पाने के लिए इस मामले को उच्चतम न्यायालय तक ले जाएगा। मुस्लिम संगठनों ने यह भी कहा कि देश में उत्पन्न होने वाले विवादों को रोकने के लिए पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को अक्षरश: लागू किया जाना चाहिए। बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि मस्जिद में पूजा की अनुमति देने से न केवल मुसलमानों को बल्कि धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखने वाले अन्य धर्मों के लोगों को भी दुख हुआ है। कहा कि यह धारणा गलत है कि मस्जिद बनाने के लिए मंदिर को तोड़ा गया था। रहमानी ने कहा कि अदालत ने मुस्लिम पक्ष को विस्तार से दलीलें रखने का मौका नहीं दिया।



नई दिल्ली में प्रेसवार्ता करते मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारी।

### जुमे पर पहले की तुलना में दोगुना नमाजी पहुंचे

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार मिलने के बाद शुक्रवार (जुमा) को बड़ी संख्या में नमाजी ज्ञानवापी पहुंच गए। इतनी बड़ी संख्या में नमाजियों के पहुंचने पर पुलिस को उन्हें वापस भेजना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा लोग नमाज पढ़ने पहुंचे। कोर्ट के आदेश के मद्देनजर ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में पूजा शुरू होने के बाद, जुमे की नमाज के मौके पर जिले में हाई अलर्ट घोषित किया गया था।

**तहखाना देखने के लिए भी लग रही श्रद्धालुओं की लंबी कतार :** वाराणसी। काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालु ज्ञानवापी परिसर में स्थित तहखाने को देखने के लिए भी कतार में लग रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर के पीआरओ पीयूष तिवारी ने बताया कि श्रद्धालु तहखाने में पूजा करने के लिए उत्साहित हैं। फिलहाल, जिला प्रशासन के निर्देश पर हमने झांकी दर्शन कराने की व्यवस्था की है। तिवारी ने कहा कि व्यवस्था के तहत काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद बाहर निकलने वाले श्रद्धालु मस्जिद परिसर की सीमा पर लगाए गए अवरोधकों के पास से एक झरोखे से तहखाने को देख सकते हैं। पहले यह क्षेत्र टिन की चादरों से ढका हुआ था।

# चंपाई सोरेन ने झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

▸▸ **कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता बने मंत्री**

रांची, एजेंसी

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन ने उन्हें यहां राजभवन में पद की शपथ ग्रहण कराई।

चंपाई सोरेन के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। आदिवासी नेता चंपाई सोरेन (67) राज्य के 12वें मुख्यमंत्री हैं। वह झारखंड के कोल्हान क्षेत्र से छठे मुख्यमंत्री हैं। कोल्हान क्षेत्र में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले शामिल हैं। चंपाई सोरेन को राज्यपाल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री नियुक्त किया था। चंपाई सोरेन ने शपथ लेने के बाद कहा कि हम हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे। प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम आदिवासियों और अन्य लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए 'जल, जंगल, जमीन' की लड़ाई जारी रखेंगे।



### पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड की एक विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को पांच दिन के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। अधिवक्ताओं ने यह जानकारी दी। ईडी ने गुरुवार को सोरेन को दस दिन की हिरासत में देने का अनुरोध किया था। तब अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सोरेन को धन शोधन मामले में ईडी ने सात घंटे तक पूछताछ के बाद 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था।

### गठबंधन के विधायक हैदराबाद पहुंचे

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपाई सोरेन के राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ देर बाद झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायक विमान से हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। सत्तारूढ़ गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विधायकों को कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में स्थानांतरित करने का निर्णय यह देखते हुए लिया गया कि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें लुभाने की कोशिश कर सकती है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि बहुमत साबित करने के लिए हमें 10 दिन का समय दिया गया है। हम इस दौरान कोई जोखिम नहीं उठा सकते। गठबंधन के मुख्य घटक कांग्रेस के विधायक बन्ना गुप्ता ने कहा कि गठबंधन के 38 विधायकों ने हैदराबाद के लिए उड़ान भरी।

### शीर्ष कोर्ट ने हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट जाने को कहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झटका देते हुए धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को लेकर हस्तक्षेप करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और उन्हें उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी से राहत के लिए उच्च न्यायालय जाने को कहा। सिब्बल ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में इस अदालत को एक संदेश भेजने की जरूरत होती है। यह एक मुख्यमंत्री से जुड़ा मामला है, जिसे गिरफ्तार किया गया है।

## हाईकमान पहुंचा कासगंज में भाजपा नेताओं के बीच फायरिंग का मामला

▸▸ **अनीता लोधी ने मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिख आरोपियों पर कार्रवाई की मांग उठाई**

▸▸ **टिकट की रार को लेकर जिले में भाजपा नेताओं के बीच की गुटबाजी चर्चा में आई**

संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** लोकसभा टिकट की रार को लेकर कासगंज में भाजपा नेताओं के दो गुटों के बीच फायरिंग का मामला हाईकमान तक पहुंच गया है। सांसद के समर्थक की तहरीर पर डिबाई की पूर्व विधायक अनीता लोधी और समर्थकों पर एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला और गरमा गया है।

पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। एटा जिले के एक विधायक और कासगंज से एक पूर्व विधायक अनीता के पक्ष में हैं। दोनों भाजपा नेता मामले में पैरवी कर रहे हैं। हालांकि ये नेता खुलकर सामने नहीं आ रहे हैं। अनीता लोधी का कहना है कि मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है और उनसे मुलाकात करने जा रही हूं।

कासगंज पुलिस ने भी पक्षपात किया है। एक तरफ मैंने शाम चार बजे ही पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की और मेरी ओर दिए गए प्रार्थना पत्र पर एफआईआर नहीं हुई। दूसरे पक्ष की तहरीर पर मेरे और मेरे समर्थकों पर एफआईआर दर्ज कर ली गई। यह न्याय संगत नहीं है। गुरुवार की दोपहर बुलंदशहर जिले के डिबाई की पूर्व विधायक अनीता लोधी अपने समर्थकों के साथ कासगंज आई थीं। आरोप है कि एपीएस लिखी एक स्कार्पियो कार आई। सफेद की रंग की इस कार से कुछ अराजक तत्व उतरे और अनीता लोधी के काफिले के आगे गाड़ी को आड़ा तिरछा करके लगा दिया और हवाई फायरिंग की। इससे डिबाई की पूर्व विधायक घबरा गईं। सरकारी सुरक्षा कर्मियों के अलावा निजी सुरक्षा कर्मियों ने मोर्चा संभाला, तब उनकी जान बची। वहीं, दूसरे पक्ष के भाजपा नेताओं ने भी अनीता लोधी एवं उनके समर्थकों पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है। इस प्रकरण में पुलिस ने अनीता लोधी समेत उनके कई समर्थकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

## केजरीवाल, आतिशी के आवास पर पहुंची पुलिस

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के कुछ विधायकों की खरीद-फरोख्त करने का प्रयास करने संबंधी अरविंद केजरीवाल और मंत्रिमंडल में उनकी सहयोगी आतिशी के दावे की जांच के सिलसिले में उन्हें नोटिस तामील करने दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की टीम शुक्रवार को दोनों नेताओं के आधिकारिक आवास पर गई। हालांकि दिल्ली पुलिस 'आप' के दोनों नेताओं को नोटिस नहीं सौंप सकी। दिल्ली पुलिस के अनुसार, टीम उन्हें नोटिस देने के लिए शनिवार को फिर से उनके आवास पर जाएंगी। यह घटनाक्रम भाजपा की दिल्ली इकाई द्वारा इस मामले में दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को शिकायत सौंपने के कुछ दिनों बाद हुआ है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि केजरीवाल को नोटिस दिया गया, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया।

## जगदगुरु रामभद्राचार्य की तबीयत बिगड़ी

▸▸ **एयर एंबुलेंस से ले जाया गया देहरादून**

▸▸ **चिकित्सकों ने हालत खतरे से बाहर बताई**

**आगरा।** जगदगुरु रामभद्राचार्य की शुक्रवार सुबह तबीयत बिगड़ने पर आगरा के पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात में एयर एंबुलेंस के जरिए देहरादून ले जाया गया। उन्हें वहां सिनर्जी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पूर्व में भी उनकी इसी हॉस्पिटल में देखभाल होती रही है। शिष्यों के जोर देने पर उन्हें यहां से देहरादून शिफ्ट किया गया। हाथरस में रामकथा कह रहे जगदगुरु रामभद्राचार्य की सुबह तबीयत बिगड़ गई थी। सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें आगरा के पुष्पांजलि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों की टीम तुरंत उनके इलाज में जुट गई। कुछ देर के लिए उन्हें ऑक्सीजन भी दी गई। कई जांच की गईं, जिनमें उनके सीने में संक्रमण का पता चला। डॉक्टरों ने आईसीयू में पूरी तरह अपनी निगरानी में रखा और जांच के बाद उनकी हालत को खतरे से बाहर बताया। मेडिकल ऑफिसर डॉ. राकेश शर्मा और डॉ. नवनीत शर्मा अपने सहयोगियों के साथ उपचार में जुटे रहे।



## कोटा में बीटेक कर रहे गोंडा जिले के छात्र ने फंदा लगाकर जान दी

कोटा, एजेंसी

राजस्थान के कोटा में बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र नूर मोहम्मद (27) ने अपने पीजी (पेइंग गेस्ट) के कमरे में छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। वह उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले का रहने वाला था।



पुलिस के अनुसार छात्र का शव गुरुवार की रात विज्ञान नगर इलाके में स्थित पीजी के उसके कमरे से बरामद किया गया। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। दो सप्ताह में कोटा में यह तीसरी आत्महत्या है। पुलिस के मुताबिक, नूर मोहम्मद चेन्नई की एसआरएम यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था और यहां पेइंग गेस्ट के तौर पर रहता था। विज्ञान नगर के पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि मोहम्मद ने 2016 से 2019 तक प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए कोटा के कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई की और एसआरएम विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के बाद वह अपने कोटा के पीजी से ऑनलाइन कक्षाएं लेता था। सिंह ने बताया कि उसने बुधवार को छत में लगे पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। धर्मवीर सिंह ने बताया कि मेस के एक लड़के ने गुरुवार की शाम को मोहम्मद के कमरे के बाहर एक टिफिन बॉक्स देखा और पीजी मालिक को सूचित किया।

**बीते साल 26 छात्रों ने की थी आत्महत्या :** बीते आठ दिनों में कोटा में तीन विद्यार्थी आत्महत्या कर चुके हैं। 29 जनवरी को जेईई परीक्षा की तैयारी कर रही 18 वर्षीय निहारिका सिंह ने, जबकि 23 जनवरी को, 19 वर्षीय मोहम्मद जैद ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। पिछले साल कोटा में 26 छात्रों ने आत्महत्या की थी। कोटा में देश भर से बच्चे शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं।

## बच्चे की गर्दन में फंसा मांझा, चली गई जान

▸▸ **बाइक से पिता की दुकान पर जाते समय हादसे का हुआ शिकार**

▸▸ **प्रयागराज के गंगापार इलाके में हंडिया तहसील का मामला**

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** जिले के गंगापार इलाके के सरायइनायत थाना क्षेत्र के कुआडीह में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से दस वर्षीय बच्चे की गर्दन कट गई। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के बाद घरवाले आनन-फानन उसको अस्पताल ले गए। जहां भर्ती कर उसका इलाज शुरू किया गया लेकिन उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

प्रयागराज में गंगापार इलाके के हंडिया-सैदाबाद के अजोराव गांव निवासी शंकरलाल यादव की ससुराल सराय इनायत थाना क्षेत्र के कुआडीह गांव में विजय यादव के यहां है। शंकरलाल का इकलौता बेटा सचिन 10 वर्ष से ननिहाल में ही रह कर पढ़ाई करता था। शुक्रवार की शाम सचिन अपने मौसेरे भाई सत्यम के साथ बाइक से सराय इनायत बाजार में अपने पिता की दुकान पर जा रहा था। दोनों सराय इनायत थाने के निकट पहुंचे ही थे कि अचानक सचिन के गले में पतंग का मांझा फंस गया। इससे उसकी गर्दन कट गई। सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया जिसके बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई।

### विधि आयोग की सिफारिश

## कानून में बरकरार रहे आपराधिक मानहानि

**नई दिल्ली।** विधि आयोग ने सिफारिश की है कि आपराधिक मानहानि को भारत में एक अपराध के रूप में आपराधिक कानूनों में बरकरार रखा जाना चाहिए। आपराधिक मानहानि कानून पर अपनी रिपोर्ट में, आयोग ने कहा कि इस बात को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है कि प्रतिष्ठा का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आता है, और जीवन तथा व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का एक पहलू होने के नाते, इसे मानहानिकारक भाषण और आरोपों के खिलाफ पर्याप्त रूप से संरक्षित करने की आवश्यकता है। आयोग ने कहा कि प्रतिष्ठा एक ऐसी चीज है, जिसे देखा नहीं जा सकता, केवल अर्जित किया जा सकता है। यह एक ऐसी संपत्ति है, जो पूरे जीवनकाल में बनती है।

# हंगामें के बीच शुरू हुआ विधानसभा का बजट सत्र

### विपक्ष की नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने पढ़ा अभिभाषण, रामनामी पटका धारण कर पहुंचे एनडीए के विधायकों ने किया जयश्रीराम का उद्घोष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विपक्षी विधायकों के हंगामें के बीच शुक्रवार को विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत हुई। मुख्यपमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रामनामी पटका धारण कर विधानसभा में प्रवेश करते ही एनडीए विधायकों ने जय श्रीराम का उद्घोष किया। इसके बाद जैसे ही संयुक्त सदन में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का अभिभाषण शुरू हुआ, विपक्षी सदस्य राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगाने लगे। भारी शोर और नारेबाजी के बीच राज्यपाल ने अपना अभिभाषण जारी रखा, उनका फोकस सरकार की उपलब्धियों समेत राम मंदिर पर था। कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के रूप में राष्ट्र मंदिर की स्थापना देश के सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा है। सत्र शुरू होने से पहले ही शुक्रवार सुबह सपा विधायकों ने सरकार विरोधी नारे लिखे बैनर और तख्तियां लेकर सदन के गेट पर प्रदर्शन किया। अभिभाषण देने आईं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल को स्पीकर सतीश महाना और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानपरिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह सदन तक ले गए। इस दौरान सपा विधायक सरकार विरोधी नारे लिखे बैनर और तख्ती लहराते हुए लगातार राज्यपाल गो बैक के नारे लगाते हुए वेल में आ गए। मुख्यनमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायकों से चर्चा में सकारात्मक रूप से भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि सर्वदलीय बैठक और एडवाइजरी कमेटी की बैठक में तय कार्ययोजना के अनुसार सरकार ने तैयारी की है।



बजट सत्र के मौके पर विधानसभा परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी।

### आधी आबादी को विस - संसद पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा के शक्ति वंदन अभियान में कहा कि अब शक्ति वंदन अधिनियम के बाद कोई भी राजनीतिक दल महिलाओं को विधानसभा और देश की संसद में पहुंचने से नहीं रोक सकता है। प्रधानमंत्री जनधन खाता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना, जीवन ज्योति बीमा योजना समेत तमाम योजनाएं आधी आबादी के सम्मान को दर्शाती हैं। प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 17 लाख बेटियां जुड़ी हैं जबकि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 3 लाख से अधिक बेटियों का दहेज मुक्त विवाह संपन्न हुआ है। बेटियों की सुरक्षा के लिए एंटी रोमियो स्क्वायड का गठन किया गया, इससे महिला संबंधी अपराध को कम करने में सफलता मिली है।

**अखिलेश की ब्रेकिंग**

**मोदी को छोड़ सभी का टिकट काटेगी भाजपा :** विधानसभा भवन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अभी-अभी मुझे ब्रेकिंग मिली है कि भाजपा केवल एक सीट (नरेंद्र मोदी की वाराणसी) को छोड़कर अपने सांसदों के टिकट काटने जा रही है। कहा कि उम्मीद है कि पीडीए ही एनडीए को हराएगा। भाजपा के 10 साल के कार्यकाल में भी भ्रष्टाचार, महंगाई कम नहीं हुई।

एक नजर

## उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने कार्यभार संभाला



मुरादाबाद, अमृत विचार : शुक्रवार को संतोष कुमार द्विवेदी ने उपनिदेशक कृषि के पद का कार्यभार संभाल लिया। दो साल से इस पद का कार्यभार जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी संभाल रही थी। संतोष कुमार इससे पहले शाहजहांपुर में भूमि संरक्षण अधिकारी के पद पर तैनात थे। शाहजहांपुर से भूमि संरक्षण अधिकारी के पद से पदोन्नत होकर संतोष कुमार द्विवेदी उप निदेशक कृषि के कार्यालय पहुंचे। जहां जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी और समस्त अधिकारी व कर्मचारियों ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। आठ साल पहले उपनिदेशक कृषि के पद पर रहे अशोक कुमार तेवतिया का स्थानांतरण होने के बाद जिला भूमि संरक्षण अधिकारी छैबी लाल को कार्यभार सौंपा गया था। 2022 में उनके सेवानिवृत होने से जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी के पास कार्यभार था।




महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में छात्रों को एल्बेंडाजोल वितरित करते शिक्षक।

## छात्रों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में दवा का वितरण

अमृत विचार: महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के क्रम में छात्रों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई।

एनसीसी के मेजर राजीव ढल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह एल्बेंडाजोल की गोली इन दिनों छात्रों का खिलाने के लिए वितरित की गई है। इससे पेट में होने वाले कीड़े मर जाते हैं। जिससे पेट में दर्द, ऐंठन मरोड़ आदि की समस्या दूर होती है। कार्यक्रम में ग्रंथ सिंह, विशाल चौधरी, धर्मेंद्र, वंश, सुशील चंद्र गुप्ता, महेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, राजीव कुमार गुप्ता, हेमंत कुमार, संजय कुमार, अतुल दुबे, ओंकार सिंह, सुरेश कुमार, आदित्य कश्यप आदि मौजूद रहे।

### सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर जान जोखिम में डाल कार्य करने को मजबूर कार्यदायी संस्था के मजदूर

# बिना सुरक्षा उपकरण मजदूर बदल रहे बिजली के तार

लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पुर्नोत्थान वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) में कार्य कर रही कार्यदायी संस्था के मजदूरों को सुरक्षा मानकों के बगैर बिजली के खंभों पर चढ़कर काम करना पड़ रहा है। बिना सुरक्षा उपकरण के नंगे पैर बिजली के खंभों और पेड़ों पर चढ़कर कार्य करने वाले मजदूरों की जान पर खतरा बना है। ऐसी स्थिति तब है जब पिछले महीने स्मार्ट सिटी परियोजना में बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करते समय चार मजदूर झुलस गए थे।

शुक्रवार को कांठ रोड पर बिजली विभाग की आरडीएसएस योजना में एनसीसी कंपनी के 10 से अधिक मजदूर तार बदलने में जुटे थे। टेंडर की मानक शर्तों का पालन किए बगैर हाईटेंशन लाइन के नीचे बंच वायर डालने का कार्य मजदूर कर रहे थे। जबकि मानक के अनुसार कार्य करने के दौरान श्रमिकों को जूते, हेलमेट, दस्ताने, सुरक्षा बेल्ट मिलना था। उमरी कला के रहने वाले लाल सिंह पेड़ पर नंगे पैर चढ़ रहा था। एनसीसी कंपनी के सुपरवाइजर अमान ने बताया कि श्रमिकों के लिए हेलमेट दिए जाते हैं। जूते ,दस्ताने, सुरक्षा बेल्ट उसके पास नहीं है। हेलमेट भी स्टोर में रखे हैं। उसके अनुसार श्रमिक बिना उपकरण के ही काम करते हैं।

यह स्थिति तब है जब बिना सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग किए पिछले महीने सिविल लाइंस क्षेत्र में स्मार्ट सिटी परियोजना में रिलायंस कंपनी के चार मजदूर झुलस गए थे। जिसमें एक का अभी भी उपचार चल रहा है।



कांठ रोड पर बिना सुरक्षा उपकरणों के कार्य कर रहे कार्यदायी संस्था के मजदूर। ● अमृत विचार

> आरडीएसएस योजना के अंतर्गत एनसीसी कंपनी को कार्य के लिए टेंडर मिला है। टेंडर की शर्तों के अनुसार कंपनी कार्य नहीं कर रही है। इसके लिए उन्हें सचेत किया जाएगा।
> –आरके बंसल, मुख्य अभियंता

# बारिश के बाद साफ हुआ मौसम, धूप निकलने से राहत

### तापमान बढ़ा, न्यूनतम तापमान 5 से बढ़कर 7 डिग्री और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बारिश के बाद शुक्रवार को सुबह से ही धूप निकलने से लोगों को राहत मिली। अधिकतम और न्यूनतम तापमान बढ़ गया। लोगों ने धूप सेंक कर मौसम का आनंद लिया।

बुधवार की रात और गुरुवार को हुई बारिश से अधिकतम और न्यूनतम तापमान लुढ़क गया था। लेकिन, शुक्रवार को कड़ी धूप निकलने से ठंड और गलन से लोगों को राहत मिली। लोगों ने घर के बाहर और पार्क में बैठ कर समय बिताया। तेज धूप की वजह से तापमान बढ़ गया। न्यूनतम तापमान 5 से बढ़कर 7 डिग्री और अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ.आरके सिंह का कहना है कि अब मौसम साफ रहेगा। सुबह और शाम कहीं घना और कहीं मध्यम कोहरा छाया रहेगा।



दोपहर में खिली धूप में कुछ इस तरह से निकले लोग। ● अमृत विचार



जिला अस्पताल की ओपीडी में लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

## कुत्तों का आतंक, एक दिन में 80 लोगों को जख्मी किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिले में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। कुत्तों के काटने से जख्मी कई लोग प्रतिदिन जिला अस्पताल में एआरवी (एंटी रेबीज वैक्सीन) के इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को अस्पताल में 80 लोग इंजेक्शन लगवाने पहुंचे थे। शुक्रवार को जिला अस्पताल में कुत्ता काटने से जख्मी 80 नए पीड़ित पहुंचे थे। इन्हें आवारा कुत्तों ने अपना शिकार बनाया था। जिला अस्पताल की ओपीडी के बाहर लगी लंबी लाइन में खड़े लोगों ने बताया कि कुत्तों ने उन पर हमला कर जख्मी किया है। महानगर और ग्रामीण इलाकों से कुत्ता काटने से पीड़ित मरीज प्रतिदिन इंजेक्शन लगवाने आते हैं।

**नगर निगम का अभियान हुआ बंद** : महानगर की सड़कों पर घूमने वाले आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए नगर निगम द्वारा अभियान भी चलाया गया था। लेकिन इसके बाद भी अब तक प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है।

## बच्चों और बुजुर्गों पर भारी पड़ रही मौसम की मार

मुरादाबाद, अमृत विचार : भले ही शुक्रवार को मौसम सामान्य रहा। सुबह से ही निकली धूप ने लोगों को ठंड से राहत दी, लेकिन मौसम की मार बच्चों से लेकर बुजुर्गों पर भारी पड़ रही है। शुक्रवार को भी जिला अस्पताल में बुखार, खांसी और सर्दी के मरीजों की संख्या अधिक रही। जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार को धूप निकलने से ठंड से राहत मिली है। लेकिन, उसके बाद भी खांसी, जुकाम व बुखार मरीज आ रहे हैं। इस मौसम में बच्चों में बुखार और खांसी की बीमारी हो रही है। जिसके चलते जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ चेस्ट फिजिशियन डॉ. प्रवीण शाह ने बताया कि इन दिनों सर्दी–जुकाम वाले मरीज ज्यादा आ रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि इन दिनों सुबह के समय घर से बाहर न निकले तो नाक, कान और सिर को ढक कर निकलें।

## जीआईसी हॉकी मैदान पर टेंट लगाने की कोशिश

मुरादाबाद, अमृत विचार: जीआईसी हॉकी मैदान पर कुछ लोगों ने शुक्रवार को टेंट लगाने की कोशिश की। जिसके बाद मुरादाबाद हॉकी एसोसिएशन के सचिव इकबाल खान ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर शासनादेश की अवहेलना और नई परंपरा पर रोक लगाने की मांग की।

जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में इकबाल खान ने बताया कि वर्ष 2015-16 में राजकीय इंटर कालेज के मैदान में कुछ स्थानीय नेताओं व अन्य लोगों ने ईद मेला लगाने की कोशिश की थी। उस समय भी नई परंपरा डाले जाने का विरोध हुआ था और ईद मेला की अनुमति को शासनादेश देखने के बाद निरस्त कर दिया गया था। इस संबंध में एलआईयू रिपोर्ट भी लगी थी। शुक्रवार को फिर जीआईसी मैदान में धार्मिक कार्यक्रम व विवाह से संबंधित टेंट लगाया जा रहा है। जबकि शासनादेश के अनुसार क्रीड़ा मैदान में इस तरह के आयोजन पर प्रतिबंधित है। इकबाल खान ने जिलाधिकारी से इस पर रोक लगाने की मांग की है।

## रणजी ट्राफी में आर्यन जुयाल के शतक से खिलाड़ियों में खुशी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



आर्यन जुयाल



बदरूद्दीन सिद्दीकी

▸▸ असम के खिलाफ कप्तान आर्यन जुयाल 162 पर नाबाद, खिलाड़ियों व क्रिकेट कोच ने दी बधाई

▸▸ रणजी ट्राफी में उत्तर प्रदेश की टीम की कप्तानी कर रहा है महानगर का ये क्रिकेट खिलाड़ी

अमृत विचार: महानगर के आर्यन जुयाल रणजी के रण में अपनी प्रतिभा की चमक बिखेर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को यूपी की ओर से कप्तानी पारी खेलते हुए असम के खिलाफ नाबाद शतक जड़ा। उनके इस प्रदर्शन से खिलाड़ियों में खुशी देखने को मिल रही है। क्रिकेट कोच ने उनके प्रदर्शन की तारीफ की है।

आर्यन जुयाल रणजी ट्राफी में उत्तर प्रदेश टीम की कप्तानी कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप में शुक्रवार को असम के खिलाफ 2 विकेट पर 319 रन बनाए। टीम की ओर से आर्यन जुयाल ने 162 रन की नाबाद पारी खेली। आर्यन ने 234 गेंदों का सामना करते हुए अपनी पारी में 16 चौके और एक छक्का लगाया।

कर्ण शर्मा ने भी 108 रन की नाबाद पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 140 रन की साझेदारी कर ली है। आर्यन के इस प्रदर्शन से महानगर के खिलाड़ियों में नई ऊर्जा भर गई है। क्रिकेट कोच बदरूद्दीन सिद्दिकी ने कहा कि आर्यन के इस प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। उन्होंने यहां तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है। आज उनकी यह मेहनत रंग ला रही है। आर्यन हर प्रकार के शॉट लगाने में सक्षम हैं।

उम्मीद है कि वह जल्द ही भारतीय टीम की जर्सी में हमें खेलते दिखाई दें। वहीं डीएसए सचिव विजय गुप्ता ने कहा कि आर्यन के इस प्रदर्शन से नए खिलाड़ियों को बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

# सुबह रौनक, शाम होते ही कम हो गए यात्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लंबे समय बाद सुबह धूप खिली तो मुरादाबाद और पीतलनगरी डिपो की रौनक बढ़ गयी। दिल्ली और रामनगर रूट पर सुबह खूब भीड़ रही लेकिन, शाम के पहले यह क्रम टूट गया। धामपुर, देहरादून की कई बसें फेरा पूरा किए बिना कार्यशाला में लौट गयीं। मुरादाबाद डिपो की बसों ने 300 फेरे पूरे किए। पीतलनगरी का प्रबंधन सुबह के बाद ही उदास हो गया।

कोहरा और कड़ाके की ठंड की मार झेल रहे रोडवेज प्रबंधन की खुशी दोपहर बाद ही गायब हो गयी। स्थानीय यात्रियों के अलावा लंबी दूरी की बसों के लिए भी खूब यात्री मिले। 31 जनवरी को मुरादाबाद डिपो की बल्ले- बल्ले रही। यहां दिन भर में 18,621 यात्रियों ने बसों का सहारा लिया। गुरुवार का खराब मौसम रोडवेज प्रबंधन को उदास कर गया। 24 घंटे में कुल 888 महिलाओं ने यात्रा की जबकि, सामान्य पुरुष यात्री की संख्या 7530 रही। महीने के पहले दिन कुल 9400 लोगों ने बस की सेवा ली।

शुक्रवार को प्रबंधन यह आंकड़ा तो पार कर गया लेकिन, दोपहर बाद दिल्ली के अलावा सभी प्रमुख रूट की बसों को यात्रियों का इंतजार करना पड़ा। दिन के दो बजे के बाद बिजनौर, देहरादून रूट की बसें खड़ीं हो गयीं। स्टेशन प्रभारी सत्यवीर सिंह का कहना है कि सुबह का उत्साह दोपहर बाद फीका पड़ गया। स्थानीय रूट के यात्री नहीं निकले। उधर, पीतलनगरी डिपो पर भी शाम को यात्रियों की संख्या कम हो गयी। लखनऊ और बरेली रूट की बसों के फेरे भी पूरे नहीं हो पाये।



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

## छात्रों को दी सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी

मुरादाबाद, अमृत विचार: सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज गुलाबबाड़ी के छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गयी।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में उप निरीक्षक यातायात पुलिस जसवीर सिंह ने बताया की कोई भी छात्र 18 वर्ष की आयु पूरी करने से पहले किसी प्रकार के वाहन को न चलायें। 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद परिवहन विभाग से ड्राइविंग लाइसेंस लेकर ही वाहन चलायें। सामाजिक संगठन के कपिल रस्तोगी ने बताया की कोई भी छात्र सड़क दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति की मदद 108 एंबुलेंस बुलाकर करेगा तो उसे पुलिस परेशान नहीं करेगी। ऐसा करने वालों को जिलाधिकारी स्तर से 5000 की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार सिंह व अध्यापक उपस्थित रहे।

# माता कैकेई की वजह से राजा बने राम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बुद्धि विहार में चल रहे श्रीराम कथामृत महोत्सव में शुक्रवार को रमेश भाई ओझा ने रामचरितमानस की चौपाइयों के साथ कथा का आरंभ किया। कथा व्यास ने बताया कि यदि हम प्रभु श्रीराम की आंखों से देखें तो माता कैकेई वंदनीय हैं।

शुक्रवार को कथा के मुख्य अतिथि राजीव रस्तोगी, एडीजे द्वितीय पुनीत कुमार गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी सुनीता, जिला जज कामर्शियल कोर्ट अंगद प्रसाद रहे। कथा व्यास ने बताया कि यदि हम अपनी आंखों से देखेंगे तो माता कैकेई निंदनीय हैं और प्रभु श्री राम की आंखों से देखेंगे तो वह वंदनीय हैं। क्योंकि श्रीराम की माता कौशल्या हैं। क्योंकि वह उनकी जननी है, परंतु राजा राम की माता कैकेई हैं। क्योंकि उन्हीं की वजह से राम राजा बने। धर्म की व्याख्या करते हुए बताया की विश्व में जितने भी धर्म है, यदि हम उनको धर्म मानते है तो धर्म की व्याख्या में सभी लोग फिट नहीं बैठते हैं। हमारे यहां धर्म की बहुत विशाल परिभाषा दी गई है। केवल एक उपासना पद्धति को धर्म नहीं कह सकते। परब्रह्म परमात्मा ही इस सृष्टि को बनाने वाले हैं। चलाने वाले भी वही हैं और अंत में अपने आप में समेट लेने वाला भी ईश्वर ही हैं। कथाव्यास ने बताया कि राम कथा और भागवत कथाओं का प्रवचन में समय व्यतीत करने के लिए नहीं होता है। बल्कि इसके सहारे सनातन धर्म को जागृत करने का प्रयास किया जाता है। आरती में विनीत कुमार गुप्ता, विभोर कुमार गुप्ता, विपिन कुमार गुप्ता, महेश चंद्र अग्रवाल, प्रवीण कुमार, अंकुर अग्रवाल द्वारा सामूहिक आरती की गई। मंच का संचालन बाबा संजीव आकांक्षी व रितु नारंग ने किया। व्यवस्था में अवधेश लोहिया, कुमकुम गुप्ता, नयन तारा गुप्ता, शिखा गुप्ता, भारती गुप्ता, अनुभव लोहिया, अनमोल लोहिया, आकर्ष लोहिया, अनिल कुमार शर्मा, ज्ञानेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



बुद्धि विहार में आयोजित श्रीराम कथा में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## 12 को होगी परिवहन प्राधिकरण की बैठक

मुरादाबाद, अमृत विचार: संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में 12 फरवरी को दिन में 11:00 बजे आयुक्त कार्यालय सभागार में होगी। इसमें 7 फरवरी तक प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा।

सचिव संभागीय परिवहन प्राधिकरण राकेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि प्राधिकरण की बैठक में संभाग के अराष्ट्रीयकृत, निजी बस मार्गों पर स्थाई अनुज्ञापत्र के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार, स्थाई सवारी गाड़ी (बस) अनुज्ञापत्रों के हस्तान्तरण के लिए प्राप्त आवेदन पत्र, मृतक अनुज्ञाधारकों के अनुज्ञापत्रों (बस/सीएनजी आटो रिक्शा) के वारिसानों के नाम हस्तान्तरण के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों, सीएनजी आटो रिक्शा परमिट हस्तान्तरण के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार किया जाएगा।

आयोजन | गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कालेज में गाइडिंग प्रशिक्षण शिविर का समापन, रंगोली सजाकर दिखाई प्रतिभा

# शिविर में छात्राओं ने विपरीत परिस्थितियों में काम करना सीखा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में शुक्रवार को बीएड विभाग में गाइडिंग प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. चारू मेहरोत्रा ने कहा कि गाइडिंग के प्रशिक्षण शिविर में एक साथ कार्य करते हुए छात्राओं में सद्भावना, सहभागिता, एकाग्रता, दया, कर्तव्य निष्ठा एवं सहयोग जैसे अमूल्य गुणों का विकास होता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राएं सीमित संसाधनों से विषम परिस्थितियों में काम करना सीखती हैं। उपप्राचार्या प्रो. अंजना दास ने कहा कि गाइडिंग प्रशिक्षण से छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। बीएड विभाग प्रभारी प्रो. अंशु सरीन ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से छात्राओं को उपयोगी जानकारियां प्राप्त होती हैं। उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड के जिला संगठन आयुक्त गौरव सक्सेना एवं लीडर ऑफ कोर्स शुभम सैनी द्वारा प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। शिविर में छात्राओं ने अपनी टोली के अनुसार टेंट का निर्माण किया। विविध प्रकार की रंगोली बनाकर सजाया गया। अनुपयोगी सामग्री द्वारा बनाई गई हस्तनिर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। कक्ष सज्जा में छात्राओं द्वारा पर्यावरण, सड़क सुरक्षा, मतदान जैसे विषयों पर पोस्टर बनाकर लगाए गए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें एकल गीत, समूह गीत, एकल नृत्य, एवं समूह नृत्य की प्रस्तुति छात्राओं द्वारा की गई। इस प्रशिक्षण शिविर का संयोजन बीएड विभाग की रेंजर्स प्रभारी प्रो. एकता भाटिया ने किया। शिविर में चीफ प्रॉक्टर प्रो. कविता भटनागर, डॉ प्रेमलता कश्यप, डॉ सुनीति लता, शिवि व्यास, प्रीति मेहरोत्रा आदि मौजूद रहीं।



गाइडिंग प्रशिक्षण शिविर की प्रतिभागी छात्राएं, साथ में शिक्षक। ● अमृत विचार

### वेटलैंड की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी

मुरादाबाद, अमृत विचार : गोकुलदास गर्ल्स हिंदू कॉलेज में विज्ञान क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को पृथ्वी के लिए वेटलैंड की उपयोगिता के बारे में जागरूक करना था। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. चारु मेहरोत्रा ने कहा कि वेटलैंड वह क्षेत्र है जिसमें साल भर आंशिक या पूर्ण रूप से जल भरा रहता है। अक्सर वेटलैंड की मिट्टी झील, नदी व तालाब के किनारे का हिस्सा होता है। उप प्राचार्या प्रो. अंजना दास ने बताया कि पहले महानगर में बहुत से तालाब पाये जाते थे। लेकिन अब धीरे–धीरे सब समाप्त होते जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अनुशासिका प्रो. कविता भटनागर, प्रो. पुनीता शर्मा, प्रो. किरण त्रिपाठी, प्रो. अपर्णा जोशी, प्रो. सुदेश और लगभग 100 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## 8-9 को होंगे मंडलीय कुश्ती टीम के ट्रायल्स

मुरादाबाद, अमृत विचार: नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में 8 व 9 फरवरी को मंडल स्तरीय जूनियर बालिका कुश्ती टीम के ट्रायल्स होंगे।

जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि खेल निदेशालय लखनऊ व उत्तर प्रदेश खेल संघ की ओर से प्रदेश स्तरीय जूनियर कुश्ती बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 16 फरवरी तक लखनऊ में होगा। प्रतियोगिता के लिए मंडल स्तरीय टीम का चयन होना है। इसके लिए 8 फरवरी को जनपद और 9 फरवरी को मंडल स्तरीय ट्रायल्स होंगे। इसमें चयनित खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय टीम में प्रतिभाग करेंगे। बताया कि ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का पात्रता व जन्मतिथि प्रमाण पत्र सक्षम स्तर से निर्गत व प्रमाणित होना चाहिए।

# ओटीएस योजना खत्म, बिजली चोरों पर विभाग कराएगा रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ बकायेदारों के घर जाकर कर्मचारी करेंगे बकाया वसूली

▸▸ बड़े और पुराने बकायेदारों की जारी होगी आरसी

अमृत विचार: विद्युत विभाग की एकमुश्त समाधान योजना 16 जनवरी को समाप्त हो चुकी है। अब बकायेदारों और बिजली चोरों के खिलाफ विभाग अभियान शुरू करने जा रहा है। विभाग अब बिजली चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएगा। बकायेदारों के घर जाकर कर्मचारी बकाया की वसूली भी करेंगे।

तीन महीने ओटीएस योजना चलाने के बाद विभाग की ओर से बकायेदारों और बिजली चोरों को 15 दिन का मौका और दिया गया था। इसके बावजूद बिजली चोरों और बकायेदारों पर विभाग का करोड़ों रुपये का बकाया है। मुख्य अभियंता आरके बंसल ने बताया कि अब ओटीएस योजना के बाद विभाग की ओर से बिजली चोरों और बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई को चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। जिसमें बिजली चोरों के खिलाफ चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज करा कर विभाग का बकाया भी वसूला जाएगा। बकायेदारों से वसूली के लिए टीम बनाकर उनके घरों पर जाकर वसूली की जाएगी। इसके बाद बड़े और पुराने बकायेदारों के खिलाफ आरसी जारी की जाएगी। 5 से 10 फरवरी तक के लिए अभी कामर्शियल कनेक्शनों को चेक कर उनका भार बढ़ाने का अभियान चलाया जाएगा।

## शहर में आज

- दिल्ली रोड स्थित ब्रेड फैक्ट्री के पास श्रीराम कथामृत महोत्सव के अन्तर्गत कथा दोपहर 3 :30 बजे।
- दिल्ली पब्लिक ग्लोबल स्कूल में क्रिकेट मैच सुबह 9 :00 बजे।
- कालीमाता मंदिर लालबाग में सायंकालीन आरती 6 :00 बजे।

## एक नजर

### 250 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार, जेल भेजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मुगलपुरा पुलिस ने शुक्रवार को एनडीपीएस एक्ट के अभियुक्त सलाउद्दीन पुत्र शराफत हुसैन को गिरफ्तार है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त मुगलपुरा क्षेत्र में चामुंडा वाली गली बरबलान का रहने वाला है। यह अभी 30 वर्ष का है। उन्होंने बताया कि इसके पास से पुलिस ने 250 ग्राम चरस बरामद की थी। इसे दरोगा सतेन्द्र मलिक, हेड कांस्टेबल सचिन कुमार ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### उर्स मुबारक में उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब

**अगवानपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला सराय फारूक स्थित दरगाह हजरत काजी अमीर अली उर्फ़ फारूख शाह के उर्स मुबारक में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ा। जिसमें फातेहाख्वानी के बाद लंगर का इंतजाम भी किया गया। नासिर हुसैन नकवी ने बताया कि ये दरगाह हजरत शाह विलायत जिनकी मजार अमरोहा में स्थित है, उनके बड़े बेटे हजरत काजी अमीर अली उर्फ़ फारूख शाह की है। हर वर्ष रजब की 21 तारीख को यहां उर्स मनाया जाता है। जिसमें सभी धर्मों के लोग मन्नत मांगने आते हैं। इन्हीं के नाम पर इस मोहल्ले का नाम सराय फारूख पड़ा है।

### गैंगस्टर गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मुगलपुरा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे अभियुक्त लाला बादशाह पुत्र अहमद अली को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि इस एसएसआई वीकेश राणा व दरोगा राजीव कुमार ने दबोचा है। उन्होंने बताया कि आरोपी के मामले में वर्ष 2023 गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसमें चार लोगों को गैंगस्टर का आरोपी बनाया गया था। गिरफ्तार हुआ लाला बादशाह मुगलपुरा में वारसीनगर गली नंबर-छह का रहने वाला है।

---

23 जनवरी को आई थीं अभिनेत्री, जमानत के लिए किया था अनुरोध

# अमीषा पटेल की जमानत मंजूर हुई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार :** अभिनेत्री अमीषा पटेल (47) की अर्जी पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. अजय कुमार ने सुनवाई करते हुए जमानत मंजूरी कर दी। अमीषा पर मुरादाबाद में एक पार्टी से 11 लाख रुपये एडवांस लेकर भी डांस न करने और रुपये न लौटने का आरोप है। इस मामले में अभी 23 जनवरी को ही अमीषा पटेल मुरादाबाद आई थीं और जमानती प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर कर लौट गई थी।

अमीषा ने अपने प्रथम जमानती प्रार्थना पत्र में कहा था कि उन्हें गिरफ्तारी का भय है, इसलिए न्यायालय से जमानत देने का अनुरोध किया था। अभिनेत्री के अधिवक्ता अभिषेक कुमार शर्मा ने बताया कि जिला जज ने सुनवाई के बाद प्रथम जमानत प्रार्थना पत्र पर मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि अब इस मामले में ट्रायल चलेगा, साक्ष्य प्रस्तुतीकरण की कार्रवाई होगी। उसके बाद गवाह एवं बहस का काम शुरू होगा। फिलहाल, अभिनेत्री को जमानत मिलने से बड़ी राहत मिली है। अधिवक्ता ने बताया कि अभिनेत्री के विरुद्ध परिवादी पवन कुमार वर्मा हैं। इनका आरोप है कि अभिनेत्री ने उनके रुपये भी नहीं लौटाए हैं। इस मामले में पवन कुमार वर्मा ने अभिनेत्री के विरुद्ध न्यायालय में मुकदमा कर रखा है।

अधिवक्ता अभिषेक कुमार शर्मा ने बताया कि अभिनेत्री अमीषा पटेल 23 जनवरी को देरी से कोर्ट में पहुंची थीं। वह कोर्ट में प्रथम अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर कर उन्हें प्रमाणित कराने के बाद वह लौट गईं थीं। अधिवक्ता ने बताया कि इसी मुकदमे में अभिनेत्री के विरुद्ध पूर्व में समन जारी हुए थे।

### यह है मामला

मुरादाबाद डबल फाटक निवासी परिवादी पवन कुमार वर्मा ड्रीम विजन के नाम से इवेंट मैनेजमेंट कंपनी चलाते हैं। इनका आरोप है कि उनके ग्राहक आयुष अग्रवाल की शादी में 16 नवंबर 2017 को डांस करने के लिए उन्होंने अमीषा पटेल को 11 लाख रुपये में बुलाया था। तीन लाख रुपये उनके परिवहन व अन्य मामलों पर खर्च किए थे। इस तिथि से पहले 11 लाख रुपये उनसे विपक्षी राजकुमार ने प्राप्त कर लिए थे। पवन का कहना है कि बातचीत होने के बाद उन्होंने अमीषा के रुकने-ठहरने का भी इंतजाम कर लिया था। लेकिन, वह नहीं आई थीं और उनके रुपये भी नहीं लौटाए गए। इस मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई करते हुए 11 फरवरी 2019 को समन जारी कर तीनों आरोपियों को न्यायालय में तलब किया था।

---

# कपूर कंपनी पुल के समयबद्ध निर्माण में उलझा प्रबंधन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लाइनपार क्षेत्र की लगभग पांच लाख की आबादी की जीवन रेखा के रूप में स्थापित कपूर कंपनी क्षेत्र में दूसरे पुल का निर्माण चुनौतियों से भरा है। रेल प्रबंधन इन बातों को ध्यान में रखकर कदम बढ़ा रहा है।

कपूर कंपनी पुल कुछ माह पहले तक पूरी तरह बंद था। अब पैदल लोगों का आना जाना हो रहा है। नए पुल निर्माण के लिए आरंभ से बजट और कार्य को देखते हुए रेल प्रबंधन को निर्माण एजेंसी खोजने में छक्के छूट रहे हैं। लंबी कवायद के बाद शुक्रवार को डिजाइन कंसल्टेंट एजेंसी तय हो पाई। उधर, दो माह से रेलवे की सिविल इंजीनियरिंग विभाग की टीम पुराने पुल का मौका मुआयना कर रही है। अब प्रबंधन ने दो हिस्से में काम बांटकर तेजी के साथ पुल निर्माण कराने का अभियान शुरू कर दिया है।

जानकारों की मानें तो हाल के दिनों में इस विषय को लेकर रेलवे मुख्यालय रेल प्रबंधन से पूछताछ कर चुका है। सच तो यह है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पुराने पुल से आवागमन बंद होने के बाद से लोग परेशान हैं। लोगों की नाराजगी से जनप्रतिनिधियों की चिंता बढ़ गयी है। जनप्रतिनिधियों का दबाव रेल प्रबंधन की धड़कन बढ़ा रहा है। इसलिए प्रबंधन ने पुल का ठेका दो हिस्से में करने का निर्णय लिया है।

रेलवे के मंडल अभियंता (डीईएन) हरपाल सिंह बताते हैं कि नया पुल तीन मीटर चौड़ा होगा। यह हर तरह से उपयुक्त होगा। इसके लिए कार्य दो हिस्से में बांट दिया गया है, जिससे कार्य जल्द होगा। बिजली, सिग्नल, सड़क, सुरक्षा आदि कार्य विभाग स्तर पर होगा। निर्माण के लिए दो एजेंसी होंगी। दोनों एजेंसी रेलवे की नहीं होगी। नया पुल पुराने पुल के पास ही बनेगा। पुल पैदलगामी होगा।



यह है मौजूदा कपूर कंपनी पुल, जिसे लोहे के खंभों पर खड़ा किया गया है। ● अमृत विचार

### डिजाइन कंसल्टेंट एजेंसी पहुंची, देखी लोकेशन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कपूर कंपनी पुल का डिजाइन बनाने वाली एजेंसी के सदस्य शुक्रवार को यहां पहुंचे। पहले रेलवे स्टेशन स्थित निर्माण विभाग के कार्यालय पहुंचे और उसके बाद इंजीनियर (कार्य) बलजीत सिंह के साथ पुराने की पुल की हालत देखी। इसके बाद प्रस्तावित स्थान पर पहुंचकर नक्शा देखा। रेलवे के आरओएच (रेल ओवर हालिंग) कार्यशाला से लेकर बसौड़ा मंदिर क्षेत्र की स्थिति देखी। रेल प्रबंधन ने इस क्षेत्र में नए पुल बनाने की योजना बनाई है। उधर, टीम के आने के बाद लाइनपार क्षेत्र के पुराने पुल के नजदीक वाले दुकानदारों में खलबली मच गयी। टीम ने पुल की डिजाइन को लेकर डीईएन हरपाल सिंह को रिपोर्ट दी। डीईएन ने बताया कि निजी क्षेत्र की एजेंसी को इस कार्य का ठेका मिला है। टेंडर पास होने के बाद उसी टीम के सदस्य प्रस्तावित पुल की डिजाइन समझी। अब बाकी कार्य का टेंडर 16 फरवरी को खुलेगा।

---

# बाबा के तमंचे से अन्नू पर दाग दी गोली

## शादी की चौथी सालगिरह से एक दिन पहले हुई थी हत्या, आरोपी रॉकी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था आरोपी
- पुलिस ने गांव इमलाक से रॉकी को गिरफ्तार किया

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम 30 वर्षीय अन्नू की गोली मारकर हत्या करने का आरोपी रॉकी गिरफ्तार हो गया है। उसके पास से तमंचा व एक खोखा कारतूस भी बरामद हुआ है। यह तमंचा अभियुक्त ने अपने बाबा का होना बताया है। लेकिन उसके बाबा की काफी समय पहले मृत्यु हो चुकी है।

एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया, रॉकी ने पूछताछ में बताया है कि 29 जनवरी की रात को मृतक अन्नू और उसके भाई अंकुश का आपस में झगड़ा हो रहा था। रॉकी दोनों भाइयों के झगड़े में बीच-बचाव के उद्देश्य से पहुंचा था। लेकिन, अन्नू ने अपने भाइयों का मामला कहकर उसे डांट कर घर से भगा दिया था। बुधवार सुबह फिर दोनों भाइयों में कहासुनी हुई थी, तब अन्नू ने रॉकी के घर जाकर गालियां दी थी। जब रॉकी को इस बात का पता चला तो वह अन्नू को खोजने लगा था। कुछ देर बाद उसने देखा कि अन्नू खेत से आ रहा है। तभी रॉकी ने उससे नाराजगी जताई। आपस में बहस के दौरान रॉकी ने अन्नू पर तमंचे से दो फायर कर दिए थे। जिससे अन्नू जमीन पर गिरकर तड़पने लगा था। मौके पर अन्नू के भाई अंकुश को आता देख रॉकी वहां से भाग गया था।

अभियुक्त ने पुलिस को बताया है कि घटना में जिस तमंचे से उसने फायर किया था, उसे देवापुर के आगे झोपड़ी के पास ईंटों में छुपा दिया था। उसने यह भी कहा कि तमंचे से गोली उसी ने चलाई, लेकिन उसे यह नहीं पता कि अन्नू को कितनी गोली लगी है। दूसरी तरफ कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि रॉकी पुत्र शमशेर पीतलबस्ती पुलिस चौकी क्षेत्र में कल्याणपुर का रहने वाला है। इसे पुलिस ने गांव इमलाक से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तमंचा बरामद होने पर इसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।




पुलिस लाइन सभागार में अन्नू हत्याकांड का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया। ● अमृत विचार

### पहले भी दर्ज हो चुके थे दो मामले

थानाध्यक्ष कटघर ने बताया कि अन्नू की हत्या करने वाले अभियुक्त रॉकी के विरुद्ध कटघर थाने में ही पूर्व में भी दो मामले दर्ज हैं। एक प्रकरण वर्ष 2020 में अवैध शस्त्र के मामले में दर्ज हुआ था जबकि, दूसरा मामला वर्ष 2022 में मारपीट के आरोप में दर्ज किया गया था।

### 31 जनवरी को थी अन्नू की शादी की सालगिरह

मृतक की पत्नी रचना ने बताया था कि उसका विवाह वर्ष 2020 में हुआ था। उसकी 31 जनवरी को शादी की सालगिरह थी लेकिन, उससे एक दिन पहले ही उसके पति को पड़ोसी के बेटे रॉकी ने गोली दाग कर मार डाला। रचना की गोद में दो साल की बेटी मानसी है।

---

## ज्ञानवापी: जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट रही पुलिस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ज्ञानवापी के तलगृह में गुरुवार से पूजा-पाठ शुरू होने के बाद पूरे प्रदेश में अलर्ट जारी किया गया था। शुक्रवार को जिले की मस्जिदों में जुमे की नमाज को लेकर पुलिस सतर्क रही।

कटघर थाना क्षेत्र में नमाज के दौरान पुलिस जामा मस्जिद के गेट और उसके आसपास गश्त करती रही। इस तरह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से मस्जिदों में जुमे की नमाज संपन्न हुई। पुलिस और पीएसी के जवान पैदल मार्च करते रहे। क्षेत्र में अधिक सतर्कता बरती गई। इसके साथ ही आरएएफ की एक अतिरिक्त कंपनी को तैनात किया गया था।

एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि जुमे की नमाज को लेकर पुलिस ने काफी सतर्कता बरती और समाज में अमन-चैन कायम रखने में नमाजियों का भी अच्छा सहयोग मिला है। एसपी सिटी ने बताया कि इस दौरान इंटरनेट मीडिया में प्रसारित होने वाले संदेशों की भी निगरानी की जाती रही है।

---

# जेसीबी चालक नईम गिरफ्तार अब जमशेद की हो रही तलाश

छजलैट प्रकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** छजलैट गोकशी प्रकरण में विश्व हिंदू परिषद के (धर्म प्रसार विभाग) जिला प्रमुख मोनू विश्नोई उर्फ सुमित समेत चार लोगों के जेल भेजे जाने के बाद फरार दो अभियुक्त में नईम पुत्र छोटे को शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। नईम जेसीबी चालक है। अब पुलिस शेष बचे एक और अभियुक्त जमशेद की तलाश में लगी है। जमशेद का भाई शाहबुद्दीन शुरूआत में ही मोनू विश्नोई के साथ ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

इस दौरान पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि 28 जनवरी को शाहबुद्दीन और इसके भाई जमशेद ने जिस गाय को काटा था, वह गर्भवती थी। यह गाय चेतरामपुर की विमला देवी पत्नी सुरेश की थी, इसी गांव के दोनों भाई शाहबुददीन व जमशेद उसी रात में चोरी कर उसे गांव के जंगल में जाकर काट दिया था। जबकि, इससे पहले 16 जनवरी को नईम गोवंशीय पशु को काटकर उसका सिर व खाल समदपुर चौराहा के पास कांवड़ पथ पर डाल आया था। समाज में आपसी भाईचारे को बिगाड़ने एवं थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने के मकसद से गोकशी के लिए विश्व हिंदू परिषद के तहसील कांठ के प्रखंड अध्यक्ष राजीव चौधरी ने नईम को 2,000 रुपये दिए थे।

वरिष्ठ उप निरीक्षक जितेंद्र वर्मा ने बताया कि उन्होंने नईम को सराय खजूर चौराहे से गिरफ्तार किया है। यह सीकरी गांव का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि पुलिस को पता चला है कि नईम जेसीबी से बालू-मिट्टी के खनन का काम करता है। दूसरी तरफ, छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा ने बताया कि इस पूरे मामले की विवेचना एसएसआई जितेंद्र वर्मा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गोकशी प्रकरण में जांच के बाद प्रकाश में आए कुल छह अभियुक्तों में अब गिरफ्तारी के लिए केवल शाहबुद्दीन का भाई जमशेद शेष बचा है। इसकी गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस टीमें संदिग्ध स्थलों पर दबिश दे रही हैं।

### यह भेजे जा चुके हैं जेल

मोनू विश्नोई उर्फ सुमित, राजीव चौधरी, रमन चौधरी, शाहबुद्दीन, नईम।

---



बुधबाजार में काफी समय से स्मार्ट सिटी का कार्य चल रहा है। जिसके चलते वहां अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जा रहा है। यह कार्य बहुत ही सुस्ती से चल रहा है। जिसके चलते वहां के दुकानदार और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ● अमृत विचार

## अवैध शस्त्र मामले में दो अभियुक्तों को सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आयुध अधिनियम के मामले में अभियुक्त भूरा और सफिया को शुक्रवार को न्यायालय ने जेल में बिताई गई अवधि (22 दिन) और एक-एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता शैलेश शेखर ने बताया कि अभियुक्त भूरा पुत्र रमजानी और सफिया पुत्र नबिया मूंढापांडे थाना क्षेत्र के बरवाला गांव के रहने वाले हैं। इनके विरुद्ध मूंढापांडे के तत्कालीन थानाध्यक्ष योगेश दीक्षित ने 23 मार्च 2000 में आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया था। इन दोनों को थानाध्यक्ष ने गांव गणेशघाट में गिरफ्तार किया था। इन अभियुक्तों में भूरा के पास से उन्होंने तमंचा-कारतूस व साफिया के पास से चाकू बरामद किया था।

---

# खदाना में अवैध निर्माण ध्वस्त किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने शुक्रवार को अवैध तरीके से भू-विभाजन कर कराए जा अवैध निर्माण पर ग्राम खदाना में कार्रवाई की। टीम ने बनाई गई चहारदीवारी व अन्य निर्माण जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। मामले में ध्वस्तीकरण आदेश पारित था।

प्राधिकरण के सहायक अभियंता केके शुक्ला के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने ग्राम खदाना में रोहित आदि द्वारा लगभग 10 बीघा भूमि में अवैध तरीके से भू-विभाजन कर कराए जा रहे निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कराया। इसके विरुद्ध उत्तर प्रदेश नगर नियोजन अधिनियम के अंतर्गत वाद में ध्वस्तीकरण आदेश पारित था, जिसका अनुपालन टीम ने कराया। इसी क्रम में टीम ने खदाना में ही विक्की आदि द्वारा लगभग 8 बीघा क्षेत्रफल में कराए गए अवैध निर्माण को भी आदेश के पालन में ध्वस्त कराया। कार्रवाई के दौरान अवर अभियंता मनोज कुमार सिंह और प्रवर्तन टीम के सदस्यों के साथ मझोला थाने के पुलिसकर्मी मौजूद रहे। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने जनमानस से अपील करते हुए कहा कि बिना प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए कोई निर्माण कार्य न करें। ऐसा मिलने पर प्राधिकरण इसे कार्रवाई करते हुए कभी भी ध्वस्त कर सकता है। अनियोजित रूप से भू-विभाजन कर बनाए जा रहे भूखंड अवैध हैं। ऐसे भूखंडों पर कोई भी निर्माण अवैध माना जाएगा।



अवैध निर्माण ध्वस्त करती प्राधिकरण की जेसीबी, साथ में प्रवर्तन दल के सदस्य।

---

## नौकरी लगवाने के नाम पर ठग लिए 15,000

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने विकास भवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों में अच्छी पकड़ होने की बात कहकर संविदा पर नौकरी लगवाने के नाम पर 15,000 रुपये ठग लिए हैं।

हर्षवर्धन रायजादा बिल्डिंग ग्लोबल फिटनेस जिम के पास सागर सराय के रहने वाले हैं। उन्होंने पुलिस को बताया है कि रामपुर निवासी आरोपी राजेश कुमार उर्फ राजेश ठाकुर विकास भवन में अपने को क्लर्क बताता है। उसने कॉल करके हर्षवर्धन को कस्तूरबा गांधी विद्यालय फैजगंज में संविदा पर भर्ती कराने का भरोसा दिया। इसके बाद हर्षवर्धन से उसकी बहन नंदनी की नौकरी लगवाने के लिए 15 हजार रुपये ऑनलाइन ले लिए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उषा मलिक ने बताया कि तहरीर के पर आरोपी राजेश कुमार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

बदलेगा स्वरूप — धनराशि स्वीकृत हुई, अभियान के तहत बदलेगी रेल सेवा की सूरत

# मुरादाबाद-चंदौसी रेल लाइन का होगा दोहरीकरण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मंडल के 13 रेलवे फाटक भी बंद होंगे और बनेंगे अंडरपास

**अमृत विचार:** रेलवे की पिंक बुक में मंडल की लंबित परियोजनाओं को हरी झंडी मिल गई है। मुरादाबाद से चंदौसी के बीच डबल रेल लाइन बिछेगी। इस सेक्शन के दोहरीकरण के लिए धनराशि स्वीकृत हो गई है। अब वित्तीय प्रबंधन के बाद रेल सेवाओं का विस्तार होगा। मंडल की लंबित प्रमुख परियोजनाओं को रेल पंजिका में शामिल किया है।

ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल खंड के विस्तार और देवबंद-रुड़की रेल लाइन के लिए बाकी धनराशि जारी कर दी गई है। बरेली- चंदौसी-अलीगढ़ रूट 167 किलोमीटर का है। मुरादाबाद- चंदौसी सेक्शन की लंबाई 44 किलोमीटर है। चालू वित्तीय वर्ष में दोनों रेल पथों का दोहरीकरण किया जाएगा। पहले से गाड़ियों की अधिकता पर प्रबंधन मुरादाबाद-चंदौसी का सहारा लेता है। अक्सर यह लाइन भी मालगाड़ियों के संचालन की वजह से जाम रहती है। अब यह समस्या भी दूर हो जाएगी। मंडल मुख्यालय से चंदौसी तक दो रेल लाइनें होंगी।

उधर, मंडी धनौरा-बिजनौर और हल्दौर स्टेशन के बीच लूप लाइनों का निर्माण होगा। जबकि हरिद्वार से देहरादून के बीच वाले स्टेशनों पर 18 कोच वाली गाड़ियों के ठहराव का प्रबंध होगा। इस क्षेत्र में कई स्टेशनों के प्लेटफार्म की लंबाई कम है। मुरादाबाद से अप दिशा यानी दिल्ली ओर के विभिन्न स्टेशनों पर पांच लूप लाइनों का निर्माण होगा। जिस वजह से मालगाड़ियों के ठहराव में आसानी होगी और क्षेत्र में रेल गाड़ियों के जाम की समस्या दूर होगी। बजट में दिल्ली से लखनऊ के बीच विभिन्न स्टेशनों पर 17 लूप लाइनों के निर्माण का संकल्प व्यक्त किया गया है।

मुरादाबाद से लखनऊ के बीच आठ समपार फाटक की इंटरलॉकिंग होगी। पिलखुआ-डासना स्टेशन पर नई रेलवे क्रॉसिंग के संसाधन विकसित होंगे। मंडल में अभी भी 183 समपार फाटक हैं जिसमें, 13 गेट को बंद किया जाएगा। मुरादाबाद-गाजियाबाद और सहारनपुर क्षेत्र में आठ कम ऊंचाई वाले पुल का निर्माण होगा। लक्सर के समपार फाटक संख्या-504-ए की जगह भूमिगत रास्ता बनाया जाएगा। लक्सर और सहारनपुर रेल खंड में फाटक संख्या 512 पर चार स्तर का ऊपरगामी सेतु बनाया जाएगा।

मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह का कहना है कि पिंक बुक की परियोजनाओं का अध्ययन किया जा रहा है। बजट में सभी परियोजनाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। ऐसे में अभियान चलाकर रेल के सुदृढ़ीकरण, तकनीकी संसाधनों के विस्तार और विभागीय परियोजनाओं को पूरा किया जाएगा। यात्री सुविधा के विस्तार और विभाग की परिसंपत्तियों का अनुरक्षण भी किया जाएगा।

---

## पैतृक संपत्ति में नाम दर्ज कराने को 4.5 लाख ठगे

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुगलपुरा थाना क्षेत्र के पीरगैब निवासी अनवर उर्फ बाबू ने कटघर के पीतलनगरी निवासी सफदर अली के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी देने का मामला दर्ज कराया है।

अनवर ने पुलिस को बताया कि भोजपुर के गांव बैलखेड़ा चक बेगमपुर चूहा नगला में उनकी पैतृक संपत्ति है। उन्हें संपत्ति में अपना नाम दर्ज कराना था। इसके लिए कोतवाली के नीम की प्याऊ निवासी व्यक्ति ने अनवर की मुलाकात कटघर के पीतलनगरी निवासी सफदर अली से कराई। सफदर ने खुद को वकील बताया। उसने संपत्ति का रिकार्ड निकलवाने के नाम पर 4 लाख 50 हजार रुपये ले लिए। मगर काम नहीं हुआ। मुगलपुरा थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि एसएसपी के आदेश से आरोपी सफदर अली के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

---

# प्रापर्टी डीलरों ने भूखंड के नाम पर दंपती से ठग लिए 7.50 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

जालसाजी

- भूखंड की कीमत लेने के बाद भी लिए अतिरिक्त रुपये
- मैनाठेर के बृजलाल की जमीन का किया था बैनामा

**अमृत विचार :** भूखंड की खरीद में प्रापर्टी डीलरों से ठगी का शिकार हुए दंपती ने शुक्रवार को मझोला थाने में दो आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। एसएसपी के निर्देश पर दर्ज हुए मामले में आरोपी प्रापर्टी डीलर अतीक अहमद व मुनाजिर नामजद हुए हैं, जबकि अन्य कई लोग अज्ञात में आरोपी बनाए गए हैं। नामजद अभियुक्तों में अतीक अहमद मझोला में पीर का बाजार बीनस इंडिया फैक्ट्री वाली गली का और मुनाजिर लालपुर बस्तौर का रहने वाला है।

पीड़ित दंपती सुशीला व उनके पति गजराम सिंह कटघर थाना क्षेत्र में रेलवे लाइन के पास आंबेडकर नगर के रहने वाले हैं। इन्होंने दो दिन पहले ही एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि आरोपियों ने गागन वाली गली मैनाठेर के बृजलाल पुत्र छुट्टन सिंह से उनके हक में भूखंड का बैनामा 21 मई 2019 को कराया था। इसके बदले आरोपी अतीक व उसके अन्य साथियों ने उससे 7.50 लाख रुपये लिए थे। महिला का कहना है कि कुछ समय बाद जब उसने मौके पर निर्माण कार्य शुरू कराया तो इन्हीं आरोपियों ने विरोध कर कहा कि यहां तुम्हारा कोई भूखंड नहीं है। फिर महिला से उन लोगों ने अतिरिक्त रुपये लिए तब उसे नींव भरने दी। पीड़िता का कहना है कि नींव भरने के करीब दो महीने बाद जब वह अपने पति के साथ मौके पर गई तो देखा भूखंड की बाउंड्री तोड़कर आरोपी मुनाजिर ने उसे अपने प्लाट में मिला लिया है। जब उसने आरोपी अतीक से बात की तो उसने जान से मारने की धमकी दी। जिस पर दंपती को ठगी होने का अहसास हुआ। दंपती ने मामले की जानकारी एसएसपी को दी। जिस पर मझोला थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि प्रकरण उनकी जानकारी में आया है। मामले की जांच कर कार्रवाई कर रहे हैं।

## एक नजर

### दो पैनकार्ड मामले में नहीं हो सकी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर रहने के कारण सपा के पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पैन कार्ड मामले में शुक्रवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में छह फरवरी को सुनवाई होगी। अब्दुल्ला आजम खां के खिलाफ दो पैन कार्ड होने के आरोप में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें सपा नेता आजम खां भी आरोपी हैं। बुधवार को इस मामले में कोर्ट में सुनवाई होना थी, लेकिन पीठासीन अधिकारी के अवकाश पर रहने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। वादी के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि दो पैन कार्ड में आज सुनवाई नहीं हो सकी।

### टीम ने पकड़ी बिजली चोरी

**रामपुर, अमृत विचार :** विजिलेंस टीम ने शुक्रवार को 10 घरों से चोरी पकड़ी है। टीम ने संयुक्त रूप से चेकिंग की। चेकिंग होने से उपभोक्ताओं में खलबली मची रही। एसडीओ विनस कुमार, जेई राम सिंह ने सैजनी नानकार क्षेत्र में अभियान चलाया।



पाठ्य सामग्री मिलने पर खुशी जताते बच्चे, साथ में संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## बच्चों को बांटी पठन पाठन की सामग्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** परिवर्तन दी चेंज संस्था ने शुक्रवार को सोनकपुर ओवरब्रिज के पास कांशीराम आवास योजना में चल रही निशुल्क पाठशाला में बच्चों को पठन पाठन की सामग्री का वितरण किया।

संस्था अब तक 36 पाठशाला पूर्ण कर चुकी है। वर्तमान में 5 पाठशाला सुचारु रूप से चल रही हैं। इन पाठशाला में पढ़ने वाले सभी बच्चे निम्न वर्ग से या मलिन बस्तियों से ताल्लुक रखते हैं। संस्था ने 37वीं पाठशाला में पढ़ने वाले 50 बच्चों में से स्कूल न जाने वाले 16 बच्चों को पठन पाठन की सामग्री का वितरण किया। पाठशाला पूर्ण होने के बाद संस्था इन बच्चों को पास ही के सरकारी स्कूल में दाखिला दिलाएगी। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष कपिल कुमार सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गय्यूर अंसारी का निधन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गय्यूर अंसारी का (70) निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से मधुमेह सहित कई अन्य बीमारियों से ग्रसित थे।

लगभग तीन दशकों से कांग्रेस में पदाधिकारी रहे गय्यूर अंसारी महानगर इकाई के बाद अब जिला कमेटी में उपाध्यक्ष थे। पार्टी के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता सुधीर पाठक ने बताया कि चौमुखापुल नई बस्ती निवासी गय्यूर अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र व दो पुत्रियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

बताया कि शनिवार को दोपहर 2 बजे कचहरी स्थित कब्रिस्तान में उनको दफन किया जाएगा। उनके निधन पर जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, पीसीसी अनूप दुबे, शकील चौधरी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अफजल साबरी, मोहतशीम मुख्तार, राजेन्द्र वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, असद मौलाई, आनंद मोहन गुप्ता आदि नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### हर ब्लाक के लिए खरीदी जाएगी काउ कैचर मशीन, गोशाला की निगरानी करेंगे प्रधान

# 15 से अभियान चलाकर पकड़े जाएंगे छुट्टा गोवंश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



भटावली स्थित गोशाला में मौजूद गोवंश। ● अमृत विचार

- गोवंश के संरक्षण और संवर्धन को बनी हैं 16 गोशालाएं
- प्रत्येक गोशाला से संबद्ध की गई हैं 10-10 ग्राम पंचायतें

**अमृत विचार:** छुट्टा गोवंश को पकड़ने के लिए अब जिले में 15 फरवरी से छुट्टा गोवंश को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा। पकड़े गए गोवंश को जिले में बनीं 16 गोशालाओं में रखा जाएगा। इन गोशालाओं को आसपास की 10 ग्राम पंचायत से जोड़ा गया है। गोशाला की निगरानी इन दस ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान करेंगे। काउ कैचर अभियान के लिए हर ब्लॉक को एक काउ कैचर मशीन दी जाएगी।

छुट्टा गोवंश को पकड़ने के लिए गांव सचिव से लेकर पंचायत सहायक की ड्यूटी लगाई जाएगी। सरकार की प्राथमिकता में शामिल गोवंश संरक्षण और संवर्धन को जिले में आगे बढ़ाया जा रहा है। जिले में 16 अस्थायी गोशालाएं बनाई गई हैं। हर गोशाला 39 लाख की लागत से बनी है। जिसमें बीमार गोवंश पशुओं के लिए अलग शेड बनाया गया है। जिससे उनका आसानी से उपचार किया जा सके। ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र ने बताया की सभी विकासखंड में गोशालाएं तैयार हो चुकी हैं।

अब जिले में छुट्टा गोवंश को पकड़ने के लिए 15 फरवरी से काऊ कैचर अभियान चलेगा। हर ब्लॉक में बनी दो गोशाला के लिए ब्लॉक में 70 हजार रुपये से काऊ कैचर मशीन खरीद कर दी जाएगी। जिससे गोवंश को आसानी से बिना चोट लगे पकड़ा जा सके। छुट्टा गोवंश को पकड़ने के लिए गांव के सफाई कर्मचारी, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, लेखपाल, सचिव की जिम्मेदारी तय की गई है। लेखपाल और सचिव अभियान चलाकर क्षेत्र में घूमने वाले छुट्टा गोवंश को पकड़ कर गोशाला में पहुंचाएंगे। ब्लॉक से काऊ कैचर मशीन पंचायत सहायक और सफाईकर्मी लेकर जाएंगे। उन्हीं ग्राम पंचायतों में श्रेणी 5 और 6 की भूमि भी गोशाला से जोड़ी गई है। यहां का हरा चारा गोशाला के गोवंश के लिए दिया जाएगा।



रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट की मरम्मत करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

## रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट में दौड़ा करंट, खलबली

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को लिफ्ट ने झटका मार दिया। प्लेटफार्म संख्या पांच के लिफ्ट में करंट की सूचना के बाद विभाग में खलबली मच गयी।

दोपहर एक बजे के बाद बिजली विभाग की टीम पहुंची और दिल्ली दिशा की लिफ्ट की जांच शुरू की। स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार ने बताया कि लिफ्ट नहीं चलने की जानकारी मिली थी। इसके बाद टीम ने जांच कर उसका संचालन बहाल कर दिया। उधर, बिजली विभाग के कर्मचारी ने लिफ्ट के करंट मारने की बात की पुष्टि तो नहीं की, इस बात की जानकारी दी कि मशीन में पावर अधिक आ रही थी। उसे ठीक कर सेवा बहाल कर दी गयी है।

# पॉश कालोनी की सड़कों की हालत बदहाल

### आशियाना से लेकर दीनदयाल नगर की सड़कों पर कीचड़, परेशान हो रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



आशियाना से रामगंगा विहार को जाने वाली सड़क का ऐसा हो चुका है हाल। ● अमृत विचार

- सड़कों पर गहरे गड्ढे और कीचड़ से कालोनियों का बुरा हाल
- क्षेत्रीय लोगों की आंदोलन की चेतावनी का भी नहीं दिखा असर

**अमृत विचार:** शहर की पॉश कालोनियों में शामिल रामगंगा विहार समेत अन्य कालोनियों की हालत मौजूदा समय में बदहाल है। सड़कों पर गहरे गड्ढे और कीचड़ से कालोनी में आने जाने वाले लोग परेशान है। कई महीने बीत जाने के बाद भी सड़कों की हालत में सुधार नहीं हुआ है।

हरिद्वार हाईवे पर रामगंगा नदी किनारे बसी आशियाना कालोनी, रामगंगा विहार, दीनदयाल नगर व अवंतिका कालोनी पॉश इलाकों में शामिल है। लेकिन इन सभी कालोनियों की हालत बदतर है। काफी समय से इन कालोनियों की सड़कें बदहाल है। खस्ताहाल सड़क से यहां रहने वाले लोग और व्यापारी परेशान है। कई बार यहां के निवासी सड़कों को ठीक नहीं कराने पर आंदोलन की चेतावनी भी दे चुके हैं। उसके बाद भी सुनवाई नहीं होती है।

दीनदयाल नगर के रहने वाले प्रदीप सक्सेना ने बताया कि इस क्षेत्र में काफी लंबे समय से सीवर का कार्य चल रहा है। जिससे क्षेत्र के लोग तो परेशान हैं। सीवर लाइन कार्य के चलते सड़के तो खराब हो गई हैं जबकि पेड़ों को भी काट दिया गया है। उन्होंने बताया कि कई बार वह इस बारे में नगर निगम और जिलाधिकारी से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है। लोगों का कहना है कि सड़कों पर सीवर का कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन इसके बाद भी खोदकर छोड़ी सड़कें नहीं बनाई गई हैं। गुरुवार को हुई बारिश से सभी जगह कीचड़ ही हो गई जिसमें फिसलकर कई लोग घायल हुए हैं।

## दो पक्षों में मारपीट के दौरान ग्रामीण को मारी गोली

**रामपुर, अमृत विचार :** पटवाई क्षेत्र में शुक्रवार को रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट के दौरान ग्रामीण को गोली मार दी गई। जिससे वह गंभीर रूस से घायल हो गया। मारपीट में भी महिला सहित तीन लोग जख्मी हुए हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गांव मथुरापुर कलां निवासी पवन कुमार ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह नौ बजे वह अपने परिवार के साथ घर में था। तभी गांव का ही सोनू अपने साथियों के साथ घर में घुस आया। आरोपियों ने पवन के परिजनों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। उन्होंने विरोध किया तो आरोपी सोनू ने तमंचे से गोली चला दी। गोली लगने से पवन के ताऊ रमेश घायल हो गए। गोली उसके सीने में लगी। जबकि मारपीट में रैश, जयलाल और आरती घायल हो गई। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। चारों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना के बाद पुलिस भी आ गई थी। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सोनू, बब्लू, राजेंद्र और मुकेश के खिलाफ जानलेवा हमला सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# गोल्ड के लालच में कारोबारी ने गंवा दिए 10.13 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़ित ने कहा, आरोपी उलटे उन पर लगा रहा है बकाया 30 लाख रुपये न देने का आरोप
- 20 लाख रुपये की कीमत का गोल्ड बैंक में 10 लाख में गिरवी रखने की कही थी बात

**अमृत विचार :** पीतल कारोबारी ने गोल्ड के लालच में आकर अपनी कमाई के 10.13 लाख रुपये गवां दिए हैं। पीड़ित मोहम्मद अथर ने शुक्रवार को इस मामले में आरोपी के विरुद्ध सिविल लाइंस थाने में नामजद एफआईआर भी दर्ज करा दी है। इसमें हुजैफ अहमद पुत्र शकील अहमद नामजद हुआ है। यह थाना नागफनी क्षेत्र के तखत वाली मस्जिद कांठ की पुलिया के पास का रहने वाला है।

पीड़ित ने बताया कि हुजैफ अहमद के पिता शकील अहमद की करीब आठ-नौ महीने पहले मृत्यु हो चुकी है। शकील का उनसे काफी अच्छा दोस्ताना था। इसी का फायदा उठाकर हुजैफ अहमद ने उनसे मदद की गुहार लगाई थी। मोहम्मद अथर के मुताबिक, आरोपी हुजैफ ने उसने कहा था कि उसका एचडीएफसी बैंक शाखा सिविल लाइंस में 20 लाख रुपये की कीमत का गोल्ड रखा है। यह गोल्ड 10 लाख रुपये में बैंक से गिरवी है। इसकी बैंक नीलामी करने जा रहा है। उसने अथर से कहा कि यह गोल्ड आप ले लो। जिस पर अथर ने उसके बैंक खाते में कुल 10 लाख 13 हजार रुपये दो बार में ट्रांसफर कर दिए थे। पीड़ित का आरोप है कि रुपये ट्रांसफर होने के बाद आरोपी हुजैफ एचडीएफसी बैंक शाखा में नहीं आया और न ही फोन उठाया। ठगी का अहसास होने पर अथर ने आरोपी से बात की तो वह उलटे उन पर 30 लाख रुपये अपने बकाया होने की बात कहने लगा है। इस मामले में आरोपी ने अथर के विरुद्ध थाना नागफनी में विभिन्न स्तर से शिकायत कर रखी है। फिलहाल, अब इस मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आरोपी हुजैफ अहमद के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज की है और अब इस मामले की जांच कर कार्रवाई कर रहे हैं।

# 33.15 लाख रुपये की बकाएदारी धमकी के आरोप में एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- चेक बाउंस होने का मुकदमा वापस लेने का आरोपी व्यापारी बना रहा दबाव

**अमृत विचार :** कारोबार में बकायेदारी अदा न करने और दिया गया चेक बाउंस होने के साथ पीड़ित पक्ष को परिवार सहित जान से मार डालने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी व्यापारी जुबैर अहमद के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी जुबैर अहमद पुत्र वजीर अहमद कोतवाली क्षेत्र में लाजपतनगर का रहने वाला है।

पीड़ित पक्ष के अमन गुप्ता दीनदयाल नगर फेज-2 के साईं मंदिर के पीछे के रहने वाले हैं। इन्होंने पुलिस को बताया है कि उनकी फर्म अमन ट्रेडर्स के नाम से है। फर्म के जरिए वह जुबैर अहमद की फर्म मैसर्स काउन क्राफ्ट को स्टील सर्कल व शीट आदि माल देते थे। जुबैर उनसे क्रेडिट पर माल लेते थे। अमन का कहना है कि जुबैर ने उपलब्ध कराए गए माल की कुल कीमत में बकाया 33,15,355 रुपये का भुगतान नहीं किया है। इस प्रकरण में कार्रवाई के लिए उन्होंने पूर्व में भी पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर जुबैर ने उन्हें 19 अक्टूबर 2022 को तीन लाख रुपये का चेक दिया, जो बाउंस हो गया। अमन ने इस संबंध में भी सिविल न्यायालय में वाद दायर कर रखा है, जो विचाराधीन है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को बताया है कि न्यायालय की तरफ से नोटिस जारी होने के बाद आरोपी 18 सितंबर 2023 को उनके फर्म कार्यालय में आया था और धमकी देकर कहा था कि वह बकाया रुपये नहीं देगा, चेक बाउंस का मुकदमा वापस ले लो अन्यथा तुम्हारा और तुम्हारे परिवार का वह कत्ल कर देगा। अमन ने बताया कि एक सप्ताह पहले जुबैर उन्हें कपूर पुल के पास मिला था, जहां उसने मुकदमा वापस नहीं लेने पर परिवार समेत उसे भी जान से मार डालने की धमकी दी थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में वह 30 जनवरी को डीआईजी से मिले थे और मामले की जानकारी दी थी। जिस पर शुक्रवार को सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि प्रकरण में उच्चाधिकारियों के आदेश पर आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच कर कार्रवाई करेंगे।




रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर एक पर कैंटीन के बाहर खड़े कर्मचारी। ● अमृत विचार

## स्टेशन पर रेलवे की कैंटीन सेवा शुरू

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर कैंटीन सेवा शुरू हो गई। आईआरसीटीसी ने इसका ठेका दून कैटर्स को दिया है। शुक्रवार को प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह और वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ समुंगा वेडियल एस ने संयुक्त रूप से कैंटीन का उद्घाटन किया।

आरंभ में एजेंसी के मैनेजर नीतीश कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। कंपनी के सूर्यवीर सिंह ने सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी। रेस्टोरेंट में 50 लोगों को एक साथ सेवा मिलेगी। ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर की सुविधा यात्री ले सकेंगे। नाश्ता में कटलेट, आमलेट, पोहा और बर्गर मिलेगा जबकि, लंच और डिनर में कढ़ी-चावल, राजमा-चावल, दाल, सब्जी, दही, सलाद आदि मिलेगा। रेस्टोरेंट से नॉनवेज थाली भी लोग ले सकेंगे। कैंटीन मैनेजर नीतीश कुमार ने बताया कि आईआरसीटीसी द्वारा निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है।

# एसएसपी ने किया परेड का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। परेड का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक अमरिंदर सिंह ने किया। परेड की सलामी के पश्चात अधिकारियों एवं कर्मचारियों का टर्न आउट देखा। फिर एसएसपी ने पुलिसकर्मियों का फिटनेस परीक्षण किया।

एसएसपी ने पीआरवी वाहनों, थाना मोबाइल, जीप, लैपर्ड आदि के वाहन में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों को भी जांचा-परखा। इसके बाद क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया। इस कार्यक्रम के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का भ्रमण करते हुए मेस, जिम्नेजियम, बैरक आदि की साफ-सफाई को देखा। इस दौरान सीओ कोतवाली अपेक्षा निबंडिया भी थीं। आदेश कक्ष में विभिन्न गार्द कमांडरों के अभिलेखों का अवलोकन किया और निर्माणाधीन भवनों व चल रहे कार्यों व कार्यालयों का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड के बाद निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण करते एसएसपी हेमराज मीना, साथ में अन्य पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

प्रतिसार निरीक्षक रकम सिंह ने बताया कि पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं पर संतोष जताया है। इस दौरान उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक से अन्य मामलों पर भी चर्चा की है। प्रतिसार निरीक्षक ने बताया कि पुलिस लाइन में पुराने भवनों की मरम्मत, पेंट एवं पोताई का कार्य चल रहा है।

**बोर्ड परीक्षा** | परीक्षा पैटर्न को समझकर तैयारी करें विद्यार्थी, रिवीजन के समय सुविधा को नोट्स भी करते रहें तैयार

# सीबीएसई के परीक्षार्थी एनसीईआरटी किताबों से करें तैयारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सीबीएसई के 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को अच्छी तरह से अध्ययन करने के लिए सबसे पहले सिलेबस को जानना जरूरी है। सिलेबस के डिजाइन और परीक्षा पैटर्न को समझना जरूरी है। छात्रों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे केवल वही पढ़ रहे हैं जिसका 2024 की बोर्ड परीक्षा में मूल्यांकन किया जाएगा। 12वीं कक्षा के लिए सीबीएसई एनसीईआरटी की किताबें और संसाधन निर्धारित करता है। एनसीईआरटी द्वारा पाठ्यक्रम सामग्री को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह बोर्ड के लक्ष्यों और उद्देश्यों को पूरा करता है।



राजेंद्रा एकेडमी के शिक्षक कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड हो या उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद तैयारी के तरीके लगभग एक जैसे ही हैं। कुछ ऐसी चीजें हैं जो बोर्ड परीक्षा की तैयारी के दौरान हर छात्र को ध्यान में रखनी चाहिए, चाहे वह किसी भी बोर्ड का हो। 10वीं, 12वीं विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटे हैं। कुछ छात्रों को तैयारी करने में परेशानी भी आ रही होगी। लेकिन ऐसी किसी भी स्थिति में छात्रों का घबराने की जरूरत नहीं है। बताया कि डेटशीट जारी होने के बाद कई छात्र घबराने लगते हैं कि अब क्या और कैसे करेंगे? परीक्षा में इतना कम समय बचा है, तैयारी पूरी कैसे होगी? तो एक बात आप समझ लें कि यह समय घबराकर व्यर्थ करने का नहीं, बल्कि आत्मविश्वास के साथ तैयारी में जुट जाने का है।

इसके लिए आप नकारात्मक विचारों से दूर रहें। अगर आप अब भी मन लगाकर तैयारी शुरू करें तो भी अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। बिना पाठ्यक्रम जाने थोड़ा समय गुजर जाने के बाद आपको पता ही नहीं होगा कि आपने कितनी तैयारी कर ली और कितनी बाकी है। पाठ्यक्रम सही से समझने के बाद आपको पता चल जाएगा कि आपको किसी विषय में तैयारी के लिए कितना समय देना है या कौन-सा विषय ज्यादा पढ़ना है।

### टाइम टेबल बनाएं

किताबों के बाद जरूरत एक बेहतर टाइम टेबल की होती है। छात्र टाइम टेबल बनाएं और सभी विषयों के लिए टाइम अलॉट करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो आ सभी विषयों को बराबर टाइम दे पाएंगे।

### नोट्स बनाते रहें

नोट्स किसी भी परीक्षा के लिए बहुत जरूरी होते हैं। बोर्ड परीक्षा की तैयारी करते समय भी नोट्स बनाते रहें। नोट मेकिंग अगर आप करते हैं तो रिवीजन के समय आपको मदद मिलेगी।

### कक्षा 2 तक के छात्रों को अंक के स्थान पर मिलेगा स्टार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में अब कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों को मार्कशीट नहीं दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने अब उन्हें स्टार अंक देने की योजना बनाई है। वहीं कक्षा एक से आठ तक के छात्रों के रिपोर्ट कार्ड पर विषयों के मूल्यांकन के साथ ही उनके व्यवहार का आकलन भी देखने को मिलेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों ने कक्षा एक से आठ तक के छात्रों का समग्र प्रगति कार्ड तैयार किया है। जिसमें छात्र की विषय में दक्षता के साथ ही उसकी आयु, लंबाई, वजन के अलावा स्कूल और घर में व्यवहार को भी दर्शाया जाएगा। समग्र प्रगति कार्ड को राज्य शैक्षिक अनुसंधान केंद्र ने तैयार किया है। जिसे नए सत्र से परिषदीय विद्यालयों में लागू कराएंगे। समग्र प्रगति रिपोर्ट कार्ड में कक्षा एक से दो तक के छात्रों के अंक के स्थान पर स्टार दिए जाएंगे। साथ ही स्वच्छता, कलात्मक अभिरूचि, व्यवहार का आकलन भी होगा। वहीं कक्षा तीन से आठ तक हिन्दी, गणित, अंग्रेजी के साथ पर्यावरण अध्ययन, सामाजिक विषय एवं विज्ञान आधार पर आकलन होगा। बच्चों की तार्किक क्षमता, अभिरुचि, व्यवहार, कौशल का आकलन होगा।

## कूड़ा डालने के विवाद में मां-बेटी को पीटा

**रामपुर, अमृत विचार :** कूड़ा डालने को लेकर कुछ लोगों ने मां-बेटी को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के बढ़पुरा शर्की निवासी कुंवरपाल सिंह का कहना है कि कुछ दिन पहले उसकी 18 वर्षीय बेटी छत पर सफाई कर रही थी। तभी बंदर आ गए। बंदरों की वजह से कूड़ा और सामान दूसरी छत पर पहुंच गया। इसके बाद पड़ोसी हुकुम सिंह व अन्य लोगों ने गाली गलौज की। ग्रामीण की पत्नी भी आ गई। विरोध करने पर आरोपियों ने मां-बेटी को लाठी डंडो से पीटकर घायल कर दिया। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी हुकुम सिंह, गुड्डू और क्रांति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सालों ने बहनोई व उसके भाई को लात-घूसों व बेल्ट से पीटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़ित ने दोनों साले समेत चार के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार :** सालों ने बहनोई और उसके भाई को लात-घूसों और बेल्ट से पीट दिया। पीड़ित ने दोनों साले समेत चार लोगों के विरुद्ध मैनाठेर थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है। इसमें तालिब व इसके भाई ताहिर और इनके गांव संभल जिले के महमूदपुर जनैरा बनियाठेर के मौजूदा ग्राम प्रधान नामजद हुए हैं। चौथा आरोपी बिलारी कस्बे के सद्दाम को बनाया गया है।

पीड़ित अशफाक ने मैनाठेर थानाध्यक्ष को बताया है कि वह कटघर थाना क्षेत्र में रहमतनगर गली नंबर-8 के रहने वाले हैं। उनका पत्नी रूबी से विवाद चल रहा है। उनका निकाह करीब दो साल पहले हुआ था, उसके एक बेटी भी है। अशफाक ने बताया कि वह दिल्ली और हरियाणा में पेंटर का काम करता है। इसीलिए वह और उसका भाई आदिल दिल्ली जाने के लिए 27 जनवरी को दोपहर डेढ़ बजे चंदौसी-मुरादाबाद हाईवे के ओवरब्रिज पर वाहन के इंतजार में खड़े थे। उसी दौरान उनके साले तालिब व ताहिर अपने गांव के प्रधान और सद्दाम के साथ आ गए थे। ये लोग उनसे गाली-गलौज करने लगे थे। उन लोगों ने गाली देने को मना किया तो आरोपियों ने उन्हें लात-घूसों और बेल्टों से पीटा। राहगीरों के बचाने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए थे। मैनाठेर थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में पीड़ित ने चार के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### दसवीं की छात्रा बरामद आरोपी का चालान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पुलिस ने दो सप्ताह पूर्व अपहृत किशोरी को बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। कोतवाली के रतुपुरा-करनपुर रोड स्थित एक गांव निवासी व्यक्ति की 15 वर्षीया बेटी 16 जनवरी को घर से गायब हो गई थी। उसके पिता की तहरीर पर पुलिस ने 20 जनवरी को अपहरण का केस दर्ज किया था। पुलिस ने फर्रुखाबाद के थाना मोहम्मदाबाद ग्राम नहारिया निवासी सौरभ पाल को मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया।

### सट्टे की खाईबाड़ी करने वाला गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार :** पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। उप निरीक्षक लईक अहमद ने मोहल्ला घोसीपुरा की पुलिया के निकट से निपेन्द्र पुत्र नन्हे सिंह निवासी मोहल्ला घोसीपुरा को एक सट्टा पर्चा, पेन, छोटा गत्ता व 230 रुपये के साथ गिरफ्तार किया है।

# पूरे प्रदेश में चलेगा गांव चलो अभियान

## सरकार की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** नगर स्थित श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में शुक्रवार को गांव चलो अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री चंद्रपाल सिंह सैनी ने बताया कि केंद्र के नेतृत्व ने पूरे प्रदेश में गांव चलो अभियान चलाया जाएगा।

इस कार्यक्रम में बूथ को मजबूत करने के लिए हर बूथ पर एक प्रवासी को जाना है। वहां रहकर आने वाले चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ाना है। पन्ना प्रमुखों को जागरूक कर हर घर वोटर संपर्क अभियान करना है।

उन्होंने बताया कि गांव के प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ वार्ता करना तथा उनके सुझाव प्राप्त करना और हर घर तक केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहेगा। कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष राजपाल आर्य, जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ अमर सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष रमन भूषण, संजय दिवाकर, हाजी मजलूम पाशा, नक्शे अली, हरपाल सैनी, जयपाल चौधरी, पियूष गौतम, योगेंद्र, मुस्तेजाब पाशा, राजकुमार, सतीश सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन मंडल महामंत्री ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर ने किया।



कार्यशाला में बोलते मुख्य अतिथि चंद्रपाल सिंह सैनी। ● अमृत विचार

### कॉमनवेल्थ स्प्लिट-साइट स्कॉलरशिप के लिए निष्ठा चौरावल चयनित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर निवासी निष्ठा चौरावल को राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में शोधार्थी के रूप में भारत-ब्रिटिश सहयोगी अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कॉमनवेल्थ स्प्लिट-साइट स्कॉलरशिप 2023 के लिए चुना गया है।



इस पुरस्कार में यूके में आने-जाने का अंतर्राष्ट्रीय यात्रा व्यय, ट्यूशन फीस, एक वर्ष के लिए रहने का भत्ता एवं ब्रिटेन में अध्ययन यात्रा अनुदान में शामिल है। इस स्कॉलरशिप की राशि लगभग 43 लाख है। निष्ठा चौरावल आईसीएमआर की रिसर्च फेलो हैं और फार्मेसी विभाग, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय के तहत कैंसर विषय पर डॉक्टरेट शोध कर रही हैं। वह ब्रैडफोर्ड विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मेसी एंड मेडिकल साइंसेज में अपने काम का विस्तार करेंगी।

## सार संक्षेप



एसडीएम का स्वागत करते व्यापार सभा के नगराध्यक्ष चिराग अग्रवाल व अन्य।

### दसवां घाट पर बनाया जाए स्नानघर

**बिलारी, अमृत विचार :** व्यापार सभा के नगराध्यक्ष चिराग अग्रवाल ने एसडीएम मणि अरोरा का बुके देकर स्वागत किया। शुक्रवार को तहसील की पहली महिला एसडीएम मणि अरोरा का सराफा व्यापारी व व्यापार सभा के नगराध्यक्ष ने कमेटी के पदाधिकारियों के साथ गुलदस्ता देकर स्वागत कर किया। इसके बाद उन्होंने एसडीएम को एक ज्ञापन भी सौंपा। इसमें नगर में आए दिन लगने वाले जाम और अतिक्रमण की समस्या, दसवां घाट पर महिलाओं के स्नान और वस्त्र बदलने हेतु स्नानघर की मांग की। नगर में विद्युत के पुराने हो चुके बंच केबिल बदलवाने की बात भी रखी। इस दौरान मनोज कुमार अग्रवाल, राजीव शर्मा, विपिन कुमार, डॉ. आसिफ, राजेश प्रजापति, मोहित गुप्ता आदि रहे।

### मासिक बैठक में एकजुटता पर दिया बल

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ जर्नलिस्ट एसोसिएशन की मासिक बैठक में संगठन की एकजुटता पर बल दिया गया। अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा ने कहा कि निष्पक्ष पत्रकारिता से ही समाज के पीड़ित तबके को न्याय मिल पाता है। महासचिव ओंकार सिंह विश्नोई ने संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से संगठन की मजबूती और सहयोग बनाए रखने पर बल दिया। अध्यक्षता संरक्षक संजय यादव व संचालन महासचिव ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष देवेंद्र विश्नोई, कोषाध्यक्ष पंकज भदौरिया, संगठन मंत्री शाकिर सैफी, व्यवस्था प्रमुख नवदीप शर्मा, सदस्य सत्यम वर्मा आदि मौजूद रहे।

### गृहकलह में अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में गृह कलह के चलते अधेड़ ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला थाना क्षेत्र के ग्राम बिचपुरी मझरा का है। यहां रहने वाले रामौतार ने बताया कि उनका तहेरा भाई ओमपाल सिंह (50) काफी दिन से तनावग्रस्त था। इसके चलते घर में आए दिन कलह होती थी। इसी से तंग आकर उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर उसे निजी चिकित्सक के यहां ले आया गया। वहां से मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। रामौतार के अनुसार मृतक के परिवार में दो बेटे व दो बेटी हैं। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है।

### असिस्टेंट प्रोफेसर बनीं डॉ. अनुराही पूठिया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की अध्यापिका डॉ. अनुराही पूठिया ने हेमवती नंदन बहुगुणा सेंट्रल यूनिवर्सिटी गढ़वाल श्रीनगर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर ज्वाइन कर लिया है। शिक्षिका ने बेसिक विभाग में नौकरी लगने के बाद भी पढ़ाई नहीं छोड़ी। लगातार उच्च शिक्षा में जाने के लिए प्रयासरत रहीं। विपरीत परिस्थितियों में भी अपनी रिसर्च, पढ़ाई, किताबें लिखना, रिसर्च पेपर छपवाना जारी रखा। उनके कई रिसर्च पेपर रिसर्च जनरल में पब्लिश हो चुके हैं। कई किताबों में चैप्टर भी छप चुके हैं। वह कई सेमिनार में अपने रिसर्च पेपर को प्रेजेंट कर चुकी हैं। इसी कड़ी मेहनत और सतत प्रयास से आज उन्होंने इस मुकाम को हासिल किया है। वह महिलाओं के लिए प्रेरणा हैं। परिवार के सभी सदस्यों को उन पर गर्व है। परिवार में खुशी है।



डॉ. अनुराही पूठिया।

# यू-डायस का कार्य पूरा नहीं करने वाले स्कूलों की मान्यता होगी रद्द

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**चेतावनी**

- 326 विद्यालयों ने यू-डायस की स्कूल प्रोफाइल का कार्य किया
- 104 विद्यालयों ने अभी तक कार्य को नहीं किया अपडेट

**अमृत विचार :** खंड शिक्षाधिकारी वेगीश गोयल ने बताया कि वर्तमान सत्र 2023-24 हेतु यू-डायस का कार्य चल रहा है। इसमें ठाकुरद्वारा विकासखंड में संचालित 430 में से 326 विद्यालयों ने यू-डायस की स्कूल प्रोफाइल का कार्य पूर्ण कर लिया है। 104 विद्यालयों ने अभी तक अपनी स्कूल प्रोफाइल को यू-डायस पोर्टल पर अपडेट नहीं किया है। उन्होंने कहा कि समय सीमा में यू-डायस का काम पूरा नहीं करने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी जाएगी।

खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यू-डायस पोर्टल पर अपनी स्कूल प्रोफाइल अपलोड नहीं करने वाले विद्यालयों में लिटिल जेम्स पब्लिक स्कूल ठाकुरद्वारा, सेंट मार्क्स स्कूल, गाइडेंस स्कूल, कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, गौरव बाल निकेतन, समसा देवी पब्लिक स्कूल, चंदा देवी विद्या मंदिर, कृपाल सिंह मेमोरियल स्कूल समेत 93 विद्यालय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों द्वारा काम पूरा नहीं करने के कारण जनपद पर ब्लॉक की प्रगति कम है।

सभी विद्यालयों को तीन दिन में काम पूरा करने निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कार्य समय सीमा के अंदर पूरा नहीं किया गया तो संबंधित विद्यालय का यू-डायस कोड बंद करते हुए विभागीय कार्यवाही की जाएगी तथा मान्यता रद्द कर दी जाएगी।

### गोदाम के जीर्णोद्धार में लग रही घटिया सामग्री

**कांठ, अमृत विचार :** मोहल्ला पट्टी स्थित लगभग 50 वर्ष पुराने पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र के गोदाम का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। इसमें मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग नहीं करने से लोगों में रोष है।

मोहल्ला पट्टी वाला में पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र का करीब 50 वर्ष पुराना गोदाम है। इस गोदाम से किसानों को सरकार की योजनाओं के तहत खाद और बीज उपलब्ध कराया जाता था। 50 वर्ष बाद अधिकारियों ने इसकी सुध ली। लेकिन इसमें इस्तेमाल होने वाली सामग्री बेहद घटिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकार की धनराशि का दुरुपयोग हो रहा है। इस पर अंकुश लगाया जाए और मानक के सामग्री का प्रयोग किया जाए। सहकारिता विभाग के एडीसीओ राज नारायण से ग्रामीणों ने मामले की शिकायत की। उनका कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# विद्यार्थियों को किया कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** अमरपुर काशी स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कुष्ठ रोग अभियान के तहत प्रधानाचार्य ने बच्चों को जागरूक किया।

शुक्रवार को विद्यालय परिसर में कुष्ठ रोग पखवाड़ा जागरुकता अभियान चलाया गया। प्रार्थना सभा के बाद बच्चों को कुष्ठरोग के प्रति जागरूक किया। बताया कि कुष्ठ रोग सामान्य बचाव का रोग है। केवल जागरूक होने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिला चंपा में अखिल भारतीय कुष्ठ आश्रम का संचालन हो रहा है। दिव्य प्रेम सेवा मिशन आश्रम चंडी पुल के नीचे हरिद्वार में बहुत बड़ा कुष्ठ आश्रम संचालित हो रहा है। जहां उनके स्वास्थ्य, शिक्षा एवं खाने-पीने की सारी व्यवस्था है। डॉ. द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, डॉ. उषा अग्रवाल एवं संघ प्रचारक आशीष कुमार ने कुष्ठ रोगियों की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर रखा है। बताया कि यदि हमारे समाज के लोग कुष्ठ रोगियों की देखभाल नहीं करेंगे तो ईसाई मिशनरी के लोग इन्हें धर्म परिवर्तन का प्रलोभन देते हैं। कुष्ठ रोग अभिशाप नहीं है। इसे छिपाना नहीं चाहिए। समय से उचित परामर्श लेकर इलाज करना चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा, बालिका शिक्षा प्रमुख मीनू यादव, कुमारी भावना यादव, शिवानी सैनी, ऋषिपाल सिंह यादव, गजेंद्र यादव, दारा सिंह यादव, पुष्पेंद्र यादव, ओंकार सिंह, दीपक कुमार विश्नोई, आदि मौजूद रहे।



कुष्ठ रोग के बारे में बताते प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार

### फेसबुक पर बोलेरो बेचने के नाम पर 80,000 ठगे

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक युवक से फेसबुक पर बोलेरो बेचने का झांसा देकर ऑनलाइन 80,000 रुपए ठग लिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम कुतुबपुर अज्जू निवासी अमित ठाकुर ने बताया कि उसने फेसबुक पर बोलेरो कार का विज्ञापन देखा। इसके बाद दिए गए नंबर पर कॉल की। दूसरी तरफ से ठगी करने वाले ने खुद को सेना का अधिकारी बताया बताया। फोन पर ही गाड़ी का सौदा दो लाख रुपये में हो गया। साइबर ठग ने अमित से 13,000 रुपए की पेशगी डलवा ली। इसके बाद कई बार में अलग-अलग तरीके से झांसा देकर उससे 80,000 रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद अमित को ठगी होने का अहसास हुआ। इसके बाद भी आरोपी लगातार फोन पर उससे कुछ और पैसे डालने की बात कहता रहा। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# कुछ लोगों ने बजट को बताया जनता के हित में तो कुछ ने व्यक्त की निराशा



विधायक कमाल अख्तर।



अभय विश्नोई।



दीपक विश्नोई।



जितेंद्र विश्नोई।



फिरोज अनवर।

संवाददाता, कांठ

- भाकियू अराजनैतिक के मंडल महासचिव ने बजट को बताया किसान विरोधी

**अमृत विचार :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट को कुछ लोगों ने बजट को जनता के हित में तथा कुछ ने निराशा प्रकट की है।

क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री कमाल अख्तर का कहना है कि इस बजट में नवयुवकों एवं किसानों को कुछ भी नहीं मिला है। बिजली, खाद, पानी पर कोई छूट नहीं दी गई है। बजट में कर्मचारी और गृहणियों का ध्यान नहीं रखा गया। बजट हास्यास्पद है।

भाजपा नेता एवं व्यापारी अभय विश्नोई का कहना है कि बजट में सबका साथ एवं सबके विकास का पूरा ध्यान रखा गया है। भाजपा सरकार जनहित को निरंतर वरीयता देती आई है। उन्होंने बजट को व्यापारियों के हित में बताते हुए कहा है कि व्यापारियों को इससे काफी लाभ मिलेगा।

भारत विकास परिषद के अध्यक्ष दीपक कुमार विश्नोई का कहना है कि जन आकांक्षाओं का बजट में ध्यान नहीं रखा गया। अधिवक्ताओं की सुरक्षा, बीमा एवं अन्य हितों का ध्यान नहीं रखा गया है।

भाकियू अराजनैतिक के मंडल महासचिव जितेंद्र विश्नोई उर्फ जीतू का कहना है कि यह बजट किसान विरोधी है। भारत किसान प्रधान देश है। इसके बावजूद बजट में किसानों की समस्याओं को ध्यान में नहीं रखा गया।

जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव फिरोज अनवर का कहना है कि बजट से पूंजीपतियों को लाभ मिलेगा। गरीब, मध्यम वर्गीय, किसानों एवं व्यापारियों के हितों का कुछ ध्यान नहीं रखा गया है। आम आदमी को भी बजट से कोई लाभ नहीं मिलेगा।

### उमराह पर सऊदी अरब गई पूर्व महिला प्रधान की मौत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र से उमराह पर सऊदी अरब गई पूर्व महिला प्रधान की सऊदी अरब में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसकी सूचना से परिवार में कोहराम मच गया।



थाना क्षेत्र के गांव चतीपुर रायब नगला निवासी पूर्व प्रधान बाबू खान अपनी पत्नी पूर्व प्रधान इशरत जहां व पुत्र हाफिज मोहम्मद अकरम के साथ 21 जनवरी को उमराह के सफर पर सऊदी अरब गए थे। 27 जनवरी को सऊदी अरब में अचानक पूर्व प्रधान इशरत जहां की तबीयत बिगड़ने लगी। उन्हें मक्का मदीना के एक अस्पताल में भी भर्ती कराया गया, लेकिन सेहत में कोई सुधार नहीं हुआ। बृहस्पतिवार की रात उन्होंने दम तोड़ दिया। शुक्रवार को उन्हें मक्का शरीफ के कब्रिस्तान में ही ही दफन किया गया। जानकारी पर सांत्वना देने के लिए लोगों का उनके घर जमावड़ा लगा रहा।

# दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के लिए शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** समग्र शिक्षा के तहत परिषदीय विद्यालयों के नोडल शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन शुक्रवार को दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के लिए मास्टर ट्रेनर ने प्रतिभागियों को अवगत कराया।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन सभी प्रतिभागी, मास्टर ट्रेनर और अधिकारी ब्लॉक संसाधन केंद्र पर उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के पहले दिन कई शिक्षक निर्धारित समय से पूर्वी चले गए थे। इस पर अधिकारियों ने निर्धारित समय से पूर्वी शिक्षकों के चले जाने पर नाराजगी जताते हुए निर्धारित समय तक प्रशिक्षण में मौजूद रहने के निर्देश दिए थे।

प्रशिक्षण में खंड शिक्षाधिकारी मोहित कुमार मौजूद रहे। ब्लॉक में करीब 702 बच्चे दिव्यांग हैं। समावेशी शिक्षा दिव्यांग छात्रों को सामाजिक समावेश का अवसर प्रदान करती है। यह उन्हें सामान्य छात्रों के साथ संगठित होने, साझा अनुभवों का हिस्सा बनने और सामाजिक संपर्कों को बढ़ाने की सुविधा प्रदान करती है। समावेशी शिक्षा दिव्यांग छात्रों के व्यक्तिगत विकास को प्रबल बनाने में मदद करती है। समावेशी विद्यालय में शिक्षक विशिष्ट बालकों की क्षमताओं और योग्यताओं के आधार पर विभिन्न प्रकार की सहगामी शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन करते हैं। ताकि इस प्रकार के बालक समाज की गतिविधियों में भागीदार बन कर शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने का प्रयास कर सकें। प्रशिक्षण में हेतराम सिंह, हरवीर सिंह, सर्वेन्द्र कुमार, कृष्ण गोपाल सिंह, नरेन्द्र कुमार, जितेन्द्र सिंह, विवेक कुमार, होराम सिंह आदि मौजूद रहे।



दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने का प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

**कार्यक्रम** — विश्व वेटलैंड दिवस पर वन विभाग ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

# चित्रकला प्रतियोगिता में साहेनूर और सुप्रिया रही प्रथम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** विश्व वेटलैंड दिवस पर बर्ड फेस्टिवल, वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर के तहत वन विभाग की टीम ने गांव फैजुल्लागंज स्थित वेटलैंड पर कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसमें सरोज अकादमी ऑफ इंटेलिजेंस एवं शिव सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज के 50-50 विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। इस वर्ष की थीम वेटलैंड एंड पशु-पक्षियों पर बच्चों ने सुंदर चित्र बनाए। दोनों विद्यालयों के 55 विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

सरोज अकादमी इंटेलिजेंस स्कूल की छात्रा साहेनूर प्रथम, कक्षा 12 की छात्रा पायल द्वितीय, कक्षा 11 की छात्रा आकृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मोहम्मद नबी व साहनी को प्रोत्साहित किया गया। शिव सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा सुप्रिया प्रथम, शगुन द्वितीय व टीना तृतीय स्थान पर रही। आलम ने वेटलैंड के महत्व, संरक्षण एवं पक्षियों के सम्बध में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि डीएफओ सूरज, वन क्षेत्राधिकारी रवि कुमार गंगवार, वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर से शोएब खान, ग्राम प्रधान छाया, अनिरुद्ध चौहान, रजनीश प्रताप सिंह, शिव सेंट स्टीफेन इंटर कालेज के वाइस प्रिंसिपल एनएस बिष्ट, वन विभाग से एमपी सिंह, पियूष जोशी, दरोगा राजेंद्र सिंह, संजय सिंह, केपी सिंह, कुमारी कंचन, वन रक्षक कुमारी शिवांकी, वन रक्षक सहायक राम सिंह, नरेश सिंह आदी मौजूद रहे।




वन विभाग के अधिकारियों के साथ प्रतियोगिता में शामिल पुरस्कृत छात्राएं। ● अमृत विचार

# कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए बूथ करें मजबूत

संवाददाता, कुंदरकी

**बैठक**

- कांग्रेसियों ने किया संवाद कार्यशाला का आयोजन
- महिलाओं को सशक्त बनाना चाहती हैं प्रियंका गांधी

**अमृत विचार :** शुक्रवार को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष अजय राय के आह्वान व जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद के निर्देश पर ब्लॉक की न्याय पंचायत हरियाना के ग्राम तेवर पट्टी उर्फ काजीपुरा में संवाद एवं कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें पूर्व प्रत्याशी कुंदरकी व प्रदेश सदस्य दरख्शां बेगम प्रभारी बनकर पहुंची। कार्यक्रम में ब्लॉक के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रभारी दरख्शां बेगम ने कहा कि हमें कांग्रेस को सत्ता में वापस लाने के लिए बूथ मजबूत करने हैं। प्रियंका गांधी प्रदेश में महिलाओं को टिकट देकर राजनीति में भागीदार बनाना चाहती हैं ताकि वह अपने हक की लड़ाई लड़ सकें। प्रियंका गांधी महिलाओं को सशक्त बनाना चाहती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी को मजबूती से लड़ाने का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष चौधरी अहसान ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को भारी बहुमत मिलेगा। कांग्रेस सभी धर्म व जाति के लोगों को साथ लेकर चलने वाली एकमात्र पार्टी है। कांग्रेस ने सभी के विकास और उत्थान के लिए बिना भेदभाव कार्य किया है। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी दाऊद खान व संचालन नगर अध्यक्ष शौकत ने किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष मोहम्मद फारुख, मुनाफ सैफी, शकूर सैफी, श्री देवी, विमला, यामीन जहां आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




कांग्रेस की कार्यशाला में बोलते जिला उपाध्यक्ष चौधरी अहसान खां। ● अमृत विचार

### सत्यापन कार्य शीघ्र पूरा करने के दिए निर्देश

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी ने शीघ्र राशन कार्ड का सत्यापन शीघ्र करके तहसील कार्यालय में रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

तहसील क्षेत्र में राशन कार्ड का सत्यापन कार्य चल रहा है। इसमें लेखपालों, शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को लगाया गया है। अपात्र लोगों के राशन कार्ड निरस्त करने और पात्रों के राशन कार्ड बनाने के लिए सत्यापन कार्य चल रहा है। मृतकों के नाम राशन कार्ड से हटाने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने सभी कर्मियों को दो सप्ताह में सत्यापन का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए थे। कर्मचारियों की धीमी गति के चलते किसी भी ग्राम एवं नगर पंचायत के वार्ड का सत्यापन पूरा नहीं हो पाया है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राहुल दीप गुप्ता ने सत्यापन कार्य जल्द पूरा करके रिपोर्ट तहसील कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए हैं। ताकि लोगों के राशन कार्ड बनाए जा सकें।

## एक नजर

### पोक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**हसनपुर, अमृत विचार :** नाबालिग छात्रा की तहरीर पर दर्ज रिपोर्ट के आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष किया। जहां से उसे जेल भेज दिया। कुछ दिन पहले कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी छात्रा ने गांव निवासी वृद्ध के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 24 जनवरी को आरोपी टीका सिंह पर छेड़छाड़ एवं पोक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को गजरौला तिराहे से आरोपी टीका सिंह को गिरफ्तार किया और न्यायालय के समक्ष पेश किया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि पोक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।


आरक्षी को सम्मानित करते एसपी कुंवर अनुपम सिंह। ● अमृत विचार

### यात्री की जान बचाने वाला आरक्षी पुरस्कृत

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने ट्रेन में चढ़ते समय गिरे यात्री की जान बचाने वाले आरक्षी को 1000 रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। शहर के रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर 28 जनवरी को काठगोदाम से दिल्ली जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन में एक यात्री चढ़ रहा था कि अचानक उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन से गिर गया था। उस समय स्टेशन पर ड्यूटी पर मौजूद मुख्य आरक्षी संजय ने यात्री को ट्रेन के नीचे से खींचकर उसकी जान बचाई थी। यात्री की जान बचाने पर पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी को एक हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर उसको सम्मानित किया है।

### चंदनपुर मिल ने गन्ना मूल्य का भुगतान किया

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के चंदनपुर चीनी मिल ने 22 जनवरी तक खरीदे गन्ने का 15 .15 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों के खाते में भेज दिया। चीनी मिल उपाध्यक्ष अमोद कुमार शर्मा ने बताया कि किसान चीनी मिल में साफ स्वच्छ व ताजा गन्ने की सप्लाई करें। किसान रोग ग्रसित 0238 गन्ना प्रजाति की बुवाई किसान न करें। आगामी बुवाई के लिए बीज की व्यवस्था अभी से कर लें। जिससे गन्ने की फसल बेहतर हो।

# तेज धूप से लोगों को मिली ठंड से राहत

## धूप निकलने से खिले लोगों के चेहरे, बाजारों में ग्राहकों ने की खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** शुक्रवार को धूप निकलने से लोगों के चेहरे खिल उठे और महिलाओं ने धूप में बैठकर ठंड से राहत महसूस की। जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया वैसे ही धूप की तेज तपिश से लोगों को राहत मिली। शुक्रवार को अधिकतम 19 डिग्री और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री रहा।

दो दिन हुई बारिश से ठंडक और ज्यादा हो गई थी। लोग घरों में कैद रहे। लेकिन शुक्रवार को निकली धूप से काफी राहत मिली और लोगों के चेहरे खिल उठे। धूप निकलते ही सुबह से ही लोग छतों पर पहुंच गए और धूप का आनंद लिया। मौसम साफ हुआ तो बाजारों में भी खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी। रोडवेज एवं रेलवे स्टेशन पर सुबह से ही यात्री दिखाई देने लगे। जिले के मार्गों पर आवाजाही तेज हो गई। हर कोई धूप का आनंद लेते दिखाई दिया। कई दिनों से कड़ाके की ठंड से जूझ रहे लोगों को राहत शुक्रवार को मिली। बुधवार और गुरुवार को बारिश के बाद गलन और बढ़ गई थी जिससे लोग घरों में रहे और जरूरी काम से ही बाहर निकले।

**वहीं मुबारिजपुर में** शुक्रवार को खिली धूप के बाद से सर्दी में कमी आई। दिनभर धूप से बाजारों में भी चहल पहल रही। कई दिनों से शीतलहर व ठंड के कारण घरों से नहीं निकल रहे लोगों को धूप ने घर से निकलने को विवश कर दिया। मौसम बदलने से ग्रामीण क्षेत्र की दुकानों पर भी ग्राहक दिखाई दिए। तापमान बढ़ने से गर्मी अधिक महसूस हुई। लोगों ने बताया कि दो तीन वर्षों पहले तक जनवरी में इस तरह की ठंड नहीं पड़ी थी। फरवरी में भी ठंड का एहसास लोगों को हो रहा है। शुक्रवार को मौसम साफ रहने के चलते धूप तो निकली परंतु शाम ढलते ही मौसम सर्द हवाओं में बदल गया।


धूप में बैठीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### सर्द हवा ने धूप में कराया ठंड का एहसास

**अमरोहा, अमृत विचार :** शुक्रवार को धूप निकलने से जहां लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत मिली। वहीं सर्द हवा ने लोगों को ठंड का एहसास भी कराया। धूप रहने के बाद भी लोग गर्म कपड़े से अपने आप को ढके रहे। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में ठंडी हवा चलती रही।

### धूप निकलने पर बाजारों में रही चहल-पहल

**अमरोहा, अमृत विचार :** धूप निकलते ही लोग कामकाज निपटाने के लिए निकल पड़े। ग्रामीण खरीदारी करने के लिए शहर की ओर निकले। बाजार में चलह पहल दिखाई दी। बाजार में ग्राहक दिखे तो दुकानदारों के चेहरे भी खिल उठे। जहां मार्गों पर ठंड के कारण सन्नाटा पसरा था वहां रौनक दिखाई दी। सड़कों पर रौनक देख कारोबारी भी अपने प्रतिष्ठानों पर पहुंच गए।

## सदर एसडीएम बने सुधीर कुमार, तीन तहसीलों के बदले एसडीएम

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने जनपद के उप जिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। सभी बदले गए उप जिलाधिकारियों को नये क्षेत्र का कार्यभार संभालने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने धनौरा न्यायिक के उप जिलाधिकारी बृजपाल सिंह को नौगांवा सादात का उप जिलाधिकारी बनाया है। नौगांवा सादात तहसील के उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार को अमरोहा तहसील का उप जिलाधिकारी बनाया है। चंद्रकांता को धनौरा तहसील के उप जिलाधिकारी पद पर नियुक्त किया है। जिलाधिकारी ने तीनों उप जिलाधिकारियों को नए कार्य क्षेत्र का कार्यभार संभालने के निर्देश दिए हैं। बताया जाता हैं कि तीनों उप जिलाधिकारियों ने नए कार्यक्षेत्र का कार्यभार संभाल लिया। उप जिलाधिकारियों ने शासन के विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं।


मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

## शुक्रवार की नमाज पर मस्जिदों के बाहर तैनात रहे पुलिसकर्मी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** ज्ञानवापी के व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ शुरू करने के जिला न्यायालय के आदेश के बाद सुरक्षा के मद्देनजर क्षेत्र की मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

नगर में वाराणसी के ज्ञानवापी मामले को लेकर एवं शुक्रवार की नमाज के तहत सुरक्षा के मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर नगर की सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया। इस दौरान क्षेत्र में पुलिस ने पैदल मार्च भी किया।

ज्ञात हो कि दो दिन पहले न्यायालय ने वाराणसी के ज्ञानवापी मामले में तहखाने में पूजा करने की अनुमति दी गई है। जिसके कारण शुक्रवार की नमाज को लेकर हसनपुर पुलिस पूरी तरीके से सतर्क रही। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात किया गया है।

## क्षत्रिय समाज को एकजुट करने का करेंगे प्रयास : मदन चौहान

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** पूर्व मंत्री मदन चौहान ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि क्षत्रिय समाज इस समय राजनीतिक एवं सामाजिक उपेक्षा का शिकार हो रहा है। क्षत्रिय समाज को एकजुट करके बड़ी सभा का आयोजन होगा।

शुक्रवार को नगर के बाईपास मार्ग स्थित रेस्टोरेंट में पूर्व मंत्री मदन चौहान ने प्रेस वार्ता की। पूर्व मंत्री ने कहा कि क्षत्रिय समाज का अपना इतिहास रहा है, समाज के कई महापुरुषों ने देश को मार्ग दिखाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में क्षत्रिय समाज राजनीतिक एवं सामाजिक उपेक्षा का शिकार हो रहा है। वह अपने समाज को एकजुट करने का प्रयास करेंगे और जल्द समाज के लोगों को एकत्र कर जनसभा करेंगे। लोकसभा चुनाव लड़ने की बात पर पूर्व मंत्री ने कहा कि उनका पहला प्रयास समाज को संगठित करना है और समाज अगर चाहेगा तो वह उसे पर विचार कर सकते हैं। प्रेस वार्ता के दौरान भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह, महेंद्र सिंह, धर्मपाल सिंह, प्रधान बंटी चौहान, जागेश चौहान, विशाल चौहान सहित समाज के काफी लोग मौजूद रहे।


मीडियाकर्मियों से बात करते पूर्व मंत्री मदन चौहान व अन्य। ● अमृत विचार


चादरपोशी कर दुआ करते विधायक महबूब अली, पूर्व एमएलसी परवेज अली व अन्य। ● अमृत विचार


उर्स में कलाम पेश करते कव्वाल। ● अमृत विचार

## दरगाह शाह विलायत पर कुल शरीफ में उमड़े अकीदतमंद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** दरगाह हजरत सैयद हुसैन शरफउद्दीन नकवी शाह विलायत के उर्स का कुल शरीफ के बाद शुक्रवार को समापन हो गया। आखिरी दिन सदर विधायक महबूब अली समेत दरगाहों के सज्जादनशीनों व अधिकारियों एवं नेताओं ने दरगाह पर हाजिरी देकर चादरपोशी की। मुल्क में अमन व कौम की सलामती के लिये अल्लाह की बारगाह में उठे हाथों ने इत्तेहाद ओर इत्तेफाक का पैगाम दिया। इस दौरान दरगाह पर आने वाले मेहमानों की दरस्ताबंदी दरगाह कमेटी के पदाधिकारियों ने की। दोपहर में दूर दराज से आये लोगों ने लंगर छका। दरगाह पर अकीदतमंदों का सुबह से ही जोश और जज़्बा देखने को मिला। सदर विधायक व लोक लेखा समिति के चेयरमैन महबूब अली, पूर्व एमएलसी परवेज अली, मुतावल्ली हसन शुजा नकवी, नवेद अयाज, सचिन चौधरी, भारतीय जनता मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष मरगूब सिद्दीकी, दरगाह मियां मौज के सज्जादानशीन हादी मियां जाफरी, दरगाह बाबा फरीदी रजबपुर के सज्जादा नशीन व हकीम औसाफ समेत सैकड़ों ने दरगाह में हाजिरी देकर अकीदत का इजहार किया। महबूब अली ने कहा कि सूफी संतों का पैगाम मुल्क में अमन का है, इसलिये हम सब को भाईचारा बनाये रखना चाहिए।

### पुलिस बल के साथ सतर्क रहे सीओ

उर्स के दृष्टिगत पुलिस सुबह से ही मुस्तैद थी। सुबह सीओ लाइन अभिषेक कुमार ने दरगाह आकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिस कर्मियों को तैनात किया। जबकि शुक्रवार शाम को कोतवाल सनोज प्रताप, मेला प्रभारी सुधीर कुमार ने कमान संभाली।

### ▸▸ सदर विधायक महबूब अली, पूर्व एमएलसी परवेज अली ने की चादरपोशी

कुल शरीफ में मौलाना तौहीद रजा ने मुल्क व कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई। इस अवसर पर शहनाज हैदर, अख्तर अब्बास अप्पू, मुख्तार नकवी, हसन इमाम, हकीम जर्रार, शाने हैदर, मिक्की नकवी, फैसल जफर, कामिल सिद्दीकी, तबारक अली, सूफी निशात सिद्दीकी, नईम रजा, नज्जार दिलावर नदीम, कैसर मुज्तबा, दानिश नकवी, अकमल नकवी, दिलनवाज सिद्दीकी जावेद नकवी, अरशद पाशा, रामिश राजू, मंसूर आलम, रामिश, सय्यद मुज्तबा, हाजी खुर्शीद अनवर, मोईनउददीन साबरी, सूफी जीशान, महबूब हुसैन जैदी, सैयद फरजंद अली, हाफिज शमीम अमरोहवी, सैयद उवैस मुस्तफा रिजवी रहे।

**सूफियाना कलाम से बांधा समा :** दरगाह पर कुल शरीफ से पहले महफिले समा हुई। मशहूर कव्वाल चांद आलम वारसी ने एक के बाद एक कलाम पेशकर समा बांध दिया। दमादम मस्त कलन्दर पर पूरा पंडाल झूम उठा। करीब एक घंटे तक महफिल चली, इसके बाद आशिकाने शाह विलायत ने कुल शरीफ में हिस्सा लेकर तबर्रुक तकसीम किया।

## बुरावली में हिरनौटा के मुख्य मार्ग पर जलभराव से ग्रामीण परेशान

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव बुरावली में हिरनौटा के मार्ग पर पिछले कई महीनों से कीचड़ पसरी हुई है। यहां जलभराव से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके चलते मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित है। सड़क पर पानी व कीचड़ से गड्ढे हो गए हैं। इससे राहगीर इसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

हिरनौटा गांव में आने वाले राहगीर और ग्रामीण परेशान हैं। यहां सबसे अधिक परेशानी विद्यार्थियों को हो रही है। आम दिनों में ही यहां सड़क पर पानी व कीचड़ पसरी रहती है और बारिश में हालात और ज्यादा खराब हो जाते हैं। इससे गांव में बीमारियां फैलने का खतरा भी बन गया है। ग्रामीणों ने कई बार जल निकासी का प्रबंध व पक्की सड़क बनवाने की मांग भी की है। लेकिन सड़क के हालात नहीं बदले जा सके। ग्रामीणों ने जलभराव से निजात दिलाने व सड़क पक्की बनवाने की मांग की है।


बुरावली में हिरनौटा वाले मुख्य मार्ग पर जलभराव। ● अमृत विचार

## कुश्ती में कलियर शरीफ के मोनिश बाबा ने कानपुर के शेरा को हराया

संवाददाता, ढक्का

**अमृत विचार :** थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव ढक्का में चल रहा उर्स हजरत पीर बाबा बंदगीपीर शाह के 531वां उर्स पर कव्वाली और दंगल हुआ। दंगल का ढक्का के ग्राम प्रधान शहरोज इकबाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया।

दंगल में पहली कुश्ती मोनिश बाबा कलियर शरीफ रुड़की और कानपुर के शेरा की बीच हुई। जिसमें मोनिश बाबा पहलवान विजय रहे। दूसरी कुश्ती फहीम जीहल पहलवान तहसील हसनपुर व संभल के पहलवान के बीच रही। छह मिनट की कुश्ती में फहीम पहलवान ने जीत दर्ज की।

तीसरी कुश्ती रिहान पहलवान हरियाणा व पहलवान सरधना मेरठ के बीच हुई। चौथी कुश्ती सुहेल पहलवान दिल्ली व निशात पहलवान ढक्का में हुई। पांच मिनट में कुश्ती जीती। दंगल में कमेटी के सदर शोएब चौधरी, सेक्रेटरी नईम चौधरी, औरंगजेब चौधरी, शाकिर अली, नईम डीलर मौजूद रहे।


दंगल शुरू कराते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

**अनदेखी** हाईवे पर कई होटल और रेस्टोरेंट संचालकों ने बना लिए अवैध कट

# नेशनल हाईवे पर बने अवैध कट से बढ़ रहे सड़क हादसे

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते नेशनल हाईवे पर बने अवैध कट बंद नहीं हो पा रहे हैं। अवैध कटों की वजह से हाईवे पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। कई बार शिकायतों के बाद भी इन कटों को बंद नहीं किया जा रहा है। जबकि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में बिल्कुल मौन हैं।

जिले की सीमा में नेशनल हाईवे पर ब्रजघाट से रजबपुर तक 50 से ज्यादा अवैध कट बने हुए हैं। कई वाहन चालक इन कटों का नियमित इस्तेमाल करते हैं। अवैध कटों से निकलने वाले वाहन नेशनल हाईवे पर अक्सर हादसों के शिकार हो जाते हैं। एनएचएआई के अधिकारी इन कटों को बंद कराने का महज दावा ही करते हैं। हालांकि शासन स्तर से हाईवे के अवैध कटों को बंद कराने के कई बार निर्देश जारी हो चुके हैं। बावजूद इसके एनएचएआई और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के चलते नेशनल हाईवे पर अवैध कट बंद नहीं हो सके हैं। हाईवे से गुजरने वाले जनप्रतिनिधियों का भी इस और कोई ध्यान नहीं है। जबकि हाईवे पर अवैध कटों का बंद होना जरूरी है। लेकिन अभी तक यह कट खुले हुए हैं। जिनकी वजह से कई हादसे हो चुके हैं। कोई भी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ इन कटों को बंद कराने की जिम्मेदारी नहीं ले रहा है। यहां तक की एनएचएआई के अधिकारी भी यहां से गुजरते हैं तो अवैध कटों की अनदेखी करते हैं।


नेशनल हाईवे पर बने अवैध कट से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

> नेशनल हाईवे पर होटलों और रेस्टोरेंट के सामने कई अवैध कट बने हुए हैं। सभी अवैध कटों को जल्द ही बंद करा दिया जाएगा।
> **-श्वेताभ भास्कर**, सीओ

**होटल संचालकों ने हाईवे पर मिट्टी डालकर बना लिए अवैध कट :** दरअसल दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर गजरौला में फूड हब है। गजरौला में 60 से अधिक होटल व रेस्टोरेंट हैं। हाईवे के चौड़ीकरण के बावजूद कई होटलों के सामने डिवाइडर बन गए हैं। इसका असर होटल व रेस्टोरेंट की आय पर पड़ रहा है। ऐसे में होटल संचालकों ने अपने होटल के सामने हाईवे पर मिट्टी डालकर अवैध कट बना दिए हैं। उनसे भी आए दिन हादसे होते रहते हैं।



## एक नजर

### हार्ट अटैक से 30 वर्षीय युवक की मौत

गजरौला, अमृत विचार : हार्ट अटैक से मौत होने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। शुक्रवार सुबह भी हार्ट अटैक से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। शहर के अल्लीपुर भूड़ मोहल्ला निवासी जेई धनवीर सिंह नागर के छोटे भाई धूरेंद्र नागर (30) शुक्रवार की सुबह घर पर थे। अचानक से उनके सीने में दर्द हुआ और वह जमीन पर गिर गए। इससे परिवार वालों में हड़कंप मच गया। वह धूरेंद्र को निजी चिकित्सक यहां ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक के अनुसार धूरेंद्र की हार्टअटैक की वजह से मौत हुई है।



### सड़क किनारे पड़ा गोवंश का शव, हटवाने की मांग

रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के कस्बा रहरा में चकफेरी आदमपुर मार्ग के किनारे शुक्रवार को गोवंश का शव पड़ा मिला। जिससे आ रही बदबू से लोगों का इस मार्ग से गुजरना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने गोवंश के शव को यहां से हटवाने की मांग की है।

### मिनी स्टेडियम में लगेगा सांस्कृतिक मेला

अमरोहा, अमृत विचार : नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि मिनी स्टेडियम में 10 फरवरी से सांस्कृतिक मेला लगेगा। इस मेले में फिल्मी कलाकार भी आएंगे। पालिका के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर वासियों के मनोरंजन के लिए 10 फरवरी को मिनी स्टेडियम में सांस्कृतिक मेला लगेगा। मेले के कार्यक्रम का प्रभारी नगर पालिका के अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार को नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि मेले में जानेमाने कव्वाली कलाकार आएंगे। मेले में झूले, खेल तमाशा और अन्य सामानों की दुकान भी लगाई जाएंगी। बताया कि मेला 15 दिन तक चलाया जाएगा।

### बारिश के बाद मुख्य मार्गों पर जलभराव से परेशानी

मुबारिजपुर, अमृत विचार : दो दिन पहले हुई बारिश से मुख्य मार्ग पर जलभराव से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि क्षेत्र के कई मार्गों को फिर से बनाया जाना चाहिए। इन सड़कों पर स्कूली बच्चों को भी निकलने मे दिक्कतें होती हैं। परंतु इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। दड़ियाल के चौराहे पर बारिश के बाद जलभराव से स्कूली बच्चों और लोगों को निकलने में मुश्किल हो रही है।

### भाकिसं जिले में चलाएगा सदस्यता अभियान

अमरोहा, अमृत विचार : भारतीय किसान संघ की बैठक जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा के नेतृत्व में संगठन के कार्यालय पर हुई। बैठक में सदस्यता को लेकर चर्चा की गई। प्रांत उपाध्यक्ष चौधरी नरेंद्र सिंह ने कहा की जिले में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा जनपद का लक्ष्य 25000 सदस्य बनाने का है। संजीव शर्मा ने कहा की 15 फरवरी तक सभी ब्लाकों का गठन और सभी ग्राम समितियां का गठन पूर्ण करना है। बैठक में चंद्र प्रकाश शर्मा, आलोक चौहान, महिपाल सिंह, अनुज चौहान, जयप्रकाश शर्मा, तारा सिंह, धर्मपाल सिंह, सतीश चंद त्यागी आदि मौजूद रहे।

# विद्यालयों में शिक्षा का स्तर सुधारें

## जिलाधिकारी ने बैठक में दिव्यांगों के लिए शिविर लगाने को कहा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी की अध्यक्षता में शासन की प्राथमिकता वाले बिंदुओं पर बैठक हुई। जिसमें जिला अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विद्यालयों में पठन-पाठन की स्थिति को सुधारा जाए।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने विद्यालयों में पढ़ाई की व्यवस्था को सुधारने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक कर निर्देश दिए कि बच्चों से सवाल-जवाब करें और भाषा, गणित का ज्ञान कराएं। उन्होंने कहा कि कायाकल्प योजना के तहत जो भी कार्य कराए जाने हैं। सभी मानकों पर प्रभावी कार्रवाई कराएं।



कलेक्ट्रेट में बैठक करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी। ● अमृत विचार

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि दिव्यांगों को अभियान चलाकर प्रमाण पत्र जारी किया जाए। विकास भवन में शिविर लगाया जाए। जिससे दिव्यांगों के फॉर्म भरवाए जाएं और मौके पर ही दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्रा, परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मोनिका चौधरी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम और एसपी ने किया क्षेत्र भ्रमण

अमरोहा, अमृत विचार : वाराणसी के ज्ञानवापी के तहखाना में पूजा अर्चना प्रारंभ होने के बाद नगर में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी और पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस बल के साथ नगर का भ्रमण किया। शुक्रवार को नगर में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखना के लिए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आरएएफ के जवानों के साथ नगर के मुख्य बाजार व भीड़ वाले स्थान पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दोनों अधिकारियों ने पैदल मार्च कर आम जन, व्यापारियों दुकानदारों से वार्ता की उन्हें सुरक्षा का एहसास दिलाया। पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थानों को सतर्क किया है।

### बूथ पर रात्रि प्रवास करें भाजपा कार्यकर्ता: बृजेश

नौगांवा सादात, अमृत विचार : विधानसभा क्षेत्र नौगांवा सादात में भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान के आवास पर कार्यशाला हुई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि लोकसभा संयोजक बृजेश चौधरी ने कहा प्रत्येक बूथ पर पिछली बार मिले वोटों को 10 प्रतिशत बढ़ाना है। कार्यकर्ता बूथ पर जाकर रात्रि प्रवास करें और बूथ पर सरल एप, नमो एप डाउनलोड काराएं। जिला महामंत्री राकेश वर्मा ने कहा कि लोकसभा के चुनाव अब जल्द होंगे। इसलिए संगठन से जिस कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिल रही है उसको समय रहते हुए पूरा कर लें। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह सैनी, परम सिंह सैनी, आफताब आडवाणी, ठाकुर भगवत चौहान, कृष्ण बहादुर, प्रीतम सैनी, प्रखर चौहान, धर्म सिंह सैनी, हाजी शहाबुद्दीन अंसारी, रोहतास सैनी, अमित शर्मा, आदि मौजूद रहे।

## सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न डालें, सफाई का ध्यान रखें

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नगर पालिका सभागार में हुई कार्यशाला में अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों जैसे नाली, नालों अन्य किसी खुले स्थान या तालाब किनारे कूड़ा नहीं डालना चाहिए। खुले में भी गंदगी नहीं करनी चाहिए। इससे बीमारियों का खतरा बना रहता है। लोगों को खुद भी जागरूक रहना चाहिए और अन्य लोगों को भी जागरूकर करना चाहिए।

शुक्रवार को कार्यशाला में जनपद की अन्य नगर निकायों से आए कर्मचारी भी शामिल रहे। जिसमें ईओ ने कहा कि जनपद में निकायों से निकलने वाले सेप्टिक टैंक की गंदगी को पालिका द्वारा बनवाए गए डायडेरा के एफएसटीपी प्लांट में निस्तारित कराया जाना चाहिए। यदि पालिका क्षेत्र के तहत कोई व्यक्तिगत रूप से डी स्लेजिंग का कार्य करने वाले अपने टैंक को एफएसटीपी के अतिरिक्त इधर-उधर डालता मिला तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी और 5000 रुपये का जुर्माना लगेगा। इससे तरह-तरह की बीमारियां होने की खतरा बना रहता है। सभी लोगों को जागरूक रहना चाहिए। अपने घर के आसपास भी सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।



कार्यशाला में जानकारी देते अधिशासी अधिकारी। ● अमृत विचार

### पूर्व विधायक को प्रधानमंत्री ने दी जन्मदिन की बधाई

अमरोहा, अमृत विचार : पूर्व विधायक कमल सिंह मलिक का धूमधाम के साथ जन्मदिन मनाया गया। जिसकी बधाई प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से पत्र भेजकर दी है। गुरुवार को पूर्व विधायक कमल सिंह मलिक का जन्मदिन था। जिस पर विधायक को राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने जन्मदिन की बधाइयां दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पूर्व विधायक के जन्मदिन की बधाई सोशल मीडिया के माध्यम से देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# इलाज के दौरान हकीम ने महिला से की छेड़छाड़, आरोपी को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : शहर के एक मोहल्ला निवासी बीमार महिला का उपचार करने के लिए एक हकीम उसके घर पहुंच गया। उपचार के दौरान हकीम ने महिला के साथ छेड़छाड़ करनी शुरू कर दी। महिला ने शोर मचाया और इसकी जानकारी अपने पति को दी। इस पर महिला के परिजनों ने हकीम को बंधक बना लिया और पिटाई की। जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मामले में महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हकीम पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

यह मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ले का है। मोहल्ले में रहने वाली एक महिला बीमार रहती है। इस दौरान अपने को हकीम बताने वाला मोहल्ला घेर पछय्या निवासी शहाबुद्दीन गुरुवार को महिला के घर इलाज करने पहुंचा। आरोप है कि उपचार के दौरान हकीम ने महिला से छेड़खानी की। हकीम की इस हरकत को देखकर महिला ने शिकायत पति से की। इसके बाद महिला के परिजनों ने हकीम शहाबुद्दीन को बंधक बना लिया और उसकी पिटाई की। जानकारी होने पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। बाद में महिला के परिजनों ने आरोपी हकीम शहाबुद्दीन को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में महिला के पति की शिकायत पर शहाबुद्दीन के खिलाफ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज की है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

## तीन बच्चों के पिता ने छात्रा से की दोस्ती

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : तीन बच्चों के पिता ने गाजियाबाद निवासी छात्रा से फेसबुक पर दोस्ती कर ली। उसने छात्रा से खुद को अविवाहित बताया था। जब नजदीकी बढ़ी तो छात्रा को प्रेम में फंसा लिया। छात्रा को युवक के शादीशुदा होने की जानकारी हुई, तो उसने बात करनी बंद की दी। लेकिन आरोपी मोबाइल कॉल कर परेशान कर रहा है। पीड़िता ने शहर कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

जनपद गाजियाबाद की रहने वाली छात्रा गुरुवार दोपहर अधिवक्ता व भाई के साथ शहर कोतवाली पहुंची। उसने मोहल्ला बड़ा दरबार में महल वाली गली निवासी युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। छात्रा का आरोप है कि 2023 में फेसबुक पर उसकी दोस्ती शहर निवासी युवक से हुई थी। दोनों के बीच बात होने लगी, दोस्ती के बाद दोनों में नजदीकी बढ़ती चली गई। इस दौरान आरोपी ने खुद को अविवाहित बताया। एक दूसरे के मोबाइल नंबर भी ले लिए तथा कॉल पर भी बात होने लगी। इस दौरान छात्रा को पता चला कि युवक शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता है तो उसने बात करना बंद कर दिया। आरोप है कि युवक ने छात्रा के नाम से फेसबुक पर फेक आइडी बना ली है तथा उसके फोटो एडिट कर बदनाम कर रहा है। छात्रा के रिश्तेदारों को काल कर उसका अपहरण की धमकी दे रहा है। आरोपी ने छात्रा के चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी भी दी जा रही है। पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

## तीन अज्ञात युवकों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

गजरौला, अमृत विचार : वेंक्टेश्वरा हॉस्पिटल से ड्यूटी कर घर लौट रहे युवक से अज्ञात युवकों ने मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने तीन अज्ञात युवकों पर रिपोर्ट दर्ज कर की है।

बता दें कि अनिल कुमार पुत्र लाल सिंह निवासी गांव कंजर बसेडा थाना धनौरा 30 जनवरी को ड्यूटी समाप्त कर गांव जा रहा था। वह गदापुर रेलवे फाटक के बीच पहुंचा तो बाइक सवार तीन युवकों ने उससे मारपीट करना शुरू कर दी। उसके शोर मचाने से लोग उसे बचाने दौड़े, जिसपर आरोपी मारने की धमकी देते हुए भाग गये। उस दिन युवक ने फोन व 500 रुपये भी छीनने का आरोप लगाया था। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अमेरिका से फोन पर दिया तलाक

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

▸▸ अमेरिका में भी मारपीट करने पर पुलिस ने किया था गिरफ्तार

अमृत विचार : अमेरिका में रहने वाले पति ने मोबाइल पर काल कर पत्नी को तीन तलाक दे दिया। पति दहेज में फ्लैट की मांग कर रहा था। इससे पहले अमेरिका में साथ रहते हुए भी पीड़िता से मारपीट की गई थी। लेकिन समझौते के बाद वहां पर दर्ज मुकदमा खत्म हो गया था। अब पीड़िता ने शहर कोतवाली में पति समेत ससुराल के चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मामला शहर के मोहल्ला पीरजादा का है। यहां की रहने वाली महिला का निकाह 11 अक्तूबर 2022 को मोहल्ला झंडा शहीद निवासी डॉ. खुर्शीद अहमद के बेटे मंसूर अजीम सिद्दीकी से हुआ था। निकाह में 65 लाख रुपये भी खर्च किए थे। मंसूर अजीम सिद्दीकी अमेरिका में नौकरी करता है। आरोप है कि निकाह के बाद से ही महिला को कम दहेज लाने के लिए प्रताड़ित किया जाता था। निकाह के आठ दिन बाद ही महिला के परिजनों ने ससुराल वालों को 10 लाख रुपये और दिए। इसके बाद में पति अमेरिका चला गया और पत्नी को भी वहीं बुला लिया। लेकिन शर्त रखी कि मायके वाले कार व फर्नीचर खरीदने के लिए पैसे देंगे। आरोप है कि पति ने अमेरिका में भी पत्नी के साथ मारपीट की। आठ मार्च को महिला ने अमेरिका में ही रिपोर्ट दर्ज करा दी। अमेरिका की पुलिस ने मंसूर अजीम सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया। पति के परिजनों ने मिन्नतें की तो विवाहिता ने पति की जमानत करा दी। जमानत और मुकदमा खर्च के लिए मंसूर अजीम ने ससुराल वालों से साढ़े चार लाख रुपये और लिए। मुकदमा खत्म होने के बाद 21 मई को मंसूर अजीम ने पत्नी को भारत भेज दिया और कहा कि वह भी लौट आएगा। 15 दिसंबर 2023 को महिला के मामा ने मंसूर अजीम को कॉल कर उसे बुलाने के लिए कहा। आरोप है कि मंसूर अजीम ने कॉल पर ही पत्नी को तीन तलाक दे दिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि पति, ससुर डॉ. खुर्शीद अहमद, सास विकार फात्मा व ननद शीबा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है और मामले की जांच की जा रही है।

## छह फरवरी को रामलला के दर्शन को जाएंगे श्रद्धालु

अमरोहा, अमृत विचार : भाजपा कार्यालय से छह फरवरी को रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या जाने वाली बसों की योजना बनाई।

कार्यालय प्रभारी तिलकराज चौहान ने कहा कि रामलला के दर्शन को लेकर लोगों में बहुत ही उत्साह है। योजना के हिसाब से लगभग 100 बसें छह फरवरी को प्रातः छह बजे प्रस्थान करेंगी। बस प्रमुख मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि मंडलों के अध्यक्ष बसों के संयोजक बनाए हैं। यात्रियों को असुविधा न हो इसके लिए सभी मंडल अध्यक्षों से बात कर ली है। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी रमेश कलाल ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी बसों को हरी झंडी दिखाकर अयोध्या धाम को रवाना करेंगे।

# जीआरपी ने ट्रेन में मिले लापता बालक को परिजनों को सौंपा

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : सैदनगली क्षेत्र के गांव सकतपुर से लापता हुआ बालक दिल्ली पहुंच गया। दिल्ली से ट्रेन में सवार होकर गजरौला पहुंचे बालक को जीआरपी टीम ने उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव सकतपुर निवासी 11 वर्षीय प्रियांशु पुत्र सोमवीर बीते दिनों घर से नाराज होकर चला गया था। इस बीच वह दिल्ली पहुंच गया। शुक्रवार को प्रियांशु आला हजरत एक्सप्रेस से दिल्ली से गजरौला स्टेशन पहुंच गया। यहां जीआरपी टीम ने उसे अकेला देख ट्रेन से उतार लिया। उसके परिवार की जानकारी जुटाकर सूचना परिजनों को दी। जीआरपी चौकी प्रभारी श्याम बाबू उसे लेकर गांव सकतपुर पहुंचे व परिजनों के सुपुर्द किया। चौकी इंचार्ज ने बताया कि प्रियांशु पहले भी कई बार घर से निकल चुका है।



बालक को परिजनों के सुपुर्द करते जीआरपी कर्मी। ● अमृत विचार

**प्रतिक्रिया** | अंतरिम बजट में किसानों और गरीबों को कुछ नहीं मिलने की कही बात

# किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी की आस अधूरी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : केंद्र सरकार ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट पेश कर दिया। जिसे लेकर लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। कुछ लोगों ने कहा कि बजट में आम आदमी के लिए कुछ नहीं है और न ही नौकरीपेशा के लिए कुछ किया है।

कृषि प्रधान देश होने के बाद भी किसानों का ख्याल नहीं रखा। किसानों ने कहा कम से कम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी होनी चाहिए थी और खाद-बीज सस्ते दाम पर मिलने चाहिए। फसलों का एमएसपी घोषित होना चाहिए थे। कर्मचारियों और मध्यम वर्ग के लोगों के हित में भी बजट नहीं है। पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाना चाहिए। इसके अलावा संविदा कर्मचारियों की जगह स्थायी रोजगार सृजन की घोषणा होनी चाहिए थी।

किसान सम्मान निधि बढ़ने की उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने नहीं बढ़ाई। हर वर्ष बजट बनते हैं, लेकिन किसी भी बजट में किसानों का ध्यान नहीं रखा जाता। बजट में भी किसानों के लिए कोई घोषणा नहीं की गई। इससे लगता है कि किसानों के साथ भाजपा सरकार अच्छा व्यवहार नहीं कर रही। चुनाव के समय में भी सरकार किसानों के लिए कोई घोषणा नहीं करती। इससे किसान मायूस है। **-नरेश चौधरी**, जिला अध्यक्ष भाकियू चढ़ूनी



बजट कर्मचारी व मध्यम वर्गीय कामगारों के हित में नहीं है। बजट में आयकर में कोई छूट नहीं दी गई। पुरानी पेंशन, ठेकेदारी प्रथा और संविदा की जगह स्थायी रोजगार सृजन की घोषणा नहीं होने से कर्मचारियों में निराशा है। अंतरिम बजट कर्मचारी हित के मामले में निराशाजनक है। पूरे बजट में कर्मचारियों के लिए कोई घोषणा नहीं है। पुरानी पेंशन की घोषणा नहीं की गई। **-ज्ञानेंद्र सिंह त्यागी**, जिला अध्यक्ष, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद



वित्त मंत्री द्वारा पेश किए बजट में आयकर में कोई राहत नहीं दी गई है। आयकर की सीमा को सात लाख रुपये ही रखी गई है। वेतनभोगियों और पेशेवरों के लिए भी कोई घोषणा नहीं की गई। कुल मिलाकर पेश किया गया बजट निराशाजनक है। न ही आयकर की सीमा बढ़ाई और सरकार ने बजट में आम आदमी के लिए कुछ नहीं किया। इससे बजट से लोगों की उम्मीदें पूरी नहीं हुई हैं। **-सैफुल हसन एडवोकेट**, आयकर अधिवक्ता



अंतरिम बजट में महिलाओं का भी ध्यान रखा गया है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उत्थान के लिए प्रावधान किया गया है। अंतिरम बजट कुल मिलाकर महिलाओं के लिए ठीक है। कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए खास व्यवस्था की गई है। 9 से 14 साल तक की बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर का टीका लगाने की घोषणा भी बहुत अच्छी है। लेकिन महिलाओं को बजट से इससे अधिक की उम्मीद थी। **-पूजा शर्मा**, गृहणी



## सार-संक्षेप



आदमपुर में गंदगी के विरोध में नारेबाजी करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### गंदगी के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

आदमपुर, अमृत विचार : कस्बा आदमपुर में ग्रामीणों ने जलभराव के विरोध में प्रदर्शन किया और ग्राम प्रधान पर लापरवाही का आरोप लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि आदमपुर पुटसल मोड़ के निकट जब से नाले का निर्माण हुआ है, तभी से नाला मिट्टी से बन्द पड़ा है। जिस कारण पानी की निकासी नहीं हो रही है और पानी एक ही स्थान पर भरा है। इस पानी से संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान से कई बार शिकायत करने पर भी समाधान नहीं हुआ। प्रदर्शन करने वालों में गुड्डू, छोटे, जगतसिंह, यादराम सिंह, इस्तार, हफीज, सद्दाम, कलुआ, अजीज, सवरीन, अख्तरी, जरीना आदि मौजूद रहीं।

### ई-रिक्शा व बाइक की टक्कर में मां-बेटा घायल

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर ई-रिक्शा व बाइक की टक्कर में मां-बेटा घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां घायलों का उपचार किया और हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शुक्रवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के गांव सहसौली निवासी शिवराज पुत्र सतवीर मां सर्वेश व बहन प्रीति के साथ बहन की दवाई दिलाने के लिए कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलौती जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक गजरौला मार्ग पर पेट्रोल पंप के निकट पहुंची तो ई-रिक्शा से टक्कर हो गई। दुर्घटना में मां-बेटा बुरी तरह घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ई-रिक्शा चालक ई-रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस को फोन कर मौके पर बुलाया और घायल मां-बेटा को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। बाद में दोनों घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।



हादसे में घायल युवक।



कलश यात्रा में महिलाएं और किशोरियां। ● अमृत विचार

### कथा के समापन पर निकाली कलशयात्रा

रहरा/मुबारिजपुर, अमृत विचार : ब्लाक गंगेश्वरी क्षेत्र के गांव रहरई में शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर कलश यात्रा निकाली गई। कथावाचक रामपाल ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्रीमद् भागवत कथा का समापन किया और कलश यात्रा का आरंभ किया। कलश यात्रा ने गांव में भ्रमण किया। इस दौरान भक्तों के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। पीले वस्त्रों और चुनरी पहने महिलाओं ने कलश सिर पर रखकर प्रभु का स्मरण कर नृत्य करते हुए गंगा में कलश विसर्जन किए। इसके बाद गांव में भंडारे का आयोजन किया। गांव समेत आसपास के भक्तों ने प्रसाद लिया। इस मौके पर गोवर्धन, विजेंद्र यादव, हरिओम गौतम, कल्लू सैनी, जगवीर सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।

### सीएचसी कालोनी में लगे कूड़े के ढेर

गजरौला, अमृत विचार : शहर की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कालोनी में कई जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। इसमें नगर पालिका की भी लापरवाही सामने आ रही है। नगर पालिका परिषद कागजों में भले ही स्वच्छता के मामले में स्वच्छ और साफ नजर आ रही है। लेकिन यहां के हाल बेहाल है। स्वच्छता अभियान के तहत कचरा संग्रहण के लिए नगर परिषद में गाडियां भी लगा रखीं हैं। बावजूद इसके शुक्रवार को नगर की सीएचसी कालोनी में कचरे का ढेर लगा रहा। कचरे की बदबू से आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। कचरे से मच्छर भी पनप रहे हैं। ईओ गार्गी त्यागी ने बताया कि कूड़ा रोजाना उठ रहा है। कूड़ा पड़ा होने की जानकारी संज्ञान में नहीं थी। इस संबंध में कार्रवाई की जायेगी।



कूड़ेदान के बाहर पड़ा कूड़ा।

### किसानों ने दिल्ली के धरने की बनाई रणनीति

गजरौला, अमृत विचार : भाकियू चढ़ूनी गुट के पदाधिकारियों की बैठक में 13 फरवरी को दिल्ली में धरना देने की रणनीति बनाई। शुक्रवार को बैठक में संगठन के जिलाध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी का कोई आदेश इस बाबत नहीं मिला है। जैसे ही आदेश आएगा तो तुरंत दिल्ली को घेरा जाएगा। मंडल के हर जिले से 200 ट्रैक्टरों से पदाधिकारियों एवं किसानों के साथ दिल्ली कूच करने पर सहमति बनी है। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एमएसपी गारंटी कानून बनाने के अपने वादे से मुकर गई है। मंडल अध्यक्ष प्रदीप चौधरी की अध्यक्षता व राहुल सिद्धू के संचालन में बैठक में जगदेव सिंह, चौधरी चरण सिंह, रवि चौधरी, दलजीत सिंह, वीरेंद्र सिंह फौजी, सूबे सिंह डागर, तस्लीमा सैफी, सोनू यादव, अनीस चौधरी, कर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



फसलों की रखवाली को खेत में मौजूद महिला और युवती। ● अमृत विचार

### फसलों की दिनरात रखवाली कर रहे किसान

मुबारिजपुर, अमृत विचार : किसान फसलों को बचाने के लिए दिनरात खेतों की रखवाली कर रहे हैं। फसलें बचाने की सभी कोशिशों के बावजूद गोवंशों का झुंड खेतों में फसल को बर्बाद कर देते हैं। ऐसे में किसान दिन और रात जाग कर भी फसल नहीं बचा पा रहा। गोवंशों से फसल बचाने को किसान अपनी जान जोखिम में डालकर खेतों की रखवाली कर रहे हैं। फिर भी अपनी फसल की बचाव नहीं कर सकते। शासन प्रशासन के तमाम आदेश बेमानी साबित हो रहे हैं। लेकिन कोई बचाव नहीं हो पा रहा। दड़ियाल क्षेत्र में गोवंश अक्सर खेतों में फसल बचाने की कोशिश कर रहे किसानों पर हमले कर रहे हैं।

## एक नजर

### मामूली बात पर सास ने पुत्रवधू से की मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव सैजना निवासी आलम की पत्नी रुबी ने शुक्रवार को बताया कि घर में मिट्टी की कच्ची ईंटें रखी हुई थी। सास फरजाना ईंटों को तोड़ने लगीं। जिसका रुबी ने विरोध किया। इसी बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि फरजाना ने रुबी की लात घूसों से पिटाई कर दी। जिसके बाद रुबी थाने पहुंची और तहरीर देकर फरजाना पर कार्रवाई करने की मांग की।

### महिला से युवक ने की छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

**गुन्नौर अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में महिला से छेड़छाड़ और खेत में खींचने की कोशिश के आरोप में पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का कहना है कि 30 जनवरी की शाम करीब पांच बजे वह खेत से लौट रही थी। इस दौरान गांव सैजना मुस्लिम निवासी फजीर पुत्र इन्ना ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ अभद्रता करने लगा। आरोप है कि युवक हाथ पकड़ कर जंगल में खींचने लगा तो उसने शोर मचाते हुए विरोध किया। तमाम लोगों के पहुंचने पर आरोपी भाग गया।

# छुट्टा पशु संरक्षित न किए तो होगा आंदोलन

## खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर भाकियू टिकैत का धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**संवाददाता,बहजोई**

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़े किसानों ने छुट्टा पशुओं को गोशाला में नहीं भेजे जाने के विरोध में विकासखंड पर धरना दिया। छुट्टा पशुओं को संरक्षित करने की मांग उठाई। बीडीओ को ज्ञापन सौंपकर छुट्टा पशुओं से निजात दिलाने की बात कही।

प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर सिंह के नेतृत्व में किसान खंड विकास अधिकारी कार्यालय पहुंच गए। जहां बहजोई की ग्राम पंचायत बवनपुरी कला व परतापुर में छुट्टा पशुओं को संरक्षित नहीं किए जाने को लेकर धरना दिया। धरने में किसानों ने नारेबाजी की। धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि छुट्टा पशुओं से किसान परेशान हैं। उनकी फसलों को छुट्टा पशु बर्बाद कर रहे हैं। कई बार मुद्दे उठाने के बावजूद सचिव तथा प्रधान इन पशुओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसान अपनी फसल की रखवाली रात भर जाग कर कर रहे हैं। कहा कि पशुओं को संरक्षित नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन तेज करने के लिए बाध्य होगा। किसानों ने बीडीओ प्रेमचंद को ज्ञापन सौंपकर पर समस्याओं के समाधान की मांग उठाई। इस दौरान कृष्णपाल सिंह राणा, शीशपाल सिंह, महेश यादव, भान सिंह, विजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



ब्लाक कार्यालय में धरना देते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### अंडरपास को लेकर भाकियू का धरना 10वें दिन भी जारी

**संभल, अमृत विचार :** अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 10वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने प्रदर्शन करते हुए अंडरपास निर्माण की मांग उठाई। गांव भटौला में किसान अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। बुधवार को रात से गुरुवार को सुबह तक हुई बारिश से किसानों के धरनास्थल पर भी जलभराव हो गया। फिर भी किसान अपनी आवाज उठा रहे हैं। शुक्रवार को किसानों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। किसानों का कहना रहा कि अंडरपास का निर्माण शुरू होने तक धरना जारी रहेगा। कहा कि सरकार किसानों की आवाज नहीं सुन रही है। बजट में भी किसानों को कुछ नहीं दिया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष युवा दिनेश सिरोही, राहिद, मुशाहिद खां, राम सिंह, सुरेश, गनपत, रामकिशन, रमेश, मुस्ताक, आकाश, अशोक शर्मा, पातीराम, गंगासरन आदि रहे।

## गोवंश को अस्पताल परिसर में बंद करने में दर्ज होगा केस

**संभल, अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र के कुतुबपुर अमावती गांव में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में निराश्रित गोवंश को बंद करने वाले ग्रामीणों पर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव ने कैलादेवी थाने में दो नामजद सहित कुछ अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है।

30 जनवरी को ग्रामीणों ने गांव में बन रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन में निराश्रित गोवंशों को इकट्ठा कर बंद कर दिया था। बाद में किसी तरह ग्रामीणों को समझाकर पशुओं को स्वास्थ्य केंद्र भवन से बाहर निकाला गया था।

ग्राम प्रधान द्वारा गांव के ही लायक तथा सुरेंद्र व कुछ अज्ञात लोगों के नाम बताए गए। मामले की जानकारी खंड विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों को दी गई थी। खंड विकास अधिकारी पवांसा के निर्देश पर ग्राम पंचायत सचिव राम अवतार व ग्राम प्रधान प्रीति पत्नी कपिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से तहरीर दी गई है।



जिला अस्पताल में महिला की मौत के बाद शोकाकुल परिजन। ● अमृत विचार

# झोलाछाप से गर्भपात के बाद रक्तस्राव से महिला की मौत

**संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र में अधिक रक्तस्राव होने पर तबीयत बिगड़ी तो परिजन महिला को लेकर जिला अस्पताल आ गए। यहां आने के बाद महिला की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में पूछताछ की। महिला ने आठवीं बार गर्भवती होने पर झोलाछाप के यहां गर्भपात कराया था।

थाना क्षेत्र के गांव जैतोरा सागरपुर निवासी ओमकार की पत्नी छोटी की (40 वर्ष) गुरुवार की सुबह रक्तस्राव होने से तबीयत बिगड़ गई। परिजन आनन फानन में छोटी को लेकर रजपुरा में स्थित निजी डॉक्टर के पास पहुंचे। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उपचार कराने के लिए देर रात आठ बजे उसे लेकर जिला अस्पताल आ गए। यहां डॉक्टर ने देखते ही छोटी को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी की। ओमकार ने बताया कि उसके सात बच्चे हैं। दो बेटियों की शादी हो चुकी है। आठवीं बार गर्भवती होने पर छोटी ने डेढ़ माह पहले रजपुरा में स्थित झोलाछाप से गर्भपात कराया था।

# छत पर सो रहे ग्रामीण को बंदर ने काटकर किया जख्मी

**संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार:** हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र में छत पर सो रहे ग्रामीण को बंदर ने काटकर जख्मी कर दिया। परिजन आनन फानन में व्यक्ति को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और उपचार कराया।

थाना क्षेत्र के गांव पोटा बराही निवासी इरफान व उसकी पत्नी परवीन शुक्रवार को दो बजे छत पर सो रहे थे। किसी काम से परवीन छत से उतरकर नीचे आ गई। थोड़ी देर बाद अचानक बंदर ने आकर इरफान पर हमला कर दिया। इरफान अपने आप को बंदर से छुड़ाने की कोशिश करने लगा। इसके बाद भी बंदर ने इरफान का पीछा नहीं छोड़ा और गले पर काटकर जख्मी कर दिया। चीख पुकार को सुनकर छत पर पहुंचे परिजनों ने लाठी डंडे दिखाकर बंदर को भगाया। जिसके बाद परिजन इरफान को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर से उपचार कराया।

### सांड से टकराई बाइक युवक गंभीर घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** गुन्नौर क्षेत्र में मेरठ–बदायूं स्टेट हाईवे पर गुरुवार की रात बाइक सांड से टकरा गई। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी से घायल युवक को अलीगढ़ रेफर किया गया। गांव हैदराबाद निवासी राजेश गुरुवार की देर रात बहन की ससुराल से बाइक द्वारा लौट रहा था। हाईवे पर गांव सैंजना मुस्लिम और जुनावई के बीच अचानक बाइक सांड से टकरा गई। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गया।

## आमने-सामने टकराईं दो बाइक, तीन घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर गांव जगन्नाथपुर के पास दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों बाइकों पर सवार महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

क्षेत्र के गांव उदयभानपुर निवासी मुकेश शुक्रवार को दोपहर बाइक से जगन्नाथपुर आ रहा था। तभी जुनावई की ओर से बाइक पर जुनावई थाना क्षेत्र के गांव चिरबारा निवासी अवनेश अपनी मां शकुंतला को लेकर आ रहा था। गांव जगन्नाथपुर के पास दोनों बाइकें आपस में टकरा गईं। जिससे मुकेश, अवनेश और शकुंतला घायल हो गए।

सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। हादसे में दोनों बाइकें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

# सफाई कर्मियों ने डीपीआरओ को दिया ज्ञापन

**संवाददाता,बहजोई**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने सफाई कर्मियों की समस्याओं को लेकर डीपीआरओ को ज्ञापन सौंपकर बायोमेट्रिक हाजिरी से सफाई कर्मियों को दूर रखने की मांग उठाई।

जिलाध्यक्ष धीरजपाल सिंह यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय पहुंच गए। जहां उन्होंने डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे को ज्ञापन सौंपकर कहा कि सफाई कर्मचारियों को ऑनलाइन उपस्थिति के साथ-साथ अन्य अन्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। कहा कि जनपद में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के शासन द्वारा बढ़ाये गए डीए 38 प्रतिशत से 42 प्रतिशत तथा 42 प्रतिशत से 46 प्रतिशत के एरियर का भुगतान नहीं हो पाया है। शीघ्र ही भुगतान कराया जाए। बायोमेट्रिक मशीन खराब होने एवं नेटवर्क की समस्या होने के कारण जिन-जिन सफाई कर्मियों की हाजिरी नहीं लग पाई है उनका वेतन प्रतिबंधित किया गया है। उनके वेतन का भुगतान किया जाए। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, जिला महामंत्री रंजीत सिंह, सुदेश कुमार, विजयपाल सहित आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



डीपीआरओ को ज्ञापन सौंपते पंचायत सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार

- **बायोमेट्रिक हाजिरी से सफाई कर्मियों को मुक्त करने की मांग**
- **एरियर का भुगतान शीघ्र करने की मांग उठाई**

## सार-संक्षेप

### नगर पंचायत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रहीं अफसरी बेगम का इंतकाल



**गुन्नौर अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी की बहन और नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष पद की निर्दलीय प्रत्याशी रहीं अफसरी बेगम का हार्ट अटैक से इंतकाल हो गया।शुक्रवार को दोपहर ढाई बजे बदायूं रोड स्थित उनके आवास से जनाजा निकाला गया तो बड़ी तादाद में लोग उमड़े। बदायूं रोड स्थित कब्रिस्तान में नमाज–ए–जनाजा के बाद शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। जनाजे में उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफाक सैफी, नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन मुजफ्फर अली कक्के, व्यापार मंडल के अब्दुल मतीन, केवी यादव, सलमान अली समेत तमाम लोग शामिल हुए।



यातायात जागरूकता के पोस्टर दिखाते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

### विद्यार्थियों ने यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र गुप्ता, गौरव वार्ष्णेय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम अधिकारी और रामतीर्थ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने किया। प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि हमें सड़क पर चलते समय यातायात के नियमों का पालन आवश्यक रूप से करना चाहिए। निर्णायक मंडल में रहे सदस्यों प्रीति शर्मा सहायक आचार्य गृह विज्ञान, पूजा शर्मा सहायक आचार्य शिक्षा शास्त्र आचार्य, सलोनी रस्तोगी सहायक आचार्य गृह विज्ञान व श्रीनिवास सिंह यादव सहायक आचार्य अंग्रेजी विभाग ने छात्र – छात्राओं के द्वारा बनाए गए पोस्टरों का मूल्यांकन किया। जया प्रथम, कोमल वार्ष्णेय, द्वितीय, प्रियाशा यदुवंशी ने तृतीय रहे। कार्यक्रम में संजय कुमार, रामचंद्र, निधि राघव, भगवान सिंह चौहान, भुवनेश कुमार, राजीव

### छात्र छात्राओं को दी यातायात नियमों की जानकारी

**संभल अमृत विचार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय सिंहपुरसानी में संगोष्ठी कर छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।पीटीओ एम आबदीन अहमद और प्रभारी यातायात अनुज मलिक ने छात्र छात्राओं से कहा कि वह परिवार के लोगों को नियमों की जानकारी दें। अधिकारियों ने कहा कि तीव्र गति से वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल नहीं किया जाए। इंडिकेटर और डिपर का प्रयोग करें। वाहन चलाते वक्त स्टंट न किया जाए। इसके अलावा ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप भी लगाए गए। वाहन चालकों और परिचालकों को वाहन पर चमकीला कपड़ा लगाने को प्रेरित किया।



कार्यकर्ताओं को अयोध्या भेजने की रूपरेखा बनाते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### श्रीराम लला के दर्शन को आज रवाना होंगे 5,000 भाजपाई

**संभल, अमृत विचार :** जनपद संभल से अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन के लिए 5000 भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शनिवार को सुबह बसों से रवाना होंगे। जिसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।जनपद संभल के शहर एवं देहात क्षेत्र के 5000 भाजपाइयों को 100 बसों से अयोध्या ले जाया जाएगा। शनिवार को सुबह सात बजे सभी मंडलों से बसें रवाना की जाएंगी। शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय पर श्रीराम भक्तों के आईकार्ड तैयार करते हुए सूची भी तैयार कर ली गईं। श्रीराम भक्तों की अयोध्या रवानगी को लेकर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बसें तय समय पर अयोध्या के लिए रवाना हो जायेंगी। इस दौरान हरिओम शर्मा, प्रभात शर्मा, सोनू चाहल, सौरभ गुप्ता, शोभित गुप्ता, गणेश शर्मा, अंकुश ठाकुर आदि रहे।

# उपकरण बदले जाने के चलते घंटों गुल रही 2200 घरों की बिजली

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** बिजली विभाग ने रायसत्ती बिजलीघर पर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि को लेकर एक फीडर की इनकमिंग और आउटगोइंग मशीनें बदलीं। जिस कारण फीडर क्षेत्र के करीब 2200 घरों की बिजली बाधित रही। हालांकि अन्य तीन फीडरों की बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चलती रही। बिजलीघर पर काम के चलते और तीन दिन बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की बात कही गई।

बिजली विभाग ने रायसत्ती बिजलीघर पर पांच एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर हटाकर दस एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाने से पहले मशीनें बदलने का काम शुरू कराया है। जिसके चलते शुक्रवार को सुबह से ही कटरा बाजार फीडर की बिजली आपूर्ति बाधित कर दी गई। इस फीडर से जुड़े तकरीबन 2200 उपभोक्ता प्रभावित हुए। वहीं रायसत्ती बिजलीघर के हातिम सराय, रायसत्ती और इंडस्ट्रियल फीडर की बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चलती रही। शाम को टेस्टिंग के बाद कटरा बाजार फीडर की बिजली सुचारू की गई। एसडीओ प्रथम यशपाल सिंह ने बताया कि शनिवार को ट्रांसफार्मर को रखने का कार्य किया जाएगा।



बिजली घर पर मशीन बदलने का कार्य करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- **ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि को लेकर तीन दिन तक प्रभावित रह सकती है बिजली आपूर्ति**
- **एक फीडर की इनकमिंग और आउटगोइंग मशीनें बदली गईं तो रही दिक्कत**

## सर्दी व बारिश के बाद धूप से मिली राहत

**संभल, अमृत विचार :** बारिश के बाद मौसम साफ होने पर शुक्रवार को धूप निकली तो लोगों के चेहरे खिल उठे। लोगों ने बड़ी राहत महसूस करते हुए कामकाज किया और खुले में बैठकर धूप का आनंद लिया।

जनवरी के अंतिम सप्ताह में भी लोग कोहरे, गलन और शीतलहर के कारण ठिठुरते रहे। बुधवार की रात से शुरू हुई बारिश गुरुवार को सुबह तक हुई तो मौसम खुला नजर आया।

दोपहर के वक्त तो धूप तेज हो गई तो और भी राहत मिली। आलम यह रहा कि शाम को साढ़े पांच बजे तक धूप रही और लोग बिना किसी दिक्कत के जरूरी काम निपटाने में जुटे रहे। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र के लोगों ने भी धूप निकलने पर राहत महसूस की।

# किसान को गोली मारने में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई**

- **घायल किसान का अलीगढ़ के अस्पताल में हो रहा उपचार**

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में किसान को जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर गोली मारने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं घायल किसान का अलीगढ़ के अस्पताल में उपचार चल रहा है।

थाना क्षेत्र के गांव बुधौती फाजलपुर निवासी भगवान सिंह (50 वर्ष) गुरुवार को परिवार के अजेंद्र के साथ गांव पतरिया से दवा लेकर बाइक से लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में मिले पांच लोगों ने रोक लिया।

जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर गाली गलौज की। फिर भगवान सिंह को पीछे से गोली मार दी। घटना के बाद आरोपी भाग गए। घायल भगवान सिंह को सीएचसी से अलीगढ़ रेफर किया गया। इस मामले में भगवान सिंह के भाई बृजलाल ने गांव के ही राजेश यादव, पप्पू, सतराम, राधे और नंदराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इंस्पेक्टर क्राइम सत्य विजय सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश चली आ रही है। 11 अगस्त 2023 को पप्पू के चचेरा भाई अवधेश का शराब पीकर विवाद हो गया था। जिसके गुप्तांग में चोट लग गई थी और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

पप्पू ने गांव के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें भगवान सिंह का बेटा लाखन भी नामजद था।

# कल्पवासी साधु संतों ने डाला गंगा किनारे डेरा

**संवाददाता, गुन्नौर**

**अमृत विचार :** गंगा किनारे स्थित प्रसिद्ध साधु मढ़ी आश्रम पर झोपड़ियों की नगरी रामनगरिया में एक माह से आस्था का पर्व कल्पवास चल रहा है। नियम-संयम और धार्मिक अनुष्ठान के साथ भगवत भक्ति में डूब जाने को कल्पवासी साधु संतों ने डेरा डाल दिया है। इनमें कोई सांसारिक माया से दूर भगवान की भक्ति में लीन होने का संकल्प लेकर तो कोई गुरु के संकल्प को पूरा करने के लिए गंगा किनारे पहुंचा है।

साधु मढ़ी के महंत रामानंद गिरि महाराज ने बताया कि कल्पवास बहुत ही मुश्किल साधना है। इसमें तमाम तरह के नियंत्रण की जरूरत होती है। कल्पवास के दौरान परनिंदा त्याग, साधु सन्यासियों की सेवा, जप एवं संकीर्तन, एक समय भोजन, भूमि शयन, अग्नि सेवन आदि का कड़ाई से पालन किया जाता है। इस दौरान ब्रह्मचर्य, व्रत एवं उपवास, देव पूजन, सत्संग व दान का बहुत महत्व है। कल्पवासी साधु संगत नियमपूर्वक तीन समय गंगा स्नान, भजन-कीर्तन, प्रभु चर्चा में लीन रहते हैं। पौष पूर्णिमा से माघी पूर्णिमा तक बड़ी संख्या में साधु संत कल्पवास करते हैं। इस बीच साधु मढ़ी आश्रम पर कल्पवासी साधु संतों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।



गुन्नौर के साधु मढ़ी आश्रम पर कल्पवास के दौरान भोजन करते संत।

- **इस दौरान भगवान और गुरु की चर्चा मन को देती है शांति**

**उद्घाटन** डीएम ने किसानों को जैविक खेती के लिए किया जागरूक, अधिकारियों को दिए निर्देश

# अस्थाई गोशाला का शुभारंभ, खेल के मैदान का लोकार्पण

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने विकास खंड संभल की ग्राम पंचायत मऊ में मनरेगा के तहत बनाई गई अस्थाई गोशाला रजाभूड़ का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने गोशाला में भूसा स्टोर एवं चारे की व्यवस्था के रखरखाव के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने खेल मैदान का भी लोकार्पण किया।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने अस्थाई गोशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक योजना निराश्रित गोवंशों का संरक्षण है। निराश्रित गोवंश संरक्षण कई बिंदुओं से जुड़ा हुआ है। जिसमें किसानों की फसल के बचाव का कार्य सरकार एवं प्रशासन की प्राथमिकता है। भारतीय संस्कृति में गाय पूजनीय हैं, उसे माता के रूप में पूजा जाता है। जिलाधिकारी ने जैविक खेती को लेकर जागरूक किया। कहा कि किसान लगातार जैविक खेती करें तो उन्हें संस्था द्वारा प्रमाणीकरण किया जाता है। अगर एक बार प्रमाण पत्र मिल गया तो किसान की आय दुगनी हो जाएगी। कहा कि दूध निकालने के बाद गाय को न छोड़ा जाए। इस बारे में लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने ग्राम प्रधान, सचिव, खंड विकास अधिकारी द्वारा मॉडल गोशाला बनाए जाने की प्रशंसा की। जिला विकास अधिकारी को जिले में इसी तरह गोशालाओं का निर्माण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने किसानों को जागरुक करते हुए कहा कि गोबर की खाद से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार आता है। जिससे अच्छा अनाज उत्पन्न होता है। अधिक से अधिक गोबर के खाद का उपयोग किया जाए। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत तिमनपुर के सचिवालय का निरीक्षण कर निर्देश दिए। मनरेगा के तहत बनाए गए खेल के मैदान का लोकार्पण किया। कहा कि बच्चों में खेल के मैदान से एक नई प्रतिभा उत्पन्न होगी। इस दौरान जिला विकास अधिकारी राम आशीष, भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल,भाजपा नेता कुलदीप चाहल पिंकू, ब्लॉक प्रमुख संभल सुषमा चाहल, खंड विकास अधिकारी प्रेमपाल सिंह, ग्राम प्रधान, अधिकारी और कर्मचारी रहे।



गोशाला का फीता काटकर शुभारंभ करते जिलाधिकारी मनीष बंसल। ● अमृत विचार

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर फ्री बाइक सर्विस कैंप
सभी कंपनी की मोटरसाइकिल के पार्ट्स पर 10% की छूट
Prop. Arun Bharti
Abhishek
Himanshu
कैंप दिनांक 26 जनवरी से 28 फरवरी तक
Mob.: 8449252175 8194049754 8057634963
SANSKAR DEEWAN AUTO TRADERS
All Geniune Parts Wholesale & Retail
Deals in : Erc Bajaj, Hero, Royal Enfield
Authorised Distriduter of :SLD, Unishot Besture
ROYAL ENFIELD Hero TVS BAJAJ YAMAHA KTM RACING
Joya Road, Near Roadways, Amroha - 244221 (U.P.)

## एक नजर

### मुकदमे की सुनवाई से लौट रही वृद्धा से मारपीट

**गुन्नौर अमृत विचार :** कोर्ट से मुकदमे की सुनवाई से लौट रही वृद्धा को दूसरे पक्ष ने गुन्नौर में नेहरू चौक पर रोक कर मारपीट की। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव मौलनपुर डांडा निवासी वृद्धा विद्या पत्नी धर्मवीर शुक्रवार को जमीन संबधित मुकदमे की सुनवाई पर आई थी। विद्या लौटने लगी तो आरोप है कि दूसरे पक्ष के लोगों ने विद्या से मारपीट की।

### नकली मोबिल ऑयल की फैक्ट्री की फैली अफवाह

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नकली मोबिल ऑयल की फैक्ट्री के संचालन की अफवाह पर पुलिस ने रामबाग रोड स्थित एक बिल्डिंग में छापा मारा। जहां गोदाम में ताला लगा होने पर पुलिस वापस लौट गई। नकली मोबिल ऑयल की फैक्ट्री पकड़े जाने की अफवाह देर शाम तक फैली रही। पुलिस ने घटना से इंकार किया है।

# मकान की गिरी छत, दब कर वृद्धा की मौत

## कोतवाली क्षेत्र के गांव करेली में घटना, अपने मायके में अकेली रहती थी महिला

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



चन्दौसी के गांव करेली में वृद्धा की मौत के बाद जानकारी करती पुलिस।



**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव करेली में गुरुवार की रात कमरे में सो रही वृद्धा के ऊपर छत गिरने से मौत हो गई। शुक्रवार को सवेरे घटना की जानकारी हुई तो रिश्तेदारों ने ग्रामीणों की मदद से छत का मलबा हटाकर महिला का शव बाहर निकाला। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। महिला अपने मायके में अकेली रहती थी।

जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव जसदपुर निवासी नत्थो 60 वर्ष पत्नी स्व. जोगराज चार वर्ष से अपने मायके कोतवाली क्षेत्र के गांव करेली में रहती थी। जबकि उसका पुत्र गांव जसदपुर में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रहता है। महिला के पास उसकी दो विवाहिता पुत्री कृष्णा व ऊषा आती जाती रहती हैं। महिला एक कमरे में रहती थी। उसकी छत सीमेंट के गाटर- पटिया से बनी थी। गुरुवार की रात महिला भोजन करने के बाद कमरे में जाकर सो गई। इस बीच रात किसी समय छत गिरी गई और महिला की मलबे में दबने से मौत हो गई। शुक्रवार की सुबह छह बजे गांव में माह माघ की प्रभात फेरी निकल रही थी। उसी समय पड़ोस में रहने वाले सुरेश कुमार की पुत्री गुंजन घर के बाहर आई, तो देखा की महिला के कमरे की छत गिरी हुई थी। युवती के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए और गांव निवासी महिला के रिश्ते के भतीजे घेरपाल को बुलाया। इसके बाद रिश्तेदारों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर मलबा हटाया तो महिला का शव चारपाई पर पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलने पर मृतका का पुत्र व पुत्री भी मौके पर पहुंच गई। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी पहुंच गई। परिजनों के कहने पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महिला के माता-पिता की मृत्यु के बाद वह मायके वाले मकान में रहने लगी थी।

- पुलिस ने मौके पर पहुंच कर की घटना की जानकारी

### सड़क हादसे में बाइक सवार होमगार्ड घायल

**संभल, अमृत विचार:** जिला अस्पताल से ड्यूटी के बाद घर जा रहे बाइक सवार होमगार्ड की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे होमगार्ड गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उपचार के लिए होमगार्ड को जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने हायर सेंटर रेफर किया गया।

थाना क्षेत्र के गांव मंडलाई निवासी होमगार्ड प्रेम सिंह शुक्रवार की शाम सदर कोतवाली क्षेत्र में स्थित जिला अस्पताल से डयूटी करने के बाद घर जा रहा था। बाइक लेकर प्रेम सिंह जैसे ही गांव के पास पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे प्रेम सिंह गंभीर रुप से घायल हो गया। राहगीरों ने प्रेम सिंह को रास्ते में पड़ा देखकर परिजनों को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन आनन फानन में प्रेम सिंह को लेकर जिला अस्पताल आ गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्रेम सिंह को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप



छंगामल कोठी के निकट मौजूद सीओ अनुज कुमार चौधरी। ● अमृत विचार

### अलर्ट मोड पर रही पुलिस, अफसरों ने किया भ्रमण

**संभल, अमृत विचार :** वाराणसी में ज्ञानवापी को लेकर अदालत के फैसले के बाद जिले में सतर्कता बरती जा रही है। शुक्रवार को दिनभर पुलिस अलर्ट रही। अधिकारियों ने भी भ्रमण करते हुए पुलिस को जरूरी निर्देश दिए। गुरुवार को जनपद के थानों पर पुलिस अधिकारियों ने गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर अमन कायम रखने की बात कही थी। जिसके बाद शुक्रवार को सुबह से ही पुलिस अलर्ट दिखाई दी। विभिन्न स्थानों पर पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे। संभल में सीओ अनुज कुमार चौधरी ने कोतवाल पवन कुमार के साथ भ्रमण करते हुए पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी को जांचा। इतना ही नहीं, विभिन्न प्वाइंटों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिये भी निगरानी की गई। हरेक गतिविधि पर पुलिस की पैनी नजर रही।

### ज्ञानवापी मामले को लेकर रही पुलिस की निगरानी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** वाराणसी में ज्ञानवापी मामले को लेकर जुमा की नमाज के दौरान पुलिस की निगरानी रही। साथ ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों भी पुलिस गशत करती रही। कोर्ट ने वाराणसी में ज्ञानवापी मामले में फैसला सुनाते हुए सात दिन में पूजा-अर्चना का प्रबंध कराने के निर्देश दिए थे। कोर्ट के आदेश आने के बाद से पुलिस सतर्क हो गई और शांति व्यवस्था कायम रहे इसलिए गश्त बढ़ा दी गई है।

### होलिका दहन स्थल पर कब्जे का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन में होलिका दहन और जन्माष्टमी पर लगने वाले मेले के मैदान पर दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर मैदान से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की गई है। थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मुहल्ला पैठ इतवार के रहने वाले एक समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कहा कि मुहल्ला में भगवान लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास ही स्थित मैदान में होलिका दहन किया जाता है। यहां जन्माष्टमी के मौके पर मेले का लगाया जाता है। बसंत पंचमी पर भी मैदान में कार्यक्रमों का आयोजन होता है। आरोप है कि मुहल्ला बाजार गंज सब्जी मंडी निवासी दूसरे समुदाय के सगे तीन भाई मैदान को खरीदने की बात कहते हुए जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही मैदान में बाजार भी लगवा रहे हैं। जिसकी वजह से एक समुदाय के लोगों में डर की स्थिति बनी हुई है। शिकायती पत्र पर सचिन शर्मा, विशाल शर्मा, शाकुल गुप्ता, विपिन, लकी सहित आदि के हस्ताक्षर हैं।

### श्रीराम लला के दर्शन कर लौटे भक्त, बोले-धन्य हो गए

**बबराला, अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला के दर्शन कर लौटे भक्तों ने रामलला का भोग प्रसाद, श्रीराम मंदिर की पवित्र मिट्टी और सरयू का पवित्र जल परिचितों को भेंट किया। अयोध्या से लौटी भगवा टोली में शामिल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संपर्क प्रमुख अरूण कांत ने अयोध्या यात्रा को यादगार बताते हुए कहा कि वर्षों के इंतजार के बाद रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। नगर संघचालक भुवनेश शर्मा ने कहा कि उत्साह के साथ जय श्रीराम का नारा लगाते हुए सभी दिशाओं से रामभक्त प्रभु के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। जगह-जगह भंडारे चल रहे हैं। भक्ति, उत्साह और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। आरएसएस के जिला संपर्क प्रमुख जगदीप ने कहा कि प्रभु को मंदिर में विराजमान देखकर धन्य हो गया। जिला कार्यवाह राजकुमार, नगर प्रचारक ऋषभ, भाजपा नेता दीपक यादव, नगर पंचायत गवां के पूर्व चेयरमैन अखिलेश अग्रवाल, अमित गुप्ता और अभिषेक आदि ने भी अयोध्या यात्रा के संस्मरण सुनाए।



जिला न्यायालय के बाहर मारपीट करते वादकारी। ● अमृत विचार

# महिला को लेकर अदालत के बाहर मारपीट

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- 20 मिनट तक रही हंगामे की स्थिति, युवक प्रेमिका के साथ आया था तारीख पर
- मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया

**अमृत विचार:** जिला न्यायालय के बाहर गेट पर वादकारियों के बीच जमकर मारपीट हुई। करीब 20 मिनट तक हंगामे की स्थिति बनी रही। अधिवक्ता भी मौके पर पहुंच गए और मामला जानने का प्रयास करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। मारपीट का कारण प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है।

थाना बहजोई क्षेत्र के गांव मैथरा धर्मपुर निवासी रामवीर का विवाह 12 वर्ष पहले रामप्यारी से हुआ। शादी के बाद दंपती के तीन संतान हुईं। करीब डेढ़ वर्ष पहले युवक अपने पड़ोस में रहने वाली महिला को लेकर फरार हो गया और चंडीगढ़ में रहकर मजदूरी करने लगा। हालांकि उसने पड़ोसी महिला से शादी नहीं की। वहीं पड़ोसी महिला के पति ने आरोपी युवक विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। शुक्रवार को जिला न्यायालय में मुकदमे की तारीख थी। तो आरोपी युवक महिला के साथ जिला न्यायालय पहुंचा। जबकि महिला का पति व रामवीर की पत्नी व अन्य परिजन भी जिला न्यायालय आए। शाम साढ़े चार बजे दोनों पक्ष जिला न्यायालय के बाहर गेट पर आ गए। तब पड़ोसी महिला का पति हाथ पकड़कर उसे घर ले जाने लगा। मगर महिला अपने प्रेमी के साथ जाना चाहती थी। दूसरी ओर रामवीर की पत्नी अपने पति का हाथ पकड़कर उसे घर ले जाना चाहती थी। काफी देर यही ड्रामा होने पर रामवीर की पत्नी व अन्य परिजन भड़क गए और महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। रामवीर अपनी प्रेमिका को बचाने लगा, तो उसके साथ मारपीट की गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और रामवीर को कोतवाली ले गई।

# किसानों के मुद्दे उठाकर दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



कृषि उप निदेशक को ज्ञापन सौंपते राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारी।

- समस्याओं का निराकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी
- वंचित किसानों को सम्मान निधि का लाभ शीघ्र दिलाया जाए

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने शुक्रवार को किसानों की समस्याओं से संबंधित मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कृषि उप निदेशक को सौंपा और समस्या समाधान की मांग की है। निराकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

ज्ञापन के माध्यम से कहा कि कुसुम योजना के अंतर्गत सिंचाई हेतू सोलर पम्प की स्थापना कराई गयी थी। अधिकतर किसानों को सोलर पम्प खराब होने की वजह से सिंचाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कंपनी के टोल फ्री नंबर व कृषि विभाग में बार-बार शिकायत करने पर समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। जबकि कंपनी द्वारा सोलर पम्प की पांच वर्ष की गारंटी दी गई है। समस्या का समाधान कराया जाए। इसके अलावा कहा कि वंचित किसानों को सम्मान निधि का लाभ शीघ्र दिलाया जाए। यूरिया के साथ जबरन दवाई दी जाती है। समय-समय पर औचक निरीक्षण कर किसानों का शोषण रोका जाए। चयनित किसानों के अलावा किसानों को यंत्रीकरण की टोकन राशि शीघ्र वापस कराई जाए। छुट्टा पशुओं को गोशाला भेजा जाए और जख्मी पशुओं का उपचार कराया जाए। वीनस शुगर मिल पर 18 वर्ष पुराना 2006-07 और 13 दिसंबर 2023 के बाद का बकाया गन्ना भुगतान कराया। कहा कि 20 फरवरी तक समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कृषि उप निदेशक कार्यालय पर आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष कुलदीप चौधरी, जिला सचिव नेम सिंह, विकास शर्मा, अरुण कुमार, ओमपाल, अरविंद आदि थे।

# संभल में प्रधानमंत्री के आगमन की संभावना देख प्रशासन सक्रिय

कार्यालय संवाददाता, संभल

- डीएम व एसपी ने ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचकर लिया सुरक्षा इंतजामों का जायजा
- 19 फरवरी को होना है कल्कि धाम का शिलान्यास

**अमृत विचार:** कल्कि धाम शिलान्यास कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की संभावना देख जनपद का पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचकर आयोजन को लेकर जानकारी लेने के साथ ही सुरक्षा इंतजामों पर मंथन किया।

ऐंचोड़ा कंबोह में 19 फरवरी को कल्कि धाम शिलान्यास का आमंत्रण पत्र गुरुवार को कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपा था। प्रधानमंत्री ने कल्कि धाम के शिलान्यास आमंत्रण पत्र को लेकर जिस तरह एक्स पर संदेश लिखा उससे यह संभावना जताई जाने लगी है कि प्रधानमंत्री कल्कि धाम शिलान्यास के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आ सकते हैं। इसी संभावना को देखते हुए शुक्रवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल व पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ऐंचोड़ा कम्बोह पहुंचे। दोनों अधिकारी आयोजन स्थल पर गये और आयोजन की रूपरेखा लेकर आयोजकों से बात की।

### पांच हजार साधु संतों के आगमन का दावा

**संभल, अमृत विचार :** कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह को लेकर आचार्य प्रमोद कृष्णम का कहना है कि धाम के शिलान्यास में पांच हजार साधु संत शामिल होंगे। इसके साथ ही तमाम राजनीतिक दिग्गज भी मौजूद रहेंगे।

# श्री राम जन्मभूमि के प्रसाद का किया वितरण

कार्यालय संवादाता, चन्दौसी



एसएम कॉलेज में प्राचार्य को राम मंदिर का प्रसाद भेंट करते समिति पदाधिकारी।

- भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने लोगों को भेंट किया प्रसाद

**अमृत विचार:** भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने शुक्रवार को नगर भ्रमण कर अयोध्या का प्रसिद्ध भगवा चंदन रामलला को भोग लगा प्रसाद, पवित्र जल राम भक्तों को भेंट किया। इस दौरान श्री राम के जयकारे भी लगाए।

समिति के जिलाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में जिला उपाध्यक्ष बृजगोपाल गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, हरद्वारी लाल मिश्रा एवं अश्विनी कुमार शर्मा ने गणेश कॉलोनी, रामनवमी मोहल्ला, कैथल गेट, संभल गेट तथा एसएम डिग्री कॉलेज में पहुंचकर राम भक्तों को प्रसाद भेंट किया।

प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने कहा कि घर बैठे रामलला का प्रसाद पाकर जीवन धन्य हो गया।

जिलाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि राम शब्द में र का अर्थ है रचना करने वाला आ का अर्थ है आहार अर्थात पोषण करने वाला और म का अर्थ है मृत्यु प्रदान करने वाला।

अर्थात ब्रह्मा विष्णु महेश तीनों शक्तियां जिसमें समाहित हैं उसी का नाम राम है।

इस अवसर पर शेखर सक्सेना, डॉ. हेमंत सक्सेना, डॉ. एपी सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, सूरज शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. पंकज सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

### परेड में प्रतिभाग कर लौटी छात्रा का स्वागत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय मानव कल्याण समिति ने दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर परेड में प्रतिभाग लेकर लौटी छात्रा का रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया। आवास विकास मयूर विहार कॉलोनी निवासी उन्नती चौधरी मॉडल पब्लिक एजूकेशन कॉलेज की छात्रा है। उन्होंने महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतिनिधित्व किया। उन्नति ने दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड में प्रतिभाग किया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को सलामी दी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। शुक्रवार को वापस लौटने पर रेलवे स्टेशन पर समिति की ओर से पटका, पगड़ी व फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान छात्रा की मां नूतन चौधरी, दादा शिव सिंह चौधरी, मुन्नी देवी, सुषमा चौधरी, समिति अध्यक्ष डॉ. टीएस पाल, निकुल वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।




## प्रतिक्रिया

महिलाओं के लिए लखपति दीदी, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया गया है

# अंतरिम बजट को लेकर महिलाएं गदगद, किसान मायूस

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** केंद्रीय अंतरिम बजट 2024-25 को लेकर जनता की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं।

चुनाव से पहले अंतरिम बजट से लोकलुभावन होने की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन। ऐसा नहीं हुआ। स्टार्टअप को मिलने वाले करलाभों को एक साल के लिए बढ़ाया जाना स्वागत योग्य है।

किसानों को उम्मीद थी कि बजट में उन्हें कोई न कोई सौगात अवश्य मिलेगी।

किसानों का कहना है कि ब्याज मुक्त ऋण, बिजली फ्री मिलनी चाहिए थी। खेती यंत्रों व किसानों की जरुरत की वस्तुओं को जीएसटी मुक्त करना चाहिए था। किसान खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।



अंतरिम बजट में किसानों के लिए पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई कटौती नहीं की गई है। किसानों की आमदनी बढ़ाने का कोई उपाय नहीं किया गया है। किसान सिर्फ कागजों में ही नजर आ रहा है। बिना ब्याज के ऋण की व्यवस्था होनी चाहिए थी। अंतरिम बजट में किसानों के साथ धोखा किया गया है।

**-विजेंद्र सिंह यादव,** किसान नेता



बजट में घोषणा की गई है कि 9 से 14 साल की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। आंगनवाड़ी केंद्रों को अपग्रेड किया जाएगा। पोषण 2.0 को लागू किया जाएगा और टीकाकरण को मजबूत किया जाएगा। बजट महिलाओं के हितों को ध्यान में रखाकर बनाया गया है।

**-डॉ. दुर्गा टंडन,** शिक्षिका



चुनावी वर्ष होने की वजह से अंतरिम बजट से किसानों को बहुत उम्मीद थी लेकिन निराशा मिली। किसानों की आमदनी बढ़ाने का उपाय नहीं किया गया है। खेती में प्रयोग वाली चीजों के दाम भी कम नहीं हुए हैं। कर्ज मुक्त करने की व्यवस्था होनी चाहिए थी। केंद्र ने किसानों से वादाखिलाफी की है।

**-मनपाल सिंह,** किसान नेता



बजट समाज के प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया है। विशेष रूप से युवाओं के चहुंमुखी विकास के लिए बजट मील का पत्थर सिद्ध होगा। सरकार ने बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा है। बजट सराहनीय है।

**-डॉ. रविकांत शर्मा** शिक्षक



केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ाने का काम किया है। उज्ज्वला योजना से महिलाएं खुश हैं।

**-प्रतिभा चौधरी,** गृहणी



बजट सराहनीय है। इस बार खेल बजट को 3442.32 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 45 करोड़ रुपये ज्यादा है। ओलंपिक समेत तमाम मल्टीस्पोर्ट्स की तैयारियों के लिए विदेश में प्रतिस्पर्धा और अभ्यास का खर्च खेल मंत्रालय ही वहन करता है।

**-सरिता शर्मा,** क्रिकेटर

### महिला से सामूहिक दुष्कर्म में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**संभल/गुन्नौर, अमृत विचार :** बहजोई निवासी एक महिला ने तीन लोगों के खिलाफ कार में लिफ्ट देकर तमंचे से धमका कर सामूहिक दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

बहजोई की एक महिला का कहना है कि 10 दिसंबर 2023 को शाम करीब 5 बजे वह अपनी ननद के घर गांव जगन्नाथपुर जा रही थी। बबराला में जगन्नाथपुर जाने वाले ऑटो का इंतजार कर रही थी, तभी तीन लोग कार लेकर पहुंचे। कहा कि हम सैंजना जा रहे हैं, तुम हमारी कार मे बैठ जाओ, तुम्हें जगन्नाथपुर छोड़ देंगे। महिला कार में बैठ गई तो आरोपी कार को कच्चे रास्ते पर ले गए और तीनों ने तमंचे के बल पर कार में ही महिला से बलात्कार किया। इसके बाद महिला को मुख्य रास्ते पर छोड़कर भाग गए।

षडेव तु गुणाः पुंसा न हातव्याः कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृतिः॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य - इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।


## संपादकीय

# अशांत हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र अशांत हो गया है, पश्चिम एशिया में युद्ध की गूंज भारत के आसपास के जल क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही है जिसमें व्यापारिक जहाजों पर हमलों में वृद्धि और जहाजों के अपहरण का प्रयास भी शामिल है। माना जा रहा है कि गाजा में इजराइल के सैन्य हमलों के जवाब में मालवाहक जहाजों पर हमले किए जा रहे हैं। समुद्री डकैती, गाजा युद्ध और बढ़ती चीनी शक्ति नौसेना की क्षमताओं को बढ़ा रही है। भारत को अपने भू-राजनीतिक हितों की रक्षा करने और चीन की बढ़ती आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए अपनी नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता है। ध्यान रहे हूती विद्रोहियों द्वारा निशाना बनाए गए जहाजों की सहायता करना या छोटे जहाजों के अपहरण को रोकने के लिए, भारतीय नौसेना को बार-बार बुलाया गया है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि भारतीय नौसेना की इकाइयां जिबूती, अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्वी तट में तैनात की जा रही हैं। पिछले दिनों नौसेना के जहाज सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डकैती के खिलाफ एक और सफल अभियान को अंजाम दिया है। भारतीय नौसेना ने मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी और उसके चालक दल को सोमालियाई समुद्री लुटेरों से बचाया है। इससे पहले भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछुआरों को बचाया था।

समुद्री डाकुओं ने ईरानी जहाज का अपहरण कर लिया था। अब समय आ गया है कि भारत अपनी नौसैनिक क्षमताओं में बढ़ोतरी के साथ व्यापारिक बेड़े के निर्माण की आवश्यकता पर बारीकी से विचार करे। इसके लिए उन्नत प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता तक पहुंच हासिल करने के लिए जहाज निर्माण के बुनियादी ढांचे और साझेदारी को बढ़ाने की आवश्यकता होगी। हालांकि भारत विदेशी सहयोगियों की मदद से समुद्री विमान और वाहक हासिल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास वर्तमान में 132 युद्धपोत, 143 विमान और 130 हेलीकॉप्टर हैं। देश ने अब 2 लाख करोड़ रुपये के 68 युद्धपोतों और जहाजों का ऑर्डर दिया है। आने वाले वर्षों में, भारत को स्वदेशी रूप से तैयार किए गए नौसैनिक उपकरणों में से आठ कार्वेट, नौ पनडुब्बियां और पांच सर्वेक्षण जहाज भी हासिल करने की बात कही जा रही है। भारत निर्माण की धीमी गति, पुराने जहाजों के तेजी से सेवामुक्त होने और बजट की कमी से भी त्रस्त है। क्षेत्रीय जल क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच चीन की ताकत का बढ़ना तय है। ऐसे में समुद्री क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों से पार पाने के लिए भारत को अपने विदेशी भागीदारों से मजबूत समर्थन की आवश्यकता होगी।

# रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िजी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां ज़रूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ।

वाल्मीकि-विरचित रामायण में अनुस्यूत श्रीराम के उदात्त चरित्र तथा उनके द्वारा पारिवारिक-सामाजिक मर्यादाओं के पालन हेतु कठोरतम कष्ट उठाने का यह काव्यमय आख्यान धर्म, जाति, भाषा तथा क्षेत्र की सीमाओं को तोड़ कर भारत ही नहीं, एशिया के कोने-कोने में लोकप्रिय हो गया। मंगोलिया से लेकर चीन व जापान होते हुए कंबोडिया, थाईलैंड (बैंकाक), इंडोनेशिया तथा मलयेशिया तक कोई ऐसा देश नहीं, जहां इस महाकाव्य की कथाएं संबंधित देश की संस्कृति, लोककथाओं एवं इतिहास का अविच्छिन्न अंग बनकर पुष्पित-पल्लवित न हुई हों। अन्याय के विरुद्ध श्रीराम का संघर्ष, निर्बल वर्गों से उनकी आत्मीयता तथा नैतिक आदर्शों के लिए बड़ा से बड़ा त्याग करने की उनकी तत्परता ने उन्हें भारत ही नहीं, पूरे एशिया का अद्वितीय लोकनायक बना दिया। भारत एवं एशिया के मनीषी कवियों ने विगत दो हजार वर्षों के अंतराल में अपनी-अपनी भाषा में रामकथा लिखी। फ़ादर कामिल बुल्के के आकलन के अनुसार केवल भारत में पाठांतर सहित 300 रामाख्यान उपलब्ध हैं। संभवतः इसी के मद्देनज़र तुलसीदास जी को कहना पड़ा था- नानाभांति राम अवतारा। रामायन सत कोटि अपारा॥/कलप भेद हरिचरित सुहाए। भाँति अनेक मुनीसन्ह गाये॥ (रामचरितमानस, बालकांड, 32ः 3-4)

वस्तुतः बौद्ध और जैन मत के प्रचारकों के सम्मुख रामकथा एवं सीता व राम के उदात्त चरित्र की व्यापक लोकप्रियता एक गंभीर चुनौती बनकर उपस्थित हुई। इसका प्रत्याख्यान लगभग असंभव था। इसकी काट में बौद्धों और जैनों ने रामकथा को चित्र-विचित्र आख्यानों से संवलित कर श्रीराम के चरित्र का बौद्धीकरण / जैनीकरण कर दिया और उन्हें बौद्ध / जैन महानायक के रूप में प्रस्तुत किया।

बौद्धों द्वारा जातक-कथाओं के भंडार में 'दशरथ जातक' नाम से रामकथा का एक विचित्र और अधूरा पाठ रच दिया गया (अनुमानतः तीसरी-चौथी शताब्दी)। इसके अनुसार वाराणसी के राजा दशरथ के सोलह हज़ार रानियां थीं। बड़ी रानी से उन्हें 'राम पंडित' और 'लक्खनकुमार' नाम के दो पुत्र और 'सीता देवी' नाम की एक पुत्री प्राप्त हुई। पहली रानी के देहांत के बाद दूसरी रानी से 'भरत'

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया।

जैसी कि अपेक्षा थी, दशरथ जातक में गढ़ लिया गया कि वस्तुतः गौतम बुद्ध ही राम हैं, यशोधरा ही सीता हैं, दशरथ शुद्धोदन हैं और भरत हैं बुद्ध के शिष्य आनन्द। दो अन्य बौद्ध जातक कथाओं- 'अनामकं जातकं' और 'दशरथ कथानकं' में भी राम को बोधिसत्व के रूप में प्रस्तुत किया गया।

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया। इसमें शाक्यमुनि के घर आए एक साधु ने उनकी पत्नी का अपहरण कर लिया। वह साधु वस्तुतः एक राक्षस था। इसके बाद इसमें जटायु की कथा और राम की वानरों के साथ मैत्री स्थापित करने से मिलती-जुलती कथाएं आती हैं।

एक दूसरे जापानी रामायण में श्रवणकुमार की कथा का अनुकरण करते हुए सेमू नाम का चरित्र गढ़ा गया। कैरा देश के राजा का बाण लगने से सेमू की मृत्यु हो जाती है। उसके अंधे माता-पिता इंद्र से प्रार्थना करते हैं कि यदि उनका पुत्र बुद्ध, धम्म और संघ के अनुसार आचरण करता रहा हो तो वह पुनर्जीवित हो जाए! इंद्र उसे जीवित कर देते हैं, माता पिता की आंखें भी ठीक हो जाती हैं। वे कैरा देश के राजा को सीख देते हैं कि भविष्य में शिकार के रूप में वे कभी हिंसा न करें!

जैनों द्वारा रची गई रामकथाएं कम दिलचस्प नहीं हैं। श्वेतांबर विमलसूरि के 'पद्मचरित' और दिगंबर गुणभद्र के 'उत्तर पुराण' में राम, लक्ष्मण, यहां तक कि रावण भी जैन धर्मानुयायी हैं। जैनियों ने राम का नाम 'पद्म' रखा है। राम (पद्म) चूँकि अहिंसक हैं, रावण को मारने का दायित्व लक्ष्मण उठाते हैं जिसके फलस्वरूप उन्हें नर्क जाना पड़ता है।

उड़िया रामायण के लेखक बलरामदास तो राम, लक्ष्मण, सीता को वनवास के दौरान जगन्नाथ-सुभद्रा-बलराम के सामने ला खड़ा करते हैं। कथा में राम-सीता वगैरह की लंका से वापसी के समय पुष्पक विमान से उड़िया तीर्थों का भी दर्शन करा देते हैं। इस रामायण में यह भी उल्लेख है कि राम की वानरी सेना में कोणार्क के भी बंदर गए थे। उड़िया रामायण के सोलहवीं शती के आरम्भ में, रामचरितमानस की रचना (1574-76) से पहले लिखे जाने का संकेत मिलता है।

कृत्तिवास-कृत बंगला रामायण के अनुसार राम के बाणों से विक्षुब्ध होकर रावण ने दुर्गा का स्मरण किया। देवी रावण को गोद में लेकर बैठ गईं। यह देखकर राम ने युद्ध बंद कर दिया और बिल्व वृक्ष के नीचे बैठकर देवी की आराधना में लग गए। पूजा हेतु हनुमान द्वारा लाए गये 108 नीलकमलों में से देवी ने एक कमल चुरा लिया। राम उस कमल के स्थान पर अपने कमल-रूपी नेत्र को बाण से निकाल कर चढ़ाने चले। इस पर देवी ने प्रसन्न होकर उन्हें विजय का वरदान दिया।

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की प्रसिद्ध लंबी कविता 'राम की शक्तिपूजा' का कथ्य कृत्तिवास रामायण के उपरोक्त प्रसंग पर ही आधारित है। सर्वविदित है कि निराला के रचनात्मक जीवन का शुरुआती दौर बंगाल में बीता था।

बौद्धों और जैनियों द्वारा रामकथा के मूल स्वरूप में बदलाव का तो निहित उद्देश्य था, किंतु कालिदास के समय (भारतीय मत-पहली शताब्दी ई.पू. तथा पाश्चात्य मत चौथी-पांचवी शताब्दी) के पहले से सक्रिय नारी और शूद्र-विरोधी प्रक्षेपकों ने वाल्मीकीय रामायण में सातवां काण्ड (उत्तरकांड) जोड़ दिया था। ऐसा प्रतीत होता है, श्रीराम के चरित्र को लांक्षित करने के उद्देश्य से ही उत्तरकांड में सीता-निर्वासन और शंबूक वध के प्रसंग जोड़े गए। इन प्रसंगो को इतनी स्वीकृति मिली कि ये भारत के समुद्री व्यापारियों के माध्यम से कंबोडिया पहुंच गए और वहां की रामकथा 'रामकेर्ति' में सम्मिलित हो गये।

तुलसी के रामचरितमानस में श्रीराम द्वारा निषादराज गुह को गले लगाने, शबरी के जूठे बेर खाने, वन्यजातियों के प्रति सद्भाव रखने तथा वानर-भालुओं की मित्रता एवं सहयोग से दक्षिण और मध्य भारत में अन्यायी एवं निरंकुश रावण के वर्चस्व को समाप्त करते हैं। किंतु तुलसीदास का युगांतरकारी योगदान वाल्मीकीय रामायण के अपने गहन अध्ययन से उत्तरकांड (और बालकांड के भी) आधारहीन प्रक्षिप्त को प्रक्षिप्त के रूप में पहचानने और अपने रामचरितमानस को इससे मुक्त करने में निहित है। उन्होंने वाल्मीकीय रामायण के (प्रक्षिप्त) उत्तरकाण्ड से कोई प्रसंग नहीं लिया और उसका अधिकांश ज्ञान-भक्ति निरूपण को समर्पित कर दिया। इस तरह उन्होंने युगानुरूप ज्ञान (दर्शन) द्वारा मोक्षप्राप्ति के विचार के ऊपर सर्वसुलभ भक्ति मार्ग को प्रतिष्ठित किया और पराजय बोध के अंधकार में डूबे हिंदू-समाज को आध्यात्मिक समानता एवं रामभक्ति का सुलभ साधन प्रदानकर उसमें नवीन आशा का संचार किया।

भारतीय इतिहास, संस्कृति और समाज को तुलसीदास का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान इसमें निहित था कि उन्होंने वाल्मीकि रामायण की रचना के बाद से अनेकानेक कवियों द्वारा रामकथा के साथ किए गए अनर्गल प्रयोगों और निहित स्वार्थ वश उसमें किए गए प्रक्षेपों को दरकिनार कर अपनी वस्तुपरक संत-दृष्टि, असाधारण विद्वत्ता तथा अपूर्व काव्यमेधा से श्रीरामचरितमानस-जैसा अद्भुत महाकाव्य दिया जो अवधी की क्षेत्रीय बोली में होने के बावजूद उत्तर भारत का सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रंथ साबित हुआ। आज हमारे बीच राम की लोकनायक और महामानव की जो छवि विद्यमान है वह मुख्यतः तुलसी की और उसमें भी उनके हर दृष्टि से उत्कृष्ट प्रबंध काव्य रामचरितमानस की देन है।

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िजी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां ज़रूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ। रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य ने इन मज़दूरों की भावी पीढ़ियों को भारत और भारतीयता में दीक्षित किया। आज वे कई अर्थों में भारत-निवासियों से अधिक भारतीय हैं।

## प्रसंगवश

# भ्रष्टाचार तेरे रूप अनेक

मैं किसी बड़े राजनेता के भ्रष्टाचार की नहीं अपितु निचले स्तर के राजकीय कर्मचारियों के नैतिक पतन की एक कहानी सुना रहा हूं। 25 जनवरी को बलिया जनपद के मनियर इंटर कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुए सामूहिक विवाह में 568 जोड़ों का विवाह हुआ था।

सामाजिक समरसता एवं सर्वधर्म समभाव बढ़ाने हेतु गरीब कन्याओं, विधवाओं, तलाकशुदा, परित्यक्ताओं के विवाह हेतु उप्र में यह योजना लागू की गई है जिसमें राज्य सरकार प्रत्येक जोड़े के विवाह पर 51000 रुपए खर्च करती है जिसमें से 35000 रुपए जीवनयापन हेतु उस कन्या के खाते में 10000 रुपए उसको उपहार आदि देने में तथा 6000 रुपए उसके विवाह के आयोजन पर खर्च किए जाने का प्रावधान है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

इस सामूहिक विवाह के आयोजन में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर जांच के आदेश दिए गए। जांच में पहले केवल दो गांव के 25 लाभार्थियों का सत्यापन किया गया है जिसमें से 8 लाभार्थी अपात्र पाए गए। अपात्रों में कुछ की शादी पहले ही हो चुकी थी तथा कुछ अभी भी अविवाहित हैं। नवीनतम जानकारी के अनुसार कुल 245 जोड़े अपात्र पाए गए और एक करोड़ पचीस लाख रुपए का गबन हुआ। इस प्रकरण में एडीओ समाज कल्याण व अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर एडीओ को निलंबित कर दिया गया है।

यह उस योजना का हाल है जिसे गरीबों के हित में लागू किए जाने की बात जोर-शोर से कही जाती है। यह एक योजना के एक आयोजन का किस्सा है, समाज के हित में चल रही न जाने कितनी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहीं हैं और करदाताओं का धन बर्बाद हो रहा है। पुनः इतने बड़े आयोजन का धन मात्र एक एडीओ हजम कर गया, यह स्वीकार्य नहीं है। इसमें और भी मगरमच्छ शामिल रहे होंगे जिनका भी चेहरा बेनकाब होना चाहिए। इस समारोह के पर्यवेक्षण अधिकारियों पर भी शिथिल पर्यवेक्षण के लिए दंडात्मक कार्यवाही अपेक्षित है। प्रदेश सरकार धार्मिक पुनरुद्धार के साथ-साथ यदि अपने सेवकों के ऐसे कृत्यों पर भी ध्यान दे तो ऐसे घोटालों में अवश्य कमी आएगी एवं गरीब पात्रों को उनका वाजिब धन मिला करेगा।

# दो नोबेल विजेताओं की दास्तां



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। उन पर विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है।

दो बांग्लाभाषी हैं। दोनों नोबेल विजेता। महान अर्थशास्त्री हैं। एक पड़ोसी गणराज्य बांग्लादेशी। दूसरे पश्चिम बंगाल के। ढाका और कोलकाता के ये दोनों अपनी सरकारों से सताए हुए हैं, मगर अमर्त्य सेन कांग्रेसी सरकार के बहुत बड़े लाभार्थी रहे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चहेते भी। आजकल उनके दिन बिगड़े हैं। उधर प्रो. मोहम्मद यूनुस राजनीतिक कारणों से प्रधानमंत्री बेगम शेख हसीना से पीड़ित किए गए।

पहले इस बांग्लादेशी की चर्चा कर लें। पश्चिम देशों में 85 वर्षीय प्रो. यूनुस को ग्रामीण बैंकों की श्रृंखला बनाने के कारण "गरीबों का बैंक" कहते हैं, मगर आवामी लीग की प्रधानमंत्री हसीना उन्हें "निर्धनों का रक्त-पिपासु" बताती हैं। उन्हें दुश्मन मानती हैं। शेख हसीना को इस नवउदारवादी अर्थनीति से घृणा थी। शेख हसीना की सरकार ने ग्रामीण बैंक और यूनुस के खिलाफ अभियान चलाया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट किया : "उनकी हरकतें 2007 में श्री यूनुस की उस घोषणा का प्रतिशोध प्रतीत होती हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सार्वजनिक पद की तलाश करेंगे, भले ही वह अपनी योजनाओं पर कभी अमल नहीं कर सके"। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार यूनुस के खिलाफ उनके फैसले में एक अन्य कारक ने योगदान दिया : नोबेल शांति पुरस्कार। हसीना ने सोचा था कि नॉर्वेजियन नोबेल शांति पुरस्कार समिति उन्हें 1997 में शांति संधि, चटगांव हिल ट्रैक्ट्स (सीएचटी) पर हस्ताक्षर करने के लिए पुरस्कार में देगी। अटॉर्नी जनरल महबूबे आलम ने 9 मार्च को सरकार का रुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा : "प्रधानमंत्री शेख हसीना को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए था।" उन्होंने नोबेल समिति के विवेक को चुनौती दी।

प्रो. यूनुस की ईमानदारी साबित हो गई जब 11 जनवरी 2007 को सेना जनरल मोईन यू अहमद ने तख्तापलट किया। इस बीच खालिदा जिया का कार्यकाल समाप्त होने के बाद देश का चौथा मुख्य सलाहकार बनने का उनका अनुरोध प्रो. यूनुस ने ठुकरा दिया था। हालांकि यूनुस ने इस पद के लिए जनरल फखरुद्दीन अहमद को चुनने का सुझाव दिया। फखरुद्दीन ने 11 जनवरी 2007 को पदभार संभाला और अपने पहले ही दिन यह स्पष्ट कर दिया कि उनका इरादा न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की व्यवस्था करना है, बल्कि भ्रष्टाचार को साफ करना भी है। खालिदा और हसीना ने जहां फखरुद्दीन की आलोचना की और दावा किया कि भ्रष्टाचार को साफ करना उनका काम नहीं है। वहीं यूनुस ने संतोष व्यक्त किया। इस वैश्विक स्तर के अर्थशास्त्री को तंग करने में प्रधानमंत्री हसीना ने ग्रामीण बैंक के पद से उन्हें हटा दिया। हालांकि बैंक के नौ निदेशकों ने लाखों कर्जदारों और बाइस हजार कार्मिकों ने प्रो. यूनुस का समर्थन किया था। नब्बे लाख उधारकर्ताओं ने भी उनका साथ दिया था। फिर भी गरीबों के मसीहा कहलाने वाले प्रो. यूनुस पर सत्तालोलुप प्रधानमंत्री के अवांछनीय हमले होते रहे। अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। मामला बड़ा मामूली है। उन पर रविंद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है। सेन इसे अपनी जमीन बताते हैं, जो उन्हें उपहार में मिली थी। इसी बीच प्रो. सेन ने ऐलान कर डाला कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भारत के श्रेष्ठतम प्रधानमंत्री बनने लायक हैं। बस ममता दीदी ने जवाब में कहा यदि विश्वविद्यालय ने जमीन वापस ली तो मुख्यमंत्री वीरभूम जिले के शांति निकेतन में धरने पर बैठ जाएंगी। अर्थात् इस केंद्र सरकार द्वारा संचालित शिक्षा केंद्र में राज्य पुलिस को तैनात कर देंगी। भारतीय सेना बनाम बंगाल पुलिस का मुठभेड़ तय है। अमर्त्य सेन अकूत संपत्ति के स्वामी हैं। फिर भी सवा एकड़ जमीन के मालिकाना हक से सटे हुए हैं। वे भारत रत्न भी पा चुके हैं। उन्हें कांग्रेसी प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह ने ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय का प्रथम चांसलर नामित किया था तो प्रो. सेन ने ऐवज में सरदार मनमोहन सिंह की दोनों बेटी डॉ. उपिंदर कौर तथा उनकी सहेली डॉ. नवजोत लहरी को नालंदा विश्वविद्यालय में नियुक्त कर डाला था।

भूतपूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित करने का सपना देखा और बिहार सरकार को दिखाया। राज्य सरकार ने हामी भरी तो वे पहले विजिटर भी बने। अमर्त्य सेन को भी विश्वविद्यालय के साथ जोड़ा गया। हालांकि सेन के कुछ विवादास्पद निर्णय के विरोध में तत्कालीन राष्ट्रपति कलाम ने उस विश्वविद्यालय से खुद को अलग कर लिया था।

## सोशल फोरम

# डिग्रीधारी हैं पर शिक्षित नहीं

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है।

विज्ञान में कट्टरता के लिए जगह नहीं होती। हर वैज्ञानिक अपनी यात्रा यहां से शुरू करता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है। ऐसा नहीं कि विज्ञान के गुण सिर्फ विज्ञान की दुनिया के लोगों के लिए हैं, आम लोगों के लिए नहीं। किसी भी शिक्षा का अर्थ है कि विज्ञान को साथ लेकर चलना, क्योंकि जो सचमुच शिक्षित हैं, वह जानता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है और जो मालूम नहीं है उसे जानना है। दुर्भाग्यवश आज के अधिकांश शिक्षितों में अहंकार और स्वार्थ ज्यादा है। इसलिए कूपमंडूकता भी ज्यादा है। वे वस्तुतः डिग्रीधारी और हुनरमंद हैं, शिक्षित नहीं।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है। लोग मोबाइल चलाने में, तकनीकी बुद्धिवाद में आगे हैं, लेकिन जीवन में बुद्धिपरकता का न्यूनतम उपयोग करते हैं। क्योंकि वे वस्तुतः डिग्रीधारी अशिक्षित हैं।

देखा जा सकता है कि विज्ञान ने एक समय कई रहस्यों से पर्दा हटाया था। उदाहरण के तौर पर सांप के काटने या किसी बीमारी पर अब आदमी झाड़-फूंक की जगह डॉक्टर के पास जाना चाहता है। वह सूर्यग्रहण को राहु का ग्रास न मानकर एक प्राकृतिक लीला के रूप में देखता है और भयभीत होने की जगह आनंद उठाता है। कई अपशकुनों और वर्जनाओं की अब परवाह नहीं की जाती। सेक्स के मामलों में पकड़े जाने के कारण बाबाओं से इधर कुछ मोहभंग हुआ है। कई चमत्कारों से पर्दा उठा है। फिर भी समाज में अंधविश्वास, तंत्र-मंत्र, ग्रह-शांति, धर्मवेशधारी भविष्य वक्ताओं पर विश्वास और दबंग बाबाओं-महंतों का आज पहले से ज्यादा प्रभाव है।

**-फेसबुक वॉल से**

# द्वंद्व और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का, व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है, जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है।

द्वंद्व का रूप किसी भी प्रकार का हो। अंतर्द्वंद्व हो, वर्ग संघर्ष हो, जाति संघर्ष हो अथवा दो सेनाओं के बीच युद्ध हो। वे सुर और असुर हों या मालिक-मजदूर हों अथवा शासित और शासक के बीच का द्वंद्व हो। ये समस्त द्वंद्व अपने मूल रूप में स्वार्थ के द्वंद्व हैं। अहंता और ममता के द्वंद्व हैं। व्यक्ति और वर्ग स्वार्थ के द्वंद्व हैं। समष्टि हित उनका समायोजन करता है। इसीलिए संघर्ष जीवन का पूरा सच नहीं है। संघर्ष पूरा सच होता तो समाज बनता ही नहीं। जंगल ही रह जाता। जैसे मूल से शाखा-प्रशाखा फैलती हैं, वैसे ही व्यक्ति स्वार्थ और समष्टि हित का द्वंद्व, समायोजन विभिन्न देश काल में विभिन्न रूप ले लेता है।

एक व्यक्ति स्वार्थ का दूसरे व्यक्ति स्वार्थ से द्वंद्व होता है और यह एक परिवार में भी होता है और मोहल्ले में भी हो जाता है। समष्टि हित उसका समायोजन करता है। समायोजन न हो तो परिवार परिवार नहीं रह सकता, मोहल्ला मोहल्ला नहीं रह सकता। इसी प्रकार राष्ट्र संघर्ष और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया का परिणाम है। एक व्यक्ति स्वार्थ का एक समूह से भी द्वंद्व होता है फिर एक समूह का दूसरे समूह से भी हित टकराता है, तब दो समूहों का भी द्वंद्व होता है। यहां भी व्यक्ति स्वार्थ एक समूह में संगठित है। इसलिए हम संगठित स्वार्थ को हित कह देते हैं, हालांकि वह किसी न किसी के विरुद्ध है। संगठन की ताकत आंतरिक समायोजन में है। इसी बात को हम दो राजनैतिक दलों के बीच संघर्ष में देख सकते हैं। वहां भी संगठित व्यक्ति स्वार्थ हैं, भले ही वे उसे समष्टि हित का आवरण देते हैं। समष्टि हित का भाव और विचार होगा तो संघर्ष हो ही नहीं सकता। कल नूरवाला में एक दल का नारा लिखा हुआ था-हम सत्ता के लिए नहीं सेवा के लिए हैं। अब यह सरासर झूठ है, सेवा में भला संघर्ष क्यों होगा? यहां सेवा को सत्ता के आवरण के रूप में बतलाया गया था कि हम तो अच्छे हैं।

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है, जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है। यूएनओ समष्टि हित का प्रतीक है, लेकिन अब वह प्रतीक मात्र ही है। ऐसा न होता तो रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और गाजा का युद्ध इतने समय तक चल ही नहीं सकता था। समष्टि हित व्यापक होता है, मनुष्य मात्र के हित का साधक। मनुष्य का हित समस्त प्राणियों के हित से जुड़ा है, समस्त प्राणियों का हित पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। संघर्ष है तो वह किसी न किसी के विरोध में है, जबकि समष्टि का अभीष्ट सर्वहित है। यह वह भाव है, जिसे करुणा कहते हैं। विश्व के व्यापक दर्शन या विचार परंपरा उसी भाव का विस्तार है। उसी भाव का चिंतन है। बुद्ध, महावीर, ईसा और गांधी उसी भाव और विचार के प्रतीक हैं।

# राष्ट्रीय सुरक्षा में मृदुल कूटनीति की भूमिका

मृदुल कूटनीति (सॉफ्ट कूटनीति) ऐसी विधा है जिससे राष्ट्र अपने नीतियों, कार्यक्रमों, कार्यों, प्रभाव और प्रकृति के आधार पर वैश्विक अनुसमर्थन और वैश्विक विधिक शक्ति अर्जित करते है। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विज्ञान में सॉफ्ट कूटनीति इतनी उपादेयता है कि इसके द्वारा शक्ति संतुलन (तराजू की स्थिति बराबर हो) को स्थापित किया जाता है। यह किसी राष्ट्र को सैनिक शक्ति, धमकी, राजनीतिक दबाव एवं व्यापारिक प्रतिबंध का प्रयोग किए बिना उसके राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करती है एवं राष्ट्रीय हितों को प्राप्त करने में प्रबल सहयोगी की भूमिका में होती है।



डॉ. सुधाकर मिश्र
दिल्ली

राजनीतिक शब्दावली में कहा जा सकता है कि राष्ट्र की मृदुल कूटनीति राष्ट्रीय हितों के पूर्ति करने में सहयोगी होती है। मृदुल कूटनीति में वे सभी उपाय और गतिविधियां संयोजित हैं, जो देश की सीमाओं और असैनिक समाज/नागरिक समाज को सुरक्षित करता है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और संबंधों में मृदुल कूटनीति की लोकप्रियता बढ़ी है। मृदुल कूटनीति का आशय किसी देश द्वारा बाध्यता या भुगतान के स्थान पर अपने प्रति आकर्षण/ सम्मोहन के द्वारा इच्छित वस्तु को प्राप्त करने के राजनीतिक कौशल से है। मृदुल कूटनीति की केंद्रीय भूमिका अपने प्रति दूसरे राष्ट्र आकर्षण है जिससे दूसरे राष्ट्र प्रभावित होकर राष्ट्र (देश) का अनुसरण करते हैं और राजनीतिक नेतृत्व की बातों का सम्मान और गंभीरता से उसकी राय को की कद्र करते हैं। मृदुल कूटनीति संसाधनों के समुचित अनुप्रयोग करने की राजनयिक कला और शासकीय व्यवहार है। भारत एक प्राचीन संस्कृति है जिसकी गहरी जड़ें इतिहास में हैं। भारत की ऐतिहासिक प्राचीन सभ्यता मानवीय सभ्यता के विकास में गंभीर भूमिका प्रदान करती है। भारत में एक लंबी सांस्कृतिक परंपरा है, जो शांति, अहिंसा, सहनशीलता, सौहार्द, धैर्य, विभिन्न संस्कृतियों के बीच सद्भावना, भौतिक और आध्यात्मिक समृद्धि में संतुलित आयाम, व्यक्ति और प्रकृति के बीच संतुलन के आदर्शों, मूल्यों और परंपराओं पर जोर देती है। अहिंसा भारत के स्वतंत्रता संघर्ष/संग्राम का मुख्य साधन रहा है। गांधीजी स्वतंत्रता जैसे साध्य को प्राप्त करने में अहिंसा रूपी साधन का प्रबल प्रयुक्तधर्मी थे। गांधीजी वैश्विक इतिहास में प्रतिष्ठित जन नेताओं में से एक है।

लोकतंत्र, लोकतांत्रिक संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्य के सफलता में भारत की मृदुल कूटनीति की उपादेयता महत्वपूर्ण है। भारत वैश्विक स्तर का सबसे बृहद लोकतंत्र है और वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र की मातृका/जननी है। भारत विकासशील देशों को लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करता है और कई देशों के लिए एक आदर्श प्रतिरूप प्रस्तुत किया है और कर रहा है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि भारत की मृदुल कूटनीति के द्वारा एक विकसित राष्ट्र बनाना है तथा भारत में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं पर्यावरण समस्या का निवारण और सुशासन को बढ़ावा देना है। इसलिए मृदुल कूटनीति की अभूतपूर्व प्रासंगिकता है।

## एक नजर

### मोमबत्ती से लगी आग में युवक की जलकर मौत

**स्योहारा, अमृत विचार :** मोहल्ला बसंतगढ़ में 18 वर्ष के युवक की गुरुवार की रात सोते समय जलकर मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक शराब पीने का आदी था। नशे की हालत में वह लिहाफ में लेटा था। बिजली न आने के कारण पास में मोमबत्ती जल रही थी। रात में मोमबत्ती कि लौ से रजाई जलने लगी। नशे के कारण युवक को पता ही नहीं चला और वह बुरी तरह झुलस गया। परिजन उसे निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई।

### किसानों ने किया मतदान के बहिष्कार का ऐलान

**किरतपुर, अमृत विचार :** खेतो में जा रहे गंदे पानी को रोकने की मांग पर कोई कार्यवाही नहीं होने से नाराज किसानों ने घर के बाहर मतदान का बहिष्कार करने के बैनर लगा दिए। शुक्रवार को मोहल्ला मालियान और सिंघाड़ियान में करीब 150 परिवारों ने घर के बाहर मतदान का बहिष्कार करने वाले बैनर लगा दिए। किसानों ने बताया कि उनके खेतों में नगर का गंदा पानी जाने से फसल बर्बाद हो रही है। इसी से परेशान होकर उन्होंने मतदान का बहिष्कार करने का ऐलान किया है।

# हेलीकाप्टर नहीं आने पर बरात को बंधक बनाया, कार से हुई विदाई

## देहरादून से आई थी युवती की बरात, डीएम की अनुमति न मिलने पर नहीं आ सका हेलीकाप्टर

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** दुल्हन की विदाई के लिए हेलीकाप्टर नहीं आने पर दुल्हन पक्ष ने बरात को बंधक बना लिया। बाद में दोनों पक्षों में सहमति बनने पर गाड़ी से दुल्हन विदा हुई। हेलीकॉप्टर से दुल्हन की विदाई को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी का माहौल बना रहा। दो प्रदेशों से हेलीकॉप्टर की अनुमति का पेंच फंसने पर हेलीकॉप्टर नहीं आ सका।

नगर के मोहल्ला छापेग्रान निवासी पूर्व सभासद स्वर्गीय रविंद्र सैनी की पुत्री स्नेहा की शादी चांदपुर क्षेत्र के गांव अंकौधा निवासी मोहित से तय हुई थी। वर पक्ष ने दुल्हन



आपस में भिड़ते घराती और बराती। ● अमृत विचार

को हेलीकॉप्टर से ले जाने का वादा किया था। इसके लिए कन्या पक्ष की ओर से हेलीपैड बनवाया गया। गुरुवार की रात को बरात नहटौर पहुंची। शुक्रवार की सुबह नौ बजे हेलीकॉप्टर से दुल्हन की विदाई होनी थी। लेकिन हेलीकॉप्टर नहीं आ सका। इसका पता चलने पर कन्या पक्ष नाराज हो गया। उन्होंने हेलीकॉप्टर से दुल्हन की विदाई करने के लिए कहा। वर पक्ष द्वारा अपना वायदा पूरा नहीं करने को लेकर बरात को बंधक बना लिया गया। इसके बाद एक बार फिर से हेलीकॉप्टर लाने के लिए प्रक्रिया शुरू की गई। बिजनौर से हेलीकॉप्टर की अनुमति मिल गई। इसके बाद हेलीपैड पर फायर ब्रिगेड व पुलिस भी पहुंची लेकिन हेलीकॉप्टर शाम पांच बजे तक भी नहीं पहुंच सका।

बताया जाता है कि हेलीकॉप्टर देहरादून से आना था। देहरादून के डीएम की ओर से हेलीकॉप्टर उड़ाने की अनुमति नहीं मिल सकी। इसके कारण हेलीकॉप्टर नहीं आया और एक बार फिर हेलीकॉप्टर से दुल्हन की विदाई का सपना धरा का धरा रह गया। इसके लेकर दोनों पक्षों में एक बार फिर तनातनी का माहौल पैदा हो गया। दोनों पक्षों की पंचायत हुई। इसमें दुल्हन को गाड़ी से ही विदा करने पर सहमति बनी। इसके बाद दुल्हन को गाड़ी से विदा कर दिया गया।

### गलतफहमी पर दुकान में बंद युवक-युवती को भीड़ ने पकड़ा

**किरतपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार सुबह किसी ने अफवाह उड़ा दी कि मुफ्ती प्लाजा मार्किट में युवक-युवती ने एक दुकान का शटर अंदर से बंद कर लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले गई।

मुफ्ती प्लाजा मार्किट स्थत एक दुकान में ऑफिस खोला गया है। शुक्रवार को साप्ताहिक बंदी होने के कारण अधिकतर दुकानें बंद थीं। इस बीच युवक व युवती ऑफिस में गए और अंदर से शटर बंद कर लिया। शटर खुलने पर बाहर निकले युवक व युवती को भीड़ घेर लिया। उन्होंने बताया कि वह ऑफिस में काम करते हैं। सर्दी व हवा की वजह से आधा शटर बंद कर लिया था। मगर खराब होने के कारण पूरा शटर नीचे गिर गया। इसे उठाने का प्रयास किया ही जा रहा था कि अफवाह व गलतफहमी के चलते भीड़ एकत्र हो गई। थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया की दोनों बालिग हैं। उन पर कोई अपराध नहीं बनता था। इसलिए बिना कार्रवाई के ही छोड़ दिया गया।

## सार संक्षेप



जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव कुमार वाजपेई।

### पुलिस ने 24 लोगों को लौटाए गुम हुए मोबाइल फोन

**बिजनौर, अमृत विचार :** जिले के विभिन्न स्थानों में जनवरी में गुम हुए 24 मोबाइलों को सर्विलांस सेल ने बरामद करके उनके स्वामियों को सौंपा दिया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव कुमार वाजपेई ने बताया की करीब 2,90,000 रुपए की कीमत के 24 मोबाइल सर्विलांस सेल ने बरामद किया हैं। इन्हें मोबाइल स्वामियों को सौंप दिए गया हैं। गुम हुए मोबाइल फोन मिलने पर लोगों ने खुशी व्यक्त की।

### बीएसएनएल की वायर कटने से बैंकिंग सेवाएं ठप

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** इंटरनेट की सेवा बंद होने के कारण तीन दिन से बैंकिग सेवाएं ठप पड़ गई। इसके चलते उपभोक्ताओं को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। नगर में पंजाब नेशनल बैंक, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक और जिला सहकारी बैंक की शाखा हैं। इनमें तीन दिन से कोई काम नहीं हो पा रहा है। उपभोक्ताओं को कनेक्टिविटी न होने की बात कहकर टरकाया जा रहा है। जिओ 5जी की सेवाओं के लिये जगह-जगह गड्ढे खोद कर पाइप लाइन डाली जा रही है। गड्ढे खोदते समय बीएसएनएल की लाइन कट गई। इसके कारण बीएसएनएल की सेवाएं ठप पड़ गई। तीन दिनों से बैंकिग सेवाएं ठप रहने से जनता में आक्रोश है। शुक्रवार को बीएसएनएल के कर्मचारियों ने कटी हुई वायर को सही करने का काम शुरू कर दिया है।

### फसल की रखवाली कर रहे युवक को पीटा

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** खेत पर गेहूं की फसल की रखवाली कर रहे युवक को तीन युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी नगीना भेज दिया। चिकित्सकों ने घायल की हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल भेज दिया गया। ग्राम गंजपुरा निवासी सलीम उर्फ बद्धा गुरुवार की रात खेत पर गेहूं की फसल की रखवाली कर रहा था। इस बीच गांव के ही फैजान, बाबू व मुस्तकीम ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। इसमें सलीम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल सलीम को सीएचसी नगीना भेज दिया। घायल की हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने फैजान, बाबू व मुस्तकीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### लापरवाही में उपनिरीक्षक निलंबित

**बढ़ापुर, अमृत विचार :** थाने में तैनात उपनिरीक्षक को लापरवाही बरतने पर क्षेत्राधिकारी नगीना की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले की जांच चांदपुर क्षेत्राधिकारी को दी गई है। उप निरीक्षक मनोज कुमार की ड्यूटी सेक्टर अधिकारी के रूप में लगी थी। मगर वह अपने आवास पर आराम फरमाते रहे। अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही न करने तथा राजकीय कार्यों में रुचि न लेने और अपने कर्तव्यों व दायित्व में लापरवाही बरतने के आरोप में क्षेत्राधिकारी नगीना द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने उप निरीक्षक मनोज कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

### भट्ठी से लगी मुर्गी फार्म में आग, डेढ़ लाख की क्षति

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** मुर्गी के बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए रखी भट्ठी से मुर्गी फार्म में आग लग गई। इसमें करीब 1500 मुर्गे-मुर्गियों की जलकर मौत हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाने में कामयाब हो सके। नगर के मोहल्ला बेगम सराय निवासी सलीम अहमद का गांव मेघपुर में मुर्गी फार्म है। चार दिन पूर्व उसने 1500 चूजे खरीदे थे। शुक्रवार की सुबह चूजों को ठंड से बचाने लिए मुर्गी फार्म में भट्ठी लगा दी। इसके बाद वह घर चला गया। इस बीच भट्ठी की चिंगारी से मुर्गी फार्म में आग लग गई। ग्रामीणों ने फार्म मालिक को सूचना दी। आग से करीब डेढ़ लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

### शेरकोट के युवक की सऊदी में सड़क हादसे में मौत

**शेरकोट, अमृत विचार :** नगर मोहल्ला तराई निवासी 45 वर्षीय लईक अहमद सऊदी अरब में कारपेंटर का काम करते थे। बताया जा रहा है गुरुवार को वह सड़क किनारे काम कर रहे थे। इस दौरान लईक ट्राले की चपेट मे आ गए और सिर से ज्यादा खून बह जाने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। लईक के साथियों ने हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही उसके तीनों बेटे और दोनों बेटियां बुरी तरह बिलखने लगीं। मृतक सात भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक के फुफेरे भाई सईद ने बताया की लईक को सऊदी अरब में ही सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। सऊदी सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद मोहल्ले में भी शोक की लहर दौड़ गई।



लईक अहमद।

### मारपीट के दौरान ग्रामीण को मारी गोली, गंभीर

**रामपुर, अमृत विचार :** पटवाई क्षेत्र में शुक्रवार को रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट के दौरान ग्रामीण को गोली मार दी गई। जिससे वह गंभीर रूस से घायल हो गया। मारपीट में भी महिला सहित तीन लोग जख्मी हुए हैं। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव मथुरापुर कलां निवासी पवन कुमार ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह नौ बजे वह अपने परिवार के साथ घर में था। तभी गांव का ही सोनू अपने साथियों के साथ घर में घुस आया। आरोपियों ने पवन के परिजनों के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। उन्होंने विरोध किया तो आरोपी सोनू ने तमंचे से गोली चला दी। गोली लगने से पवन के ताऊ रमेश घायल हो गए। गोली उसके सीने में लगी। जबकि मारपीट में रैश, जयलाल और आरती घायल हो गई। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। चारों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना के बाद पुलिस भी आ गई थी। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सोनू, बब्लू, राजेंद्र और मुकेश के खिलाफ जानलेवा हमला सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

### चार केंद्रों में होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

**स्वार, अमृत विचार :** क्षेत्र के चार केंद्रों में1616 युवा पुलिस भर्ती के लिए परीक्षा देंगे। पुलिस ने परीक्षा को लेकर तैयारू शुरू कर दी है। भर्ती के लिए 17-18 फरवरी को परीक्षा होगी। तहसील क्षेत्र के चार कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इनमें 1616 युवा पुलिस में भर्ती के लिए परीक्षा देंगे। नगर के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में 400, राजकीय इंटर कॉलेज में 400, मदर इंडिया इंटर कॉलेज में 216 और श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर गांव रुस्तमनगर छप्परा में 400 युवा परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। शुक्रवार को कोतवाल संदीप त्यागी ने क्षेत्र के चारों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। कॉलेजों में पानी, बिजली, शौचालय, सफाई सहिता अन्य व्यवस्थाएं देखीं।

### बापू मॉल में दुकानों की आठ को होगी नीलामी

**रामपुर, अमृत विचार :** तोपखाना स्थित सपा सरकार में नया सवेरा योजना के तहत बनाया गया बापू मॉल अब जल्द आबाद होगा। मॉल वर्ष 2017 में पूर्व मंत्री आजम खां ने तैयार कराया था। करीब छह वर्ष से धूल फांक रही दुकानें अब जगमग हो जाएंगी। दुकानों की नीलामी आठ फरवरी को पालिका में होगी। इसमें दुकानें, हॉल, रेस्टोरेंट शामिल हैं। शहर की घनी आबादी के बीच 24 .96 करोड़ रुपये की लागत से बना बापू मॉल सीएनडीएस कंपनी के माध्यम से पालिका के हैंड ओवर कर दिया था। मॉल में 16 हॉल, 400 से अधिक दुकानें बनाई गईं थीं। दुकानों में केंद्र बिंदु भूतल, प्रथम तल, हॉल आदि का किराया अलग-अलग तय किया था। दुकानों को कारोबार के हिसाब से आरक्षित किया गया था। इसमें भूतल की पश्चिमी विंग की 18 दुकानों में बर्तन बाजार, उत्तरी विंग की 30 दुकानों में जूता, चप्पल, पूर्वी विंग की 28 दुकानों में हार्डवेयर एवं सैनिटेशन, दक्षिणी विंग की 45 दुकानों में जनरल स्टोर, मध्य विंग की 18 दुकानों में स्वीट्स, बेकरी, मेडिकल, जबकि 26 दुकानों को इलेक्ट्रॉनिक्स के कारोबार के लिए आरक्षित की गई थीं।

# बच्चों को बताया हैदरपुर वेट लैंड का महत्व

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** राज्य स्वच्छ गंगा मिशन एवं उत्तर प्रदेश राज्य बर्ड फेस्टिवल के तहत विश्व आद्रभूमि दिवस 2024 का आयोजन जिला गंगा समिति के माध्यम से सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा कराया गया। इसमें कृष्णा कॉलेज, रामा कॉलेज, कुंवर सत्य वीरा कॉलेज के स्नातक स्तर, डीडीपीएस स्कूल व सक्षम दिव्यांगजन विद्यालय के छात्र छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों तथा गंगा प्रहारियों ने प्रतिभाग किया।



प्रदर्शनी का निरीक्षण करते जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल। ● अमृत विचार

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि प्रभागीय निदेशक समाजिक वानिकी प्रभाग ने आद्र भूमियों के महत्व एवं संरक्षण के बारे में बताया। आद्र भूमियों में आने वाले प्रवासी पक्षियों के संरक्षण एवं संवर्धन में सहयोग के लिए गंगा प्रहारियों को प्रेरित किया। संचालन एवं समन्वय उप प्रभागीय वनाधिकारी ज्ञान सिंह ने किया। हैदरपुर वेट लैंड के अंतराष्ट्रीय महत्त्व के बारे में बताते हुए कहा कि यह वेटलैंड 1984 में मध्य गंगा कैनाल पर बांध निर्माण से उत्पन्न हुये बैक वाटर से निर्मित हुआ है। इसका क्षेत्रफल लगभग 6200 हेक्टेयर है। इसमें 19,000 पक्षियों की देशी विदेशी 62 प्रजातियां चिन्हित की गयी हैं। हैदरपुर वेट लैंड को 47वें रामसर स्थल के रूप में अधिसूचित किया गया है। इसमें पाई जाने वाली जैव विविधता के बारे में बताते हुये इसमें पाए जाने वाले पक्षियों मगरमछ, राष्ट्रीय जलीय जीव डॉलफिन आदि के परिस्थितिक तंत्र में महत्त्व के बारे में प्रकाश डाला। जनपद में चिन्हित महत्वपूर्ण आद्र भूमियों उनकी ग्राउंड ट्रूथिंग और उनके महत्त्व तथा संरक्षण के उपायों बारे में भी चर्चा की गयी।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक नमामि गंगे पुलकित जाग्रवाल ने अविरल गंगा और निर्मल गंगा अभियान में आंद्र भूमियों के संरक्षण का आह्वान किया। विभिन्न विद्यालयों तथा कॉलेज से आये बच्चों में आंद्र भूमियों के महत्व एवं परिस्थितिक तंत्र में उनकी उपयोगिता आधारित चित्रकला, नाटक एवं वाद विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उन्हें पुरस्कृत कर प्रतिभागी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र दिए।

### लेखपालों को दी तैनाती

**बिजनौर, अमृत विचार :** डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग के माध्यम से राजस्व विभाग के लिए लेखपालों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों में से 187 अभ्यर्थियों को मंडलायुक्त ने जिला आवंटित किया है। इसी के तहत जिलाधिकारी ने 21 अभ्यर्थियों को तहसील बिजनौर, चांदपुर में 40, धामपुर में 42, नगीना में 38 तथा नजीबाबाद में 46 लेखपालों के पद आवंटित किए हैं। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को पुलिस वेरीफिकेशन तथा स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर संबंधित उप जिलाधिकारी द्वारा नियुक्त किए जाएगा। अभ्यार्थियों को निर्देशित किया है कि तत्काल भूलेख कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा सूची के आधार पर आवंटित तहसील उप जिलाधिकारी/तहसीलदार के समक्ष उपस्थित होकर अपनी योगदान आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।



पंपिंग हाउस का क्षतिग्रस्त लिंटर। ● अमृत विचार

# निर्माणाधीन पंपिंग हाउस का लिंटर गिरा, बाल-बाल बचे मजदूर

संवाददाता, नहटौर

**हंगामा**

▸▸ ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लगाया घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम मंडोरी में निर्माणधीन पानी की टंकी के परिसर में बनाए गए पंपिंग हाउस का लिंटर हल्की बारिश से ही भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि काम कर रहे मजदूर बाल-बाल बच गए। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के ग्राम मंडोरी में जल निगम की ओर से पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। टंकी परिसर में बनाए गए पंपिंग हाउस में करीब 11 दिन पूर्व लिंटर डाला गया था। गुरुवार को लिंटर की सेट्रिंग को हटा दिया गया था। शुक्रवार को सुबह मजदूर ब्रजपाल व शेर सिंह लिंटर के नीचे लगी बल्ली को हटा रहे थे। तभी अचानक लिंटर भरभराकर गिर गया।

दोनों मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई। ग्राम मंडोरी निवासी महेंद्र सिंह व अन्य ग्रामीणों ने ठेकेदार पर घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## रामपुर/मुरादाबाद देहात

# नगर पंचायत की लापरवाही से सड़क पर भरा गंदा पानी

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** नगर वासियों का आरोप है कि मोहल्ला सादात पश्चिम में नगर पंचायत की लापरवाही के चलते सड़कों पर गंदगी पसरी है। गंदा पानी घरों में भी घुस रहा है। मोहल्लावासियों ने उप जिलाधिकारी को इस संबंध में शिकायती पत्र दिया है। उप जिलाधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

मोहल्ला सादात पश्चिम में अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है और तालाब की भूमि कम होती जा रही है। इस कारण तालाब में पहुंचने वाला नगर का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा है। इससे दर्जन भर से अधिक गांवों को जोड़ने वाला हरियाणा मार्ग प्रभावित हो रहा है। राहगीर गंदे पानी में से निकलने को विवश हैं। इसी के चलते मोहल्ला सादात पश्चिम में गंदा पानी सड़कों पर भरा है। आशंका है कि इससे आबादी में रोग फैल सकते हैं। नगर पंचायत समस्या को लेकर गंभीर नहीं है। नगर पंचायत द्वारा निजी भूमि में जेसीबी द्वारा दो-दो फीट ऊंचे बांध बनाकर पानी को रोका जा रहा है। सड़क पर भरे हुए पानी के चलते मोहल्ले वासियों में आक्रोश है।

इस बारे में अधिशासी अधिकारी कुंदरकी अरविंद कुमार ने बताया कि जल्द ही साफ-सफाई करा कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

### 460 ग्राम चरस के साथ दो आरोपी पकड़े

**रामपुर, अमृत विचार:** थाना गंज पुलिस 220 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उसको थाने ले आई। थाना गंज पुलिस द्वारा आरोपी संजय श्रीवास्तव पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम बगी थाना गंज को 220 ग्राम चरस के साथ मंडी रोड ,स्वार बस अड्डे की ओर तिराहा से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गंज पर धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर कार्रवाई कर दी है। उधर, गंज पुलिस ने अभियान चलाकर 240 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी को गिरफ़्तार कर लिया। पुलिस उसे थाने ले आई। बाबर निवासी ग्राम सैंजनी नानकर थाना गंज को उमर कॉलोनी की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है।

# आयोध्या से लौटे रामभक्त का स्वागत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** बागेश्वर धाम और अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर के दर्शन करके लौटने पर भगतपुर के गांव मंगावाला निवासी सुरजीत सिंह का भाजपा के विधानसभा प्रत्याक्षी ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने स्वागत किया।

भगतपुर ब्लॉक के मंगावाला गांव निवासी सुरजीत सिंह ने बागेश्वर धाम और नव निर्मित अयोध्या धाम श्री राम मंदिर की 37 दिन की में करीब 1500 किलोमीटर की पैदल यात्रा की। शुक्रवार को वह अपने गांव पहुंचे।

इस पर भाजपा के पूर्व प्रत्याशी ने फूल माला पहनाकर एवम् पुष्प गुच्छ भेंट करके उनका स्वागत किया। इस दौरान गांव में उत्साह का वातावरण रहा। जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर सुरजीत का स्वागत किया। सुरजीत ने गांव में घूमकर बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और गांव के सभी मंदिरों में पूजा अर्चना की।



सुरजीत सिंह का स्वागत करते ठाकुर अजय प्रताप सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

स्वागत करने वालों में जितेंद्र चौधरी, निशांत चौधरी, नवदीप, सतेंद्र, राजेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

# किसानों की आय दोगुनी करने के लिए खाद-बीज मुहैया कराएं: मोहन लाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने कहा कि केंद्र, प्रदेश सरकार की मंशा है कि किसानों की आय को दोगुनी करने के लिए खाद-बीज मुहैया कराई जाए। जिससे किसी को भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

सिविल लाइंस स्थित जिला सहकारी बैंक में शुक्रवार की शाम 4 बजे बैंक के अधिवक्ता पैनल की बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि 29 शाखाओं के माध्यम से आमजन को बैंक की योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। जिसमें गृह ऋण, संपत्ति के विरूद्ध, पंडित दीनदयाल सहकारी स्वरोजगार योजना, सृजन के लिए ऋण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद की 64 कृषि ऋण समितियों के माध्यम से किसानों को भी ऋण दिया जाता है जिसमें भी भारमुक्त प्रमाण पत्र प्राप्त किए जाते हैं। बैंक के सचिव मुख्य कार्यापालक अधिकारी श्रीप्रकाश त्रिपाठी ने पैनल में शामिल सभी अधिवक्ताओं से आग्रह किया कि उनके पास भारमुक्त अथवा बंधक कार्य के लिए जो भी पत्रावालियां पहुंचे तो उनका निस्तारण तीन दिन के भीतर कराया जाए। जिससे कि किसानों को ऋण लेने में किसी भी परेशानी न हो। इस अवसर पर तरूण कुमार, समर सिंह, रामौतार सैनी, मनोज कुमार, अंकुश सक्सेना, सुभाष चंद्र, विक्रमजीत सिंह और वैलुअर उत्कर्ष मांगलिक शामिल रहे।



जिला सहकारी बैंक में आयोजित बैठक में शामिल अध्यक्ष और अधिवक्ता।

▸▸ जिला सहकारी बैंक के सभागार में आयोजित हुई बैठक

### 2000 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई

**स्वार, अमृत विचा र:** लोकसभा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाने रखने के लिए पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। आचार संहिता लागू होने से पहले ही अब तक पुलिस ने 2000 लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की है। सरकारी स्थलों को चुनावी प्रचार के उपयोग में लेने वालों पर पैनी नजर है।

लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता भी लागू नहीं की गई है, लेकिन पुलिस प्रशासन लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए अलर्ट हो गया है। पुलिस ने अभी से क्षेत्र में शरारती तत्वों को चिह्नित करना शुरू कर दिया है। अब तक पुलिस 2000 लोगों पर निरोधात्मक कर गड़बड़ी करने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दे चुकी है। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि अगामी लोकसभा चुनाव के दौरान कोई खलल न पड़े। इसके लिए रोजाना लोगों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

# खड़ी ट्रैक्टर-ट्राली में घुसी बाइक, किशोर की मौत

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली में बाइक घुस गई, सड़क हादसे में बाइक सवार किशोर की मौके पर मौत हो गई। लेकिन माहौल की नजाकत को भांपते हुए पुलिस ने परिजनों के पहुंचने से पहले ही शव को रामपुर के लिए रवाना कर दिया। पुलिस मौत की बात को परिजनों से छिपाती रही। परिजन भी पुलिस पर आरोप लगाते रहे।

नगर के मोहल्ला मंगोली निवासी सोलह वर्षीय शिवम पुत्र प्रेमपाल फोटोग्राफी करता था। शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे शिवम बाइक से किसी कार्यक्रम में फोटोग्राफी के लिए जा रहा था। शाहबाद-ढकिया मार्ग पर तुरखेड़ा गांव के पास गुरुवार रात एक ट्रक से बजरफुट पर गिर गया था। कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी करके बजरफुट भर रहे थे। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर-ट्राली में रिफ्लेक्टर नहीं लगे थे इस कारण शिवम की बाइक ट्राली में घुस गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सीधे जिला अस्पताल लेकर रवाना हो गई। परिजनों के पहुंचने से पहले ही पुलिस निकल चुकी थी। इसके बाद परिजन शिवम की हालत जानने के लिए कभी कोतवाली तो कभी सीएचसी में भटकते रहे। पुलिस काफी देर तक मौत की बात छुपाए रही। पुलिस ने रात को मोर्चरी में शव रखवा दिया। कोतवाल मानचंद ने तब भी मौत की सूचना से इंकार किया। उनका कहना था कि जब तक डॉक्टर का मेमो उनके पास नहीं आएगा। तब तक वह पुष्टि नहीं कर सकते। उनका सिपाही शुरू से आखिर तक शिवम के साथ था। अस्पताल से जानकारी ली गई तब परिजनों को मौत की जानकारी हुई ।

## एक नजर

### व्यक्तिगत परीक्षा फार्म का अग्रसारण 3 से होगा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में रुहेलखंड विश्वविद्यालय की सत्र 2023-24 की परीक्षा के व्यक्तिगत छात्रों के परीक्षा फार्म 3 फरवरी से अग्रसारित किए जाएंगे। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि फार्म अग्रसारण अग्रिम आदेशों तक सुबह 10 :30 बजे से दोपहर 1 :30 बजे तक कॉलेज कार्यालय से होंगे।

### एलएलबी परीक्षा में नकल करते छात्र को पकड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में एलएलबी तृतीय सेमेस्टर के छात्र को परीक्षा में नकल करते पकड़ा गया। कॉलेज के सचल दल ने छात्र को यूएफएम कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी है।चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि परीक्षा के दौरान सघन चेकिंग की जा रही है। शुक्रवार को सचल दल के साथ चेकिंग की तो एक कक्ष में एक छात्र के पास गेस पेपर की पर्चियां मिली हैं। उन्होंने बताया कि आगे भी परीक्षा के दौरान चेकिंग जारी रहेगी।

### अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत

**गुन्नौर, अमृत विचार :** आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर दिल्ली से घर लौट रही महिला को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव गजाधरपुर निवासी सीतावती पत्नी जयदेव प्रसाद शुक्रवार देर शाम बस द्वारा दिल्ली से लौट रही थी। आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव के रास्ते के मोड़ पर महिला बस से उतर कर खड़ी हुई थी। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने महिला को रौंद दिया। हादसे में महिला की मौत हो गई।

### दो पक्षों में हुई मारपीट पांच लोग घायल

**जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर में बिजली के पोल गाड़ने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर में शुक्रवार गांव में बिजली के पोल गाड़ने के लिए जगह चिन्हित की जा रही थी। गांव के सुरेश पुत्र नाथू सिंह ने बताया कि उसके घर के सामने बिजली का पोल लगा रहे थे। जिसका उसने विरोध किया। इसी बात को लेकर कहा सुनी होने लगी। फिर गाली गलौज और मारपीट हुई। पुलिस ने पांच लोगों को मेडिकल परीक्षण को भेजा।

# आईटीआई का छात्र 10 लाख की स्मैक के साथ गिरफ्तार

## खटीमा से लाकर हल्द्वानी में बेचने की फिराक में था नशीला पदार्थ

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पुलिस और एसओजी ने 19 साल के आईटीआई छात्र को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी खटीमा से लाकर स्मैक को हल्द्वानी में बेचने की फिराक में था।

पुलिस के अनुसार बीते गुरुवार को एसओजी और चोरगलिया पुलिस चोरगलिया क्षेत्र में गश्त कर रही थी। चोरगलिया बाजार, काठबांस होते एसओजी और पुलिस एमवीआर गेट के पास पहुंची। वहां वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। शाम करीब 8:35 बजे एक युवक सितारगंज की तरफ से पैदल-पैदल बैरियर की तरफ आया और पुलिस को देखकर पीछे घूमकर तेज कदमों से भागने लगा। शक होने पर एसओजी और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। युवक के पास से काले रंग की पन्नी में स्मैक मिली। जिसका वजन 105 ग्राम है। बाजार में इसकी कीमत करीब 10 लाख रुपये है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अभय निवासी ग्राम अमाऊं, थाना खटीमा, जिला ऊधमसिंह नगर बताया। युवक की उम्र केवल 19 साल है और वह आईटीआई का छात्र है। आरोपी ने बताया कि वह स्मैक अपने दोस्त तुषार शर्मा निवासी रोडवेज अड्डा के पास खटीमा से लाया है। पुलिस ने अभय पर मुकदमा दर्ज कर उसके दोस्त तुषार की तलाश शुरू कर दी है।

### ऊंचे रहन-सहन के लालच में बेचने लगा स्मैक

**हल्द्वानी,अमृत विचार :** अभय आईटीआई का छात्र है। ब्रांडेड कपड़े, महंगे मोबाइल का शौक उसे भी था। उसका दोस्त तुषार स्मैक की कमाई से इस तरह के शौक पूरा करता है। उसे देखकर ही अभय भी इस काले कारोबार में आ गया। उसने बताया कि शुरू में वह तुषार से थोड़ी-थोड़ी स्मैक लेकर खटीमा के आसपास बेचता था। बाद में तुषार ने उसका संपर्क हल्द्वानी के स्मैक कारोबारियों से करवा दिया और वह स्मैक बेचने हल्द्वानी आने लगा। गुरुवार को भी वह हल्द्वानी की एक पार्टी को स्मैक देने आया था।

## पत्नी से झगड़े के बाद राजमिस्त्री ने दी जान

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर क्षेत्र में राजमिस्त्री ने पत्नी से झगड़े के बाद घर में फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

करेली निवासी शंकर (25) राजमिस्त्री का काम करता था। पुलिस के मुताबिक गुरुवार को वह बारिश के कारण काम पर नहीं गया। वह शाम को अपने जीजा के साथ शराब पीकर घर वापस आया। जहां पर छोटे भाई सोनू और उसकी पत्नी सुजाता से झगड़ा कर मारपीट की। पत्नी बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी मारपीट की। जिसके बाद पत्नी बरामदे में सो गई। सुबह परिजनों ने देखा तो शंकर का शव कमरे में पंखे में दुपट्टा के सहारे लटक हुआ मिला।

इंस्पेक्टर सुभाषनगर मदन मोहन ने बताया कि शंकर शराब पीने के बाद छोटे भाई और पत्नी से झगड़े के बाद फंदे से लटककर जान दे दी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर ठगे 40 हजार रुपए

संवाददाता, हापुड़




**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवाने का झांसा देकरआरोपियों ने अपने खाते में 40 हजार रुपये डलवा लिए। थाना बाबूगढ़ गांव सिमरौली निवासी योगेंद्र ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में उसके दोनों हाथ कट गए थे। काम न कर पाने के कारण उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उसने मकान बनवाने के लिए प्रधानमंत्री आवासीय योजना के लाभ के लिए आवेदन किया था। कुछ दिन पहले उसके पास अलग-अलग नंबरों से तीन कॉल आई। फोन पर बात करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम मुकेश शर्मा, आकाश शर्मा व अनंत कुमार बताया। तीनों ने बताया कि वे उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनवा देंगे। आरोपियों ने उसे झांसे में लेकर अपने खाते में 40 हजार रुपये डलवा लिए। इसके बाद 19 जनवरी को आरोपियों ने फोन कर उनसे 28 हजार रुपये और मांगे। मामले में कार्रवाई न होने पर उसने शिकायत की। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मामले में मुकेश शर्मा, आकाश शर्मा व अनंत कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस फोन नंबरों के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## किराया मांगने पर महिला को घर में घुसकर पीटा

**बदायूं, अमृत विचार :** दुकान का किराया मांगने पर किराएदार अपने परिचितों के साथ मकान मालकिन के घर में घुस गया। महिला के साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की। पीड़ित महिला ने पुलिस से शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। महिला कोर्ट की शरण में गई। कोर्ट के आदेश पर चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव गलोथी निवासी रामश्री ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उन्होंने बताया कि वह अनुसूचित जाति से हैं। मुख्य मार्ग पर उनकी दुकानें हैं। इसमें उनके गांव निवासी अमित कुमार किराएदार है। उन्होंने कई महीनों से दुकान का किराया नहीं दिया है। रामश्री और उनके बेटे ने कई बार अमित कुमार से किराया मांगा लेकिन वह टालमटोल करते रहे। 23 फरवरी 2023 को किराया मांगने पर उन्होंने गाली-गलौज की।

# कृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव विभोर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- गीता सत्संग भवन में भागवत कथा के चौथे दिन उमड़े श्रद्धालु

**अमृत विचार:** सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में आयोजित भागवत कथा के चौथे दिन शुक्रवार को बावन अवतार और कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए इस दौरान श्री कृष्ण के जयकारे भी गूंजे। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए कथा वाचक योगी हितेश्वर नाथ ने कहा कि भगवान भक्तों के वश में हैं। भगवान हमेशा अपने भक्तों का ध्यान रखते हैं। जब-जब धरती पर पाप, अनाचार बढ़ता है, तब-तब भगवान श्रीहरि धरा पर किसी न किसी रूप में अवतार लेकर भक्तों के संकट को हरते हैं। कहा कि जब कंस के पापों का घड़ा भर गया, तब भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लेकर कंस का अंत किया और लोगों को पापी राजा से मुक्ति दिलाई। इस दौरान नंद घर जन्में कन्हैया, कान्हा अब तो ले लो अवतार बृज में, मैं तो नंद भवन में जाऊंगी, यशोदा जायो ललना, श्याम तेरी वंशी पुकारे राधा आदि भजन प्रस्तुत किए गए । आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर श्वेता गुप्ता, मोनिका मिश्र, ज्ञान चंद्र अग्रवाल, शोभा शर्मा समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।



कथा वाचक हितेश्वर नाथ।

## लापरवाही बरतने पर खंड शिक्षा अधिकारी निलंबित

**बदायूं, अमृत विचार:** बीते वर्ष नवंबर माह के दौरान उसावां में हुए सड़क हादसे के प्रकरण में शासन की ओर से लापरवाही के आरोप में खंड शिक्षा अधिकारी वीरेश तोमर को निलंबित कर दिया है। उन्हें बरेली एडी के कार्यालय में संबद्ध किया गया है। मामला शासन में पहुंचने पर मंडलायुक्त से रिपोर्ट मांगी थी। उनके द्वारा भेजी गई जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की गई है।

नवंबर माह के दौरान एक सड़क हादसे में चार बच्चों सहित कार चालक की मौत हुई थी। सभी बच्चे उसावां क्षेत्र में संचालित एक अवैध स्कूल में पंजीकृत थे। सुबह के समय चालक वैन के माध्यम से बच्चों को स्कूल लेकर जा रहा था। रास्ते में एक स्कूल बस के चालक ने टूटी सड़क को बचाते हुए कट मारा था। सामने से आ रही बैन बस से टकरा गई थी। हादसा होने के बाद बीएसए ने कार्रवाई करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी वीरेश तोमर से उस क्षेत्र का चार्ज हटाते हुए मुख्यालय से संबद्ध कर दिया था। वहीं, दूसरी ओर इस हादसे की जांच डीएम द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट से कराई गई थी।



हापुड़ में डीएम प्रेरणा शर्मा को ज्ञापन देते भाकियू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# मुआवजे की मांग को लेकर जिलाधिकारी को सौपा ज्ञापन

संवाददाता, हापुड़

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन शक्ति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश कुमार व संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम सिकेडा निवासी अकबर अली शुक्रवार को डीएम कार्यालय पहुंचे और बताया कि 26 जनवरी को गन्ने के ट्रक की टक्कर लगने से उनके पुत्र शाकिब की मौत हो गई थी। अकबर अली ने मुआवजे की मांग को लेकर डीएम प्रेरणा शर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि सिंभावली शुगर मिल के ट्रक यूपी 21 एएन 7756 से 26 जनवरी को सिखेड़ा निवासी साकिब की नई कॉलोनी से सिखेड़ा आते समय टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई थी। ऐसी स्थिति में सिंभावली शुगर मिल द्वारा मुआवजा दिलाने के आदेश पारित करने की मांग की ।

## सार-संक्षेप

### दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर आयोजित

**हापुड़, अमृत विचार :** आर्य कन्या पाठशाला में दश दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर के द्वितीय दिवस का आयोजन किया गया जिसमें संस्कृत भारती के प्रचारक मनेन्द्र आर्य ने छात्राओं को अत्र,तत्र,कुत्र,अन्यत्न शब्द से परिचय कराते हुऐ वाक्य बनाना सिखाया। तो प्रधानाचार्या डॉ0 स्नेह प्रभा ने प्रथम दिवस में 'दश दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारंभ सरस्वती चित्र के सम्मुख दीप जलाकर किया। साथ ही छात्राओं को संस्कृत भाषा सीखने के लिए प्रेरित किया। डॉ अनीता जायसवाल ने मनेन्द्र आर्य का छात्राओं से परिचय कराते हुए संस्कृत भाषा को अमृत भाषा बताया। बीएड छात्रा कु0 दिव्या चौधरी ने कहा कि संस्कृत भाषा सरल है और आज के समय में संस्कृत भाषा सीखना अत्यावश्यक हैं। छात्राओं ने पूर्ण मनोयोग से संस्कृत भाषा को सीखा। कु0 माही, शिवानी, वंशिका, आदि छात्राओं ने सुरुचिपूर्ण ढंग से सिखाने के लिए मनेन्द्र का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षिकाओं का पूर्ण सहयोग रहा।

### रेकी करने के बाद रात में चोरी करते थे ट्रैक्टर

**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा में दोहना स्टेशन के पास ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने और नकली शराब बनाकर बेचने वाले तीन आरोपियों अमरपाल, सर्वेश और सूरज शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं सरगना नरेश कश्यप उर्फ चीमा और सेवाराम अभी पुलिस गिरफ्त से दूर है। गैंग के लोग दिन में ट्रैक्टर-ट्राली की रेकी करते थे और फिर रात में दूसरे ट्रैक्टर से टोचन कर चोरी कर लेते थे। क्षेत्र में एक ही छत के नीचे कई अपराध करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी से भोजीपुरा और देवरनिया के छह मामलों का खुलासा हुआ है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों पर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 10 चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। साथ ही एक मुकदमा कॉपीराइट एक्ट के तहत भी दर्ज है। एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी के ट्रैक्टर-ट्राली समेत नकली शराब के पव्वे समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

### हाईटेंशन लाइन के 40 खंभों से तार चोरी

**हापुड़, अमृत विचार :** गढ़मुक्तेश्वर के गांव दौताई में नलकूपों की हाईटेंशन लाइन के 40 खंभों से तार चोरी हो गए । ग्रामीणों ने मामले की जानकारी ऊर्जा निगम के अधिकारियों को दी। एसडीओ अंकित कुमार ने बताया कि बुधवार की रात तेज बारिश होने के चलते बिजली की लाइन बंद थी, इसका फायदा उठाकर चोर 40 खंभे की लाइन चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने बताया कि इस लाइन से करीब 250 किसानों के नलकूप जुड़े है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी इसी लाइन के करीब 45 खंभों के तार भी चोर हो चुके हैं। चोरी के संबंध में पुलिस को सूचना दे दी गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह का कहना है कि मामले की जांच कर चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



बैठक में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह । ● अमृत विचार

# हाईवे पर सफर होगा महंगा, 10 फीसदी बढ़ेगा टोल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** हाईवे का सफर जल्द महंगा होने जा रहा है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की ओर से टोल टैक्स में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की तैयारी की है। इसका असर रोडवेज बसों के किराए में भी देखने को मिलेगा। नई दरें एक अप्रैल से लागू होंगी।

जिले की सीमा में एनएचएआई के तीन टोल हैं। इनमें दिल्ली रोड पर फतेहगंज पश्चिमी, लखनऊ रोड पर फरीदपुर और पीलीभीत रोड पर रिठौरा के पास लभेड़ा में एक टोल प्लाजा पड़ता है। जबकि नैनीताल पर रोड यूपी स्टेट हाईवे अथारिटी का टोल प्लाजा है। एनएचएआई के लभेड़ा टोल पर टू लेन होने की वजह से वाहन चालकों को अन्य के मुकाबले 60 फीसदी कम टोल देना पड़ता है। टोल टैक्स में 10 फीसदी वृद्धि होने से वाहन लेकर चलने वालों को अधिक खर्च करना होगा।

> हर साल आवश्यकतानुसार टोल टैक्स में वृद्धि की जाती है। इस बार भी इसकी तैयारी है। टोल टैक्स की नई दरें एक अप्रैल से लागू की जाएंगी। एनएचएआई मुख्यालय की स्वीकृति जल्द मिलने की उम्मीद है।
>
> **- बीपी पाठक,** परियोजना निदेशक-एनएचएआई

# भाजपा की बैठक में जनसंपर्क अभियान को लेकर किया मंथन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की बैठक शुक्रवार को कैंप कार्यालय सुभाष रोड पर आयोजित की गई। बैठक में भाजपाओं ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर घर-घर जनसंपर्क अभियान एवं अयोध्या धाम प्रस्थान की रुपरेखा पर विचार विमर्श किया।

मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रम घर-घर जनसंपर्क अभियान एवं अयोध्या धाम प्रस्थान की रूपरेखा पर विचार किया गया। नगर में स्थित सभी 90 बूथ पर संयोजक एवं प्रवासी नियुक्त किए गए। नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को प्रातः 7 बजे नगर से राम भक्त अयोध्या धाम को प्रस्थान करेंगे। घर-घर जनसंपर्क अभियान के नगर संयोजक देवेंद्र गुप्ता मोनू एवं सहसंयोजक धारा सिंह को नियुक्त किया गया। अध्यक्षता नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने तथा संचालन नगर महामंत्री मनोज दिवाकर ने किया। इस दौरान आमोद वार्ष्णेय, राजकुमार ठाकरे, विनोद कुमार बिन्नी, आकाश अग्रवाल, पूर्व एमएलसी चंद्रपाल सिंह, डॉ. टीएस पाल, सभासद तरुण नीरज, अभिनव शर्मा, आकाश आहूजा, राजश्री अग्रवाल, राखी सिरोही आदि भाजपाई मौजूद रहे।

# श्री गुरुनानक दरबार में श्री अखंड पाठ साहिब का आरंभ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- राग़ी जत्थे के ओंकार सिंह ने किया गुरु की महिमा का बखान
- 4 फरवरी को गुरु का अटूट लंगर आयोजित होगा

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार गांव पथरा में गुरु गोविंद सिंह का प्रकाशोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। शुक्रवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में श्री अखंड पाठ साहिब का आरंभ किया गया। जिसकी समाप्ति चार फरवरी को होगी।

गांव पथरा स्थित गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार में शुक्रवार की सुबह श्री अखंड पाठ साहिब का आरंभ किया गया। जिसमें बाहर से आए रागी जत्थे में शामिल ओंकार सिंह व उनके साथियों ने गुरु की महिमा का बखान किया। जिसकी समाप्ति चार फरवरी को होगी। चार फरवरी की दोपहर गुरुद्वारे में गुरु का अटूट लंगर का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ज्ञानी बंता सिंह, हरचरन सिंह, सतनाम सिंह, राजेंद्र सिंह, बलवीर सिंह, वीर सिंह, हरजीत सिंह, प्रताप सिंह, अमर सिंह, धर्म सिंह, प्रीतम सिंह, गुजेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, हुकुम सिंह, जुगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
4 फरवरी
विश्व कैंसर दिवस
के उपलक्ष में 1 फरवरी से 4 फरवरी तक
बुकिंग करने पर पायें 50% का डिस्काउण्ट
Full Body PET-CT Scan
~~22,000~~ 11,000 50% डिस्काउण्ट
मुफ्त मैमोग्राफी
पीईटी-सीटी स्कैन क्यों किया जाता है?
- कैंसर का पता लगाना
- कैंसर शरीर के किस-किस जगह में है
- उपचार की योजना और मॉनिटरिंग
- न्यूरोलॉजिकल रोगों का मूल्यांकन
- हड्डी की स्थिति का मूल्यांकन
- हृदय सम्बंधी रोगो के लिए
Online Appointment की सुविधा UPI Payment के द्वारा
बुकिंग करने के लिए सम्पर्क करें - 9811187117
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल कैम्पस, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL RMCH BAREILLY Excellence towards profession
रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र | भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे* | जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज): 1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज): 1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,085.63 | 21,853.80 |
| बढ़त | 440.33 | 156.35 |
| प्रतिशत में | 0.61 | 0.72 |

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1130 बोल्ड 1115 डीएमओ 905।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

### एक नजर

#### गुजरात सरकार के बजट में कोई नया कर नहीं

**गांधीनगर।** भाजपा नीत गुजरात सरकार ने 3.32 लाख करोड़ रुपये का बजट शुक्रवार को पेश किया। इसमें किसी नए कर का प्रस्ताव नहीं है। वित्त मंत्री कनुभाई देसाई ने बजट में लड़कियों की शिक्षा, महिलाओं, गरीबों, युवाओं तथा किसानों पर लक्षित कई परियोजनाओं तथा योजनाओं की घोषणा की। देसाई ने बजट सत्र के दूसरे दिन यहां विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश करते हुए सदन को बताया कि 3,32,465 करोड़ रुपये का बजट पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 10.44 प्रतिशत अधिक है।

#### विदेशी मुद्रा भंडार 59.1 करोड़ डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि 26 जनवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 59.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 616.733 अरब डॉलर हो गया। इससे एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा का कुल भंडार 2.795 अरब डॉलर की भारी गिरावट के साथ 616.143 अरब डॉलर रह गया था।

# भारत बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

## प्रधानमंत्री ने भारत मोबिलिटी वैश्विक प्रदर्शनी को किया संबोधित, कहा-देश तेजी से आगे बढ़ रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में यह निश्चित रूप से दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इस साल अप्रैल-मई में आम चुनाव होने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने यहां 'भारत मोबिलिटी' वैश्विक प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए ट्रक और टैक्सी चालकों के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे पहले चरण में 1,000 आधुनिक विश्राम गृह बनाये जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा- हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत का दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनना निश्चित है। मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले करीब 10 साल में 12 करोड़ वाहन बिके थे। लेकिन 2014 के बाद से देश में 21 करोड़ से अधिक वाहन बेचे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले करीब 2,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे थे जबकि अब 12 लाख इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में यात्री वाहनों के मामले में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की प्रगति का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा-हम समुद्र और पहाड़ों को चुनौती देते हुए रिकॉर्ड समय में 'इंजीनियरिंग करिश्मा' तैयार कर रहे हैं। अटल सुरंग से लेकर अटल सेतु तक, भारत का ढांचागत विकास नए रिकॉर्ड बना रहा है। पिछले 10 साल में, 75 नये हवाई अड्डे बनाये गये हैं। लगभग चार लाख ग्रामीण सड़कें बनाई गई हैं। उन्होंने उद्योग जगत से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चे माल का उपयोग करके बैटरी बनाने के लिए अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाने को भी कहा।

### अगले वित्त वर्ष में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर काफी हद तक संभवः अजय सेठ



आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने शुक्रवार को कहा कि अंतरिम बजट में गैर-मुद्रास्फीतिकारी प्रस्तावों से अगले वित्त वर्ष में लगातार चौथे साल 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल करने में मदद मिलेगी। हालांकि सेठ ने बातचीत में भू-राजनीतिक तनाव से बाहरी जोखिम पैदा होने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि अगले साल करीब सात प्रतिशत की वृद्धि दर काफी हद तक संभव है। भारतीय अर्थव्यवस्था महामारी-प्रभावित 2020-21 में 5.8 प्रतिशत सिकुड़ने के बाद अगले वर्ष 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। वर्ष 2022-23 में यह 7.2 प्रतिशत रही और चालू वित्त वर्ष में इसके 7.3 प्रतिशत होने का अनुमान है।

### अब एफिल टॉवर के लिए कीजिए यूपीआई के जरिए भुगतान

**मुंबई।** पेरिस के एफिल टॉवर को देखने आने वाले पर्यटक अब भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए इस प्रतिष्ठित स्मारक की अपनी यात्रा बुक कर सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनपीसीआई ने कहा कि उसकी शाखा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स (एनआईपीएल) ने फ्रांस की ई-कॉमर्स और भुगतान कंपनी लायरा के साथ गठजोड़ किया है। इसके तहत फ्रांस में यूपीआई भुगतान व्यवस्था को स्वीकार किया जाएगा और इसकी शुरुआत एफिल टॉवर से हो रही है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, भारतीय पर्यटक अब यूपीआई का उपयोग करके ऑनलाइन टिकट खरीदकर एफिल टॉवर की अपनी यात्रा बुक कर सकते हैं।

# जीएसटी पंजीकरण के लिए बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण पूरे भारत में संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **सीबीआईसी प्रमुख संजय कुमार अग्रवाल ने दी जानकारी**

जीएसटी परिषद, जीएसटी पंजीकरण कराने के इच्छुक संदिग्ध व्यक्तियों के लिए पूरे भारत में बायोमेट्रिक आधारित आधार प्रमाणीकरण को अनिवार्य करने पर विचार कर सकती है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) प्रमुख संजय कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इस समय दो राज्यों - गुजरात और आंध्र प्रदेश, तथा केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में पायलट आधार पर करदाताओं का आधार प्रमाणीकरण शुरू किया गया है। अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, ''इसके उत्साहजनक परिणाम मिल रहे हैं। गुजरात में (पंजीकरण) आवेदनों की संख्या में कमी आई है। यह एक संकेत है कि इन उपायों से उन लोगों पर लगाम लग गई है, जो नकली आईटीसी फर्म बनाने के लिए दूसरों की पहचान का इस्तेमाल कर रहे थे। उन्होंने कहा-उत्साहजनक नतीजों को देखते हुए, ऐसा लगता है कि अब अधिक से अधिक राज्य इसे चुनेंगे या इसे सभी राज्यों पर समान रूप से लागू किया जा सकता है, क्योंकि फर्जी पंजीकरण से राजस्व प्रभावित होता है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारी अब तक पंजीकरण के आवेदकों को सत्यापित करने के लिए ओटीपी आधारित आधार प्रमाणीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। फर्जी कंपनी बनाने के लिए अन्य लोगों की पहचान का दुरुपयोग करने के मामले सामने आने के बाद सीबीआईसी ने बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की ओर बढ़ने का फैसला किया था।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,300-48,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,400 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,300 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,300 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,500 |
| चांदी आभूषण | 73,900। |

# केवाईसी के लिए अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा न करें

**मुंबई, एजेंसी**

▸▸ **आरबीआई ने धोखाधड़ी के प्रति किया आगाह**

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जनता को केवाईसी अद्यतनीकरण के नाम पर धोखाधड़ी के प्रति आगाह किया और अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा नहीं करने की सलाह दी।

अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) अद्यतनीकरण के नाम पर ग्राहकों के धोखाधड़ी का शिकार होने की लगातार घटनाओं और रिपोर्टों के मद्देनजर आरबीआई ने जनता से नुकसान को रोकने और ऐसी दुर्भावनापूर्ण प्रथाओं से खुद को सुरक्षित रखने के लिए सावधानी बरतने और उचित देखभाल करने का आग्रह किया। केंद्रीय बैंक पहले भी इस तरह की धोखाधड़ी को लेकर जनता को आगाह कर चुका है। आरबीआई ने कहा, "केवाईसी दस्तावेज या उनकी प्रतियां अज्ञात या गैर-सत्यापित व्यक्तियों या संगठनों के साथ साझा न करें।" बैंक ने कहा कि खाता लॉगिन क्रेडेंशियल, कार्ड की जानकारी, पिन, पासवर्ड, ओटीपी भी किसी के साथ साझा न करें।

### ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से मासिक जीएसटी संग्रह 400% बढ़ा

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से मासिक जीएसटी संग्रह एक अक्टूबर से 400 प्रतिशत से अधिक बढ़कर लगभग 1,200 करोड़ रुपये हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एक अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग मंच पर 28 प्रतिशत कर लगाया गया था। जीएसटी परिषद ने पिछले साल अगस्त में साफ किया था कि ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को अपने मंच पर लगाए गए दांव के पूरे अंकित मूल्य पर 28 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) देना होगा।

# शेयरों में लौटी तेजी, निफ्टी ने नया शिखर छुआ

**मुंबई, एजेंसी**

▸▸ **सेंसेक्स 440 अंक और निफ्टी भी 21 हजार के पार**



वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और टीसीएस में लिवाली आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 440 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी कारोबार के दौरान अपने नए शिखर को छूने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 440.33 अंक यानी 0.61 प्रतिशत चढ़कर 72,085.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,444.1 अंक यानी दो प्रतिशत तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 156.35 अंक यानी 0.72 प्रतिशत बढ़कर 21,853.80 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान निफ्टी एक समय 429.35 अंक तक चढ़कर 22,126.80 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

### निवेशकों की पूंजी 3.34 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को अबतक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति 3.34 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,34,413.44 करोड़ रुपये चढ़कर 3,82,76,857.79 करोड़ रुपये के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।

## राष्ट्रीय

# अलग राष्ट्र की टिप्पणी को लेकर रास में हंगामा


## राज्यसभा में कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के वक्तव्य पर सत्तारूढ़ भाजपा ने की माफी की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस के एक सांसद की ओर से कथित तौर पर दक्षिणी राज्यों के लिए 'एक अलग राष्ट्र' की मांग उठाए जाने के मुद्दे पर राज्यसभा में शुक्रवार को हंगामा हुआ और सत्ताधारी पक्ष ने इस बयान को देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता पर हमला करार देते हुए कांग्रेस से स्पष्टीकरण और माफी की मांग की। कांग्रेस ने साफ किया कि कांग्रेस देश की अखंडता के प्रति समर्पित है और इस तरह के किसी भी आह्वान को बर्दाश्त नहीं करेगी। सदन के नेता पीयूष गोयल ने शून्यकाल आरंभ होते ही इस मुद्दे को उठाया जिस पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अगर कोई भी देश को तोड़ने की बात करेगा तो कांग्रेस पार्टी उसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और उसके बाद गोयल को बोलने का मौका दिया। गोयल ने कहा कि प्रमुख विपक्षी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता और कांग्रेस शासित राज्य के एक उपमुख्यमंत्री के भाई ने बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक वक्तव्य दिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का वक्तव्य देने वाला कांग्रेस का सांसद भी है। कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने कथित तौर पर कहा कि अगर विभिन्न करों से एकत्रित धनराशि के वितरण के मामले में दक्षिणी राज्यों के साथ हो रहे अन्याय को दूर नहीं किया गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग राष्ट्र की मांग करने को मजबूर होंगे।

### हर मोर्चे पर केंद्र की असफल सरकार पूर्ववर्तियों पर दोष मढ़ती है : खरगे



केंद्र सरकार पर हर मोर्चे पर असफल रहने तथा पूर्ववर्ती सरकारों पर दोष मढ़ने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि न केवल युवाओं, किसानों से किए गए वादे अब तक अधूरे हैं बल्कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार यह कह चुके हैं कि पिछली सरकारों ने कई काम नहीं किए।

### कांग्रेस नेता डीके सुरेश को सांसद बने रहने का कोई हक नहीं: रविशंकर



भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता डीके सुरेश को एक मिनट भी सांसद बने रहने का अधिकार नहीं है और साथ ही उसने आरोप लगाया कि वह खुलेआम भारत को तोड़ने की बात कर रहे हैं, जो कि देश की एकता व संप्रभुता की रक्षा करने की उनकी शपथ का उल्लंघन है। भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा-क्या राजनीतिक लाभ के लिए देश की एकता और संप्रभुता की धज्जियां उड़ाई जाएंगी। उन्होंने खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा उनके सहयोगी दलों चुप्पी साधे रखने के लिए निशाना साधा।

### ऑल इंडिया रेडियो के 3 पूर्व कर्मचारी भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार

**एजल।** मिजोरम की राजधानी एजील स्थित एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने ऑल इंडिया रेडियो, आइजोल स्टेशन के तीन पूर्व कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को दोषी ठहराया। विशेष अदालत (भ्रष्टाचार निवारण) के विशेष न्यायाधीश एच टी सी लालरिंचना ने तत्कालीन सहायक निदेशक जोसांगजुआला, तत्कालीन कार्यक्रम कार्यकारी लालनुन्जिरी और तत्कालीन ऑल इंडिया रेडियो आइजोल स्टेशन के लोअर डिविजनल क्लर्क जूडी एच. लालमुआनपुई को आपराधिक साजिश से निपटने के लिए भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी, प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी और धोखाधड़ी के अलावा, कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया।

# तमिल अभिनेता विजय की राजनीति में हुई एंट्री

**चेन्नई, एजेंसी**

▸▸ **फिल्मों के शीर्ष सितारे ने बनाया राजनीतिक दल**

▸▸ **प्रदेश में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव पर नजर**



तमिल फिल्मों के शीर्ष सितारे थलपति विजय ने फिल्म उद्योग की कई हस्तियों के राजनीति में आने के क्रम को बरकरार रखते हुए शुक्रवार को राज्य में अपने राजनीतिक दल का ऐलान किया। वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में जीत को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने यह कदम उठाया है। यहां एक बयान में, विजय (49) ने अपनी पार्टी 'तमिझगा वेत्रि कषगम' का ऐलान करते हुए वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई जो कि 'प्रशासनिक ह्रास, भ्रष्टाचार और विभाजनकारी राजनीति से भरी हुई है' और एकता में बाधा उत्पन्न करती है।

राज्य में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों में सफलता का अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए, अभिनेता से नेता बने विजय ने दावा किया कि तमिलनाडु के लोग बदलाव के लिए 'लालायित' हैं। उन्होंने कहा-मेरे नेतृत्व में, राजनीतिक पार्टी तमिझगा वेत्रि कषगम (टीवीके) की शुरूआत की गयी है । इसे पंजीकृत करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पास आवेदन भी किया गया है।

### टेरर फंडिंग मामले में श्रीनगर, दिल्ली में पांच जगहों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने आतंकी फंडिंग मामले में शुक्रवार को श्रीनगर और दिल्ली में पांच स्थानों पर छापेमारी और तलाशी ली गयी। यह इस मामले में तलाशी का दूसरा दौर था जो आरोपी लोगों की ओर से अपराध की अवैध आय को अवैध रूप से जुटाने, लेयरिंग, मिश्रण और लॉन्ड्रिंग से संबंधित है, जिन पर बाद में अलगाववाद तथा आतंकवाद सहित अवैध गतिविधियों में उपयोग किए जाने का संदेह है।

इससे पहले एसआईए ने दिल्ली और कश्मीर घाटी में 32 ठिकानों पर छापेमारी की थी। एसआईए के बयान में कहा गया है कि एसआईए कश्मीर की विशेष टीमों द्वारा आज दिल्ली और श्रीनगर में पांच स्थानों पर एक साथ छापेमारी और तलाशी ली गई।

### एक नजर

#### हिरासत में मौत मामले में दो निलंबित

**जम्मू।** जम्मू में हिरासत में एक संदिग्ध की मौत के बाद एक पुलिस थाने के प्रभारी को हटा दिया गया है, जबकि दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जम्मू के जिला मजिस्ट्रेट से भी घटना की मजिस्ट्रेट जांच शुरू करने का अनुरोध किया गया है। कठुआ जिले के नगरी इलाके के निवासी साहिल सैनी को 30 जनवरी को चोरी से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और चार दिन की पुलिस हिरासत के दौरान अगले ही दिन गांधीनगर पुलिस थाने में संदिग्ध परिस्थितियों में उसे मृत पाया गया था।

#### मुंबई के चेंबूर में लगी आग, नौ लोग झुलसे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई उपनगर के चेंबूर इलाके में सिद्धार्थ कॉलोनी के पास गैस सिलिंडर रिसाव के कारण आग लगने से नौ लोग झुलस गये हैं। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि अग्निशमन विभाग के सूत्रों के मुताबिक, आग गुरुवार रात 10:48 बजे लगी। हादसे में झुलसे छह लोगों को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं सायन अस्पताल, मानेक अस्पताल और शताब्दी अस्पताल में एक-एक व्यक्ति को भर्ती कराया गया।

# परिवार की असहमति के बाद शादी के वादे से मुकर जाना अपराध नहीं

**मुंबई, एजेंसी**

**बंबई उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी**



बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने कहा है कि यदि कोई पुरुष अपने परिवार के सहमत नहीं होने के कारण किसी महिला से शादी करने के अपने वादे से मुकर जाता है तो इसमें बलात्कार का अपराध नहीं बनता है। उच्च न्यायालय ने 31 वर्षीय एक व्यक्ति को उसके खिलाफ दर्ज मामले में बरी करते हुए यह टिप्पणी की। इस व्यक्ति के खिलाफ शादी के बहाने एक महिला से कथित तौर पर बलात्कार करने का मामला दर्ज कराया गया था।

न्यायमूर्ति एम डब्ल्यू चंदवानी की एकल पीठ ने 30 जनवरी को दिए एक आदेश में कहा कि एक व्यक्ति ने केवल शादी के अपने वादे को तोड़ा है और महिला को उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए शादी का झांसा नहीं दिया था। अदालत ने कहा-वादा तोड़ने और झूठा वादा पूरा न करने के बीच अंतर है। वर्ष 2019 में 33 वर्षीय महिला ने नागपुर पुलिस के समक्ष दर्ज कराई गई प्राथमिकी में दावा किया था कि वह 2016 से उस व्यक्ति के साथ रिश्ते में थी और उसने शादी का वादा करने के बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। जब महिला को पता चला कि उस व्यक्ति की किसी और से सगाई हो गई है तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले में आरोपमुक्त करने के अनुरोध संबंधी याचिका में व्यक्ति ने कहा कि उसका महिला से शादी करने का पूरा इरादा था, लेकिन उसने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और उससे कहा कि वह किसी और से शादी करेगी।

याचिका में कहा गया कि इस व्यक्ति के परिवार वालों ने भी इस रिश्ते को स्वीकार करने से मना कर दिया था, जिसके बाद वह दूसरी महिला से सगाई करने को तैयार हो गया। इसमें कहा गया है कि शिकायतकर्ता ने 2021 में किसी अन्य पुरुष से शादी कर ली थी।

अदालत ने कहा कि महिला एक परिपक्व वयस्क हैं और कहा कि उसके द्वारा लगाए गए आरोप इस बात का संकेत नहीं देते कि उस व्यक्ति का उससे शादी करने का वादा झूठा था। अदालत ने कहा कि यह साबित करने के लिए कोई तथ्य नहीं है कि उसने केवल शारीरिक संबंध बनाने के लिए झूठा वादा किया था।

# सामाजिक कार्यकर्ता मंदर के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

▸▸ **विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के उल्लंघन का मामला**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मानवाधिकार कार्यकर्ता हर्ष मंदर और उसके गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के खिलाफ विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के कथित उल्लंघन का मामला दर्ज किया और शुक्रवार को इसके परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि एफसीआरए की धारा तीन किसी पंजीकृत समाचार पत्र के संवाददाताओं, स्तंभकारों, कार्टूनिस्टों, संपादक, मालिक, मुद्रक, प्रकाशक द्वारा विदेशी अंशदान स्वीकार करने पर रोक लगाती है लेकिन मंदर समाचार पत्रों तथा वेब पोर्टलों में स्तंभ और लेख लिख रहे हैं। सीबीआई ने एफसीआरए के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन के लिए मंदर और 'सेंटर फॉर इक्विटी स्टडीज' (सीईएस) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मंदर पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के पूर्व सदस्य थे।

### प्रो. विवेकानंद तिवारी ने एक साथ 61 पुस्तक प्रकाशित कर स्थापित किया विश्व कीर्तिमान



**नई दिल्ली।** सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति की आधार स्तंभ गाय की विविध पक्षों पर इस वर्ष एक साथ 61 पुस्तक प्रकाशित हुई हैं, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। इसके चलते इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भेजा गया है। बता दें कि विश्व के इतिहास में आजतक एक साथ 61 किताबें कभी भी प्रकाशित नहीं हुई है। गौरतलब है कि प्रो. विवेकानंद तिवारी की 150 से ज्यादा पुस्तकें और 250 से ज्यादा शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि रामराज्य की परिकल्पना का आधार गाय है। वहीं अनेक संस्थाओं से डॉ. तिवारी को प्राप्त सम्मानों में भारत भारती सम्मान, मालवीय शिक्षा सम्मान विशेष हैं।

### महुआ को बंगले से बेदखली के खिलाफ याचिका वापस लेने की मिली अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा को संपदा निदेशालय द्वारा जारी बेदखली नोटिस को चुनौती देने वाली अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी, जिसमें उन्हें आवंटित सरकारी आवास खाली करने के लिए कहा गया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। उनके वकील ने कहा कि याचिका निरर्थक हो गई है क्योंकि वह पहले ही बंगला खाली कर चुकी हैं। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा-याचिकाकर्ता ने पहले ही कहा है कि उसने संबंधित आवास खाली कर दिया है। याचिका वापस ली गई मानकर खारिज की जाती है।

# भाजपा और आरएसएस के लोग देश में फैला रहे नफरत

**रांची, एजेंसी**

▸▸ **भारत जोड़ो-न्याय यात्रा के दौरान राहुल ने साधा निशाना**



राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही न्याय यात्रा आज बंगाल से निकलकर नसीपुर मोड होते हुए झारखंड में प्रवेश कर गई । नसीपुर मोड पर पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी द्वारा झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को ध्वज हस्तांतरण कर झारखंड में यात्रा का शुभारंभ कराया गया। इसके बाद झारखंड में 13 जिलों से गुजर कर 804 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली न्याय यात्रा की औपचारिक शुरुआत झारखंड में हो गई। नासीपुर मोड़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग देश में नफरत और हिंसा फैला रहे हैं। जबकि 1 साल पूर्व हमने भारत जोड़ो यात्रा की थी उसे दौरान हम जिन राज्यों में नहीं पहुंच सके थे वहां के लोगों से मिलने और उनसे बात करने के लिए हमने यह भारत जोड़ो-न्याय यात्रा शुरू की है।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा और आरएसएस के खिलाफ खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। आज देश में करोड़ों लोगों के साथ अन्याय हो रहा है क्योंकि नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी, गलत जीएसटी, छोटे व्यापारियों, उद्योगो के खिलाफ निर्णय लेकर उन्हें बर्बाद कर दिया।, इस देश में जो रोजगार की रीढ़ की हड्डी है उसे बीजेपी ने तोड़ दिया उसका नतीजा यह है कि आज इस देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी चाहते हैं की हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार न मिले और इस देश का पैसा चंद अरबपतियों के हाथों में हो। इस यात्रा के माध्यम से हम किसानों के खिलाफ अन्याय, युवाओं के खिलाफ अन्याय, आदिवासियों के खिलाफ अन्याय, महिलाओं के खिलाफ अन्याय को देश की जनता के सामने रखना चाहते हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग जहां भी नफरत का बाजार खोलते हैं। वहां कांग्रेस पार्टी और उनके गठबंधन दल के लोग मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। इस यात्रा में हम किसानों के मन की बात युवाओं के मन की बात महिलाओं के मन की बात आदिवासियों के मन की बात और आम जनों के मन की बात सुनना चाहते हैं हम अपने मन की बात नहीं करना चाहते और आपकी बातों को समझ कर सुनकर उसे पूरे देश के सामने लाना चाहते हैं।

# घूमने नहीं... अच्छा टेनिस खेलने आए हैं : जीशान अली

## इस्लामाबाद में पकिस्तानी मीडिया के अटपटे सवालों पर बोले भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान दौरे पर गई भारत के डेविस कप टीम के कप्तान जीशान अली से शुक्रवार को पाकिस्तानी मीडिया ने कई अटपटे सवाल पूछे। जब उनसे पाकिस्तान में शॉपिंग और सैर-सपाटा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया कि वे यहां टेनिस खेलने आए हैं न कि घूमने।

दरअसल करीब 60 साल बाद भारतीय टीम डेविड कप खेलने के लिए पाकिस्तान गई। भारतीय टीम अब तक अपने होटल से बाहर कड़ी सुरक्षा में सिर्फ इस्लामाबाद खेल परिसर में अभ्यास के लिए ही गई है। शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में जीशान अली पाकिस्तानी मीडिया से मुखातिब हुए तो उनसे शॉपिंग के बारे में पूछे गया इस पर उन्होंने जब दिया कि हम कहीं बाहर नहीं गए हैं, उम्मीद है कि कुछ समय के लिए बाहर जाने की व्यवस्था की जा सकती है। भारतीय कोच एवं कप्तान की भूमिका निभा रहे जीशान अली ने कहा कि खेल के लिहाज से हमारा यहां आना इस क्षेत्र में टेनिस के लिए बहुत अच्छा होगा। अगर अधिक बच्चे इस खेल को अपनाएंगे तो इससे टेनिस को फायदा होगा और यही हमारा मुख्य इरादा है।



### पीटीएफ के हस्तक्षेप पर बदला सवालों का रुख

जीशान को तब और आश्चर्य हुआ जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि पाकिस्तान में सुरक्षा कोई मुद्दा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम को 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए यहां आना है। उनसे यह भी पूछा गया कि दोनों देशों के बीच सभी खेलों में द्विपक्षीय शृंखलाएं क्यों नहीं होती हैं। पाकिस्तानी पत्रकार अपनी धरती पर भारतीय टीम को देखने के लिए काफी उत्साहित थे, क्योंकि उनमें से कई पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए भारत दौरे पर नहीं जा सके थे। इस पर पीटीएफ के एक अधिकारी को हस्तक्षेप करना पड़ा और मीडियाकर्मियों से अपने सवालों को केवल डेविस कप मुकाबले तक सीमित रखने के लिए कहा गया।

### टीम के मन में बाहर न जा पाने की निराशा नहीं

जीशान ने कहा कि भारतीय टेनिस महासंघ की सुरक्षा चिंताओं के बीच यहां जो आतिथ्य सत्कार मिला वह शानदार है। खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने भी यही भावना व्यक्त की, इससे भांबरी भी सहमत थे। रामकुमार शनिवार को ऐसाम-उल-हक कुरेशी से भिड़ेंगे। जीशान ने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं तो भी निराश नहीं होंगे क्योंकि वह और उनकी टीम यहां घूमने के लिए नहीं बल्कि देश के लिए अपना काम करने आए है। पाकिस्तान आने का फैसला भारत सरकार को लेना होता है। हमारा काम टेनिस खेलना है।

# नेपाल को हराकर भारत सेमीफाइल में

**ब्लूमफोंटेन, एजेंसी**

सचिन दास और और कप्तान उदय सहारन की शतकीय पारी के बाद सौमी पांडे की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने शुक्रवार को अंडर-19 विश्वकप के सुपर सिक्स मुकाबले में नेपाल को 132 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

**सचिन और उदय ने खेली शतकीय पारी सौमी पांडे ने झटके 4 विकेट**


298 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की दीपक बोहरा और अर्जुन कुमाल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी की। दीपक 22 और अर्जुन 26 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान देव खनाल सर्वाधिक 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे, इसके बाद आकाश चांद 18, दुर्गेश गुप्ता 29 रन ने हार के अंतर को कम करने का प्रयास किया। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका और पूरी टीम नौ विकेट पर 165 रन ही बना सकी। भारत की ओर से सौमी पांडे ने 4 विकेट लिए। अर्शीन कुलकर्णी को दो विकेट मिले। राज लिंबानी, आराध्य शुक्ला और मुरुगन अभिषेक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### उदय और सचिन के बीच हुई रिकॉर्ड 215 रन की साझेदारी



टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत की शुरुआत अच्छा नहीं रही। पांचवें ओवर में आदर्श सिंह 21 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आए प्रियांशु मोलिया भी 19 रन पर रनआउट हो गए। 14वें ओवर में अर्शीन कुलकर्णी 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 3 विकेट गिरने के बाद कप्तान उदय सहारन और सचिन दास ने चौथे विकेट के लिए 215 रन की साझेदारी की। उदय ने 107 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 100 रन बनाए। सचिन ने 101 गेंदों में 11 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 116 रनों की पारी खेली। मुशीर खान ने नाबाद नौ बनाए। भारतीय टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 297 रनों का स्कोर खड़ा किया।

# डब्ल्यूपीजीटी में हिताशी ने खत्म किया खिताबी सूखा



**कोलकाता, एजेंसी।** शानदार लय में चल रही हिताशी बख्शी ने एक अंडर 69 के कार्ड के साथ शुक्रवार को हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के तीसरे चारण को जीतकर 22 महीने के खिताबी सूखे को खत्म किया। हिताशी ने 2022 में तीन खिताब जीते थे लेकिन 2023 में वह एक भी सफलता हासिल नहीं कर सकी। हालांकि इस दौरान वह काफी समय तक चोटिल भी थी। उन्होंने अंतिम दौर में दो बर्डी के मुकाबले एक बोगी की जिससे उनका कुल स्कोर दो अंडर 208 रहा। हिताशी के अलावा केवल जैस्मिन शेखर ही इस दौर में 69 का कार्ड खेल सकी। वह कुल दो ओवर 212 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही। अनन्या गर्ग तीसरे जबकि रिद्धिमा दिलावड़ी चौथे स्थान पर रही।

# यशस्वी के नाबाद 179, भारत ने बनाए 336 रन

## आज भारत की स्कोर 500 तक पहुंचाने पर होगी नजर ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को दबाव में ला सके

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल की नाबाद 179 रन की पारी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन 6 विकेट के नुकसान पर 336 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल का यह दूसरा टेस्ट शतक है। 10 टेस्ट पारी में उनके नाम दो शतक और दो अर्धशतक हो गए हैं।

यशस्वी ने पिछले साल कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट पदार्पण करते हुए 171 रन बनाए थे। वहीं अन्य भारतीय बल्लेबाज मुफीद परिस्थितियों का फायदा नहीं उठा सके। स्टंप तक आर अश्विन पांच रन बनाकर दूसरे छोर पर यशस्वी जायसवाल का साथ निभा रहे थे। पहला अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट मैच खेल रहे इंग्लैंड के शोएब बशीर और रेहान अहमद ने 2-2 विकेट झटके, जबकि पदार्पण कर रहे रजत पाटीदार 72 गेंद में 32 रन बनाकर लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर बोल्ड हो गए।

5 मैच की शृंखला में 0-1 से पिछड़ रही भारतीय टीम दूसरे दिन इस स्कोर को कम से कम 500 रन तक पहुंचाना चाहेगी ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को ऐसी पिच पर दबाव में ला सके जिस पर तीसरे दिन से उछाल आने की उम्मीद है।



**6** विकेट गिर चुके हैं भारत के दूसरे टेस्ट मैच की पारी में पहले दिन

**2-2** विकेट झटके इंग्लैंड के बशीर और रेहान ने

### यशस्वी ने दूसरे सत्र में बदला पारी का रुख

यशस्वी जायसवाल ने दूसरे सत्र में आकर्षक स्ट्रोक्स खेलकर पारी का रुख ही बदल दिया, जिसमें भारत ने 32 ओवर में 122 रन जुटाए। श्रेयस अय्यर 59 गेंद में 27 रन बनाकर दोपहर के सत्र में आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। जायसवाल की पारी की सबसे खास बात उनकी सहजता से मैदानी और हवा में शॉट लगाना रही। टॉम हार्टले पर लांग आन में छक्का लगाकर अपने शतक तक पहुंचने से उनका बेखौफ रवैया साफ दिखाई दिया। जायसवाल ने अपनी पारी के शुरू में स्पिनरों के खिलाफ काफी कट शॉट खेले लेकिन दूसरे सत्र में उन्होंने ड्राइव और उठाकर लगाये गये शॉट से रन बनाए।

### टॉम हार्टले के एक ओवर में जड़े तीन चौके

यशस्वी जायसवाल ने पहले दिन टॉ हार्टले को निशाना बनाया और 45वें ओवर में उनकी गेंदों पर लगातार तीन चौके जमाए। उन्होंने जो रूट की गेंद पर भी शानदार छक्का जड़कर अपने हौसले जाहिर कर दिए। जायसवाल ने अय्यर के साथ 90 रन की भागीदारी निभाई लेकिन अय्यर एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में असफल रहे। हार्टले की गेंद को कट करने का प्रयास में अय्यर स्टंप के पीछे बेन फोक्स को कैच दे बैठे। उनके आउट होने के बाद रजत पाटीदार उतरे और वह वह 27 रन के निजी स्कोर पर हार्टले का शिकार बने। भारत ने सपाट पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। रोहित और यशस्वी जायसवाल ने धीमी शुरुआत की। पहले 16 ओवर में सिर्फ 40 रन बने। रोहित 18वें ओवर में आफ स्पिनर बशीर की गेंद पर ओली पोप को कैच दे बैठे। गिल को एंडरसन ने दूसरे स्पैल में विकेट के पीछे लपकवाया।

# आर्यन-करन के शतक से यूपी का स्कोर 319

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार :** ग्रीनपार्क स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप के लिए शुक्रवार से शुरू हुए चार दिवसीय मुकाबले में यूपी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए असम के खिलाफ पहले दिन 80 ओवर में दो विकेट खोकर 319 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

यूपी के विकेट कीपर आर्यन जुयाल और करन शर्मा ने शानदार शतक जड़े। आर्यन 234 गेंद पर 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 162 रन बनाकर नाबाद हैं तो करन भी 108 रन बनाकर उनके साथ क्रीज पर डटे हैं। हालांकि आर्यन के साथ ओपनिंग करने उतरे समर्थ सिंह शून्य पर एलबीडब्ल्यू हो गए, जबकि प्रिंस यादव 46 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू हुए। 79 रन पर दो विकेट गिरने के बाद आर्यन और करन ने असम के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। असम के गेंदबाज मुख्तार हुसैन और एम दत्ता को एक-एक विकेट मिला। अन्य कोई गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका।

**ग्रीनपार्क में असम के खिलाफ रणजी ट्राफी मैच का पहला दिन**



### भुवनेश्वर कुमार को टीम में नहीं मिली जगह

यूपी टीम में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को जगह नहीं मिली। प्रियम गर्ग और कार्तिक त्यागी जैसे स्टार खिलाड़ी भी टीम में नहीं थे, जबकि असम टीम में रियान पराग को स्थान नहीं मिला। अंक तालिका के लिहाज से यूपी टीम पांचवें तो असम की टीम आखिरी पायदान पर है। यूपी की टीम ने पिछले मैच में कप्तान नितीश राणा के शतक और बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन से मुंबई को हराया था।

# अस्मिता चालिहा थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में

**बैंकॉक, एजेंसी।** भारत की अस्मिता चालिहा ने शुक्रवार को इंडोनेशिया की ईस्टर नुरूमी वार्डोयो को हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मिथुन मंजूनाथ के पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद के महिला युगल के अंतिम चरण में हारने के बाद चालिहा ही टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय बची हैं। चालिहा ने क्वालीफायर से मुख्य ड्रा में प्रवेश किया था। उन्होंने मुकाबले में वार्डोयो को 21-14, 19-21, 21-13 से पराजित किया। अब वह सेमीफाइनल में चौथी वरीय थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग और चीनी ताइपे की वेन चि सु के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। त्रिशा और गायत्री की जोड़ी को इंडोनेशिया की फेब्रियाना द्वीपुजी कुसुमा और अमालिया काहाया प्राटिवी से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल में मंजूनाथ को क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड के मार्क कालिजोऊ से 19-2, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

**बैडमिंटन**

# भारत ए ने इंग्लैंड लायन्स को पहली पारी में 199 पर समेटा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** तेज गेंदबाज आकाश दीप के चार और यश दयाल के दो विकेट की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायन्स पर तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को मैच में शानदार वापसी की। इंग्लैंड लायन्स की पहली पारी को 199 रन पर समेटने के बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट पर 148 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 141 रन की हो गई।

**आकाशदीप ने 4 और यश दयाल ने 2 विकेट लेकर मैच में भारत की कराई शानदार वापसी**

भारत की दूसरी पारी में तिलक वर्मा (46) दिन की आखिरी गेंद पर आउट होकर अर्धशतक से चूक गए, जबकि साई सुदर्शन 54 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। भारत की पहली पारी 192 रन पर सिमटी थी, जिसके बाद इंग्लैंड ने पहले दिन एक विकेट पर 98 रन बनाकर अपना दबदबा बनाया था लेकिन शुक्रवार को भारतीय तेज गेंदबाजों का दिन रहा। जहां आकाश और दयाल ने आपस में 7 विकेट साझा किए।

## खेल डायरी

### मुक्केबाजी: अमित, इशनीत व सचिन सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज अमित कुमार (63 .5 किग्रा) और इशमीत सिंह (75 किग्रा) ने जीत दर्ज करते हुए स्पेन के ला नुसिया में खेले जा रहे बॉक्साम अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सचिन कुमार (80 किग्रा) गुरुवार को स्पेन के पाब्लो कॉय बर्नाल से वॉकओवर मिलने के बाद अंतिम चार चरण में पहुंच गए हैं। अमित ने मेक्सिको के मिगुएल एंजेल मार्टिनेज पर 3-2 के विभाजित फैसले में जीत हासिल की, जबकि प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज लाइट वेल्टरवेट वर्ग में पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। अब अमित का सामना सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के रूसलान अब्दुलाएव से होगा। इशमीत ने क्वार्टरफाइनल में स्थानीय मुक्केबाज डिडाक लोपेज गोमेज को 4-1 से मात देकर अंतिम चार में जगह बनाई, जिसमें उनकी भिड़ंत पोलैंड के मिचाल जारलिंस्की से होगी। हालांकि बिलाल मोहम्मद, दीक्षयंत दहिया और रूबल सिंध ढांडा का क्वार्टरफाइनल में मिली हार के बाद सफर खत्म हो गया।

### मर्सडीज छोड़कर फेरारी से जुड़ेंगे लुईस हैमिल्टन

**लंदन।** लुईस हैमिल्टन ने मर्सडीज छोड़कर फेरारी में जाने का फैसला लेकर मोटर स्पोटर्स जगत को हैरान कर दिया है। हैमिल्टन ने अगस्त के आखिर में मर्सडीज के साथ करार दो साल के लिए बढ़ाया था लेकिन नए करार में उन्होंने रिलीज का प्रावधान रखा था, जिससे वह 2025 में फेरारी से जुड़ सकेंगे। उनकी टीम ने कहा कि इस टीम के साथ 11 साल बेहतरीन रहे हैं। उन्हें इस पर गर्व है। वह जब 13 साल के थे, तभी से मर्सडीज उनके जीवन का हिस्सा है। वह यहीं बड़े हुए और इसे छोड़ने का फैसला काफी कठिन था लेकिन उनके लिए यह जरूरी था। वह नई चुनौती लेकर काफी रोमांचित हैं। हैमिल्टन ने सात में से छह फार्मूला वन खिताब मर्सडीज के साथ जीते हैं।



### भारत ने सैफ अंडर-19 में भूटान को हराया

**ढाका।** पूजा के चार गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में भूटान को 10-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पूजा ने मैच के 31वें, 58वां, 59वां और स्टॉपेज समय (90 चार मिनट) में गोल किए, जबकि शिवानी देवी (आठवां, 19वां और 36वां) भी गोल की हैट्रिक लगाने में सफल रही। भारत के लिए स्ट्राइकर सुलंजना राउल (53वें), मेनका लॉरेम्बम (61वें) और अरीना देवी (73वें) गोल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रही। गोलकीपर अनिका देवी और अरीना ने शुक्रवार को अपना जूनियर अंतर्राष्ट्रीय में पदार्पण किया। भारत अपना अगला मैच रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

**फुटबॉल**

### तुर्की महिला कप फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर महिला टीम 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में तुर्की महिला कप में भाग लेगी। भारत के अलावा एस्टोनिया, कोसोवो और हांगकांग की टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट का हिस्सा है। टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम एक-दूसरे से एक बार भिड़ेगी और राउंड-रॉबिन चरण के अंत में तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा। भारत अपने अभियान का आगाज 21 फरवरी को एस्टोनिया के खिलाफ करेगा।

### ड्रैग फ्लिकर की कमी महिला हॉकी के लिए चिंताजनक

**भुवनेश्वर।** मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम की पेनल्टी को गोल में बदलने की खराब दर की असली वजह टीम में ड्रैग फ्लिक खिलाड़ियों की कमी है। देश में प्रतिभा विकास कार्यक्रमों में इस पर जोर दिए जाने की जरूरत है। पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की नाकामी भारतीय महिला टीम के लिए पिछले कुछ समय से परेशानी का सबब बना हुआ है। इसके कारण टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई। शॉपमैन ने चीन के खिलाफ भारत के एफआईएच प्रो लीग मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि शीर्ष 10 में किसी अन्य देश को देखें तो उनके पास 5 से 6 ड्रैग फ्लिकर हैं, जबकि हमारे पास ऐसा नहीं हैं। शॉपमैन ने कहा कि ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में टीम की विफलता से वह आहत है।

## बॉलीवुड हलचल

# मानव स्वभाव की उलझी भावनाओं का प्रतीक है कैकेयी

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित शो श्रीमद् रामायाण में कैकेयी का किरदार निभाकर शिल्पा सकलानी बेहद रोमांचित है। इसमें शिल्पा सकलानी ने रानी कैकेयी की भूमिका निभायी है, जो अपनी सुंदरता, बुद्धिमत्ता और राजनीतिक कौशल के लिए जानी जाती हैं। शिल्पा सकलानी ने कहा कि रानी कैकेयी एक दुर्जेय किरदार है। वह एक ऐसी रानी हैं जो अपने पति से प्रेम करती हैं लेकिन वह मंथरा द्वारा पैदा की जा रही असुरक्षाओं से नहीं लड़ पाती और ऐसा विकल्प चुनती हैं जो उनके परिवार को तोड़ देता है। कैकेयी मानव स्वभाव की उलझी हुई भावनाओं का प्रतीक है और दर्शाती हैं कि दूसरों के उद्देश्यों के लिए असुरक्षाओं का उपयोग कैसे किया जा सकता है, और यह रामायण की सबसे बड़ी शिक्षाओं में से एक है। योद्धा, राजनयिक और सबसे पसंदीदा रानी, कैकेयी एक नकारात्मक किरदार के अलावा भी बहुत कुछ है।



### अक्षय कुमार का डीपफेक वीडियो हुआ वायरल



साल 2023 के नवंबर में अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था। यह पहला मामला था जब किसी अभिनेत्री का डीपफेक वीडियो बनाया गया मगर इसके बाद आलिया भट्ट, काजोल, कटरीना कैफ, नोरा फतेही भी डीपफेक के शिाकर हुए। उनके वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुए। अब अभिनेता अक्षय कुमार डीपफेक के शिकार हुए हैं। डीपफेक वीडियो में उनकी आवाज और चेहरे का इस्तेमाल करके एक गेमिंग एप का प्रचार प्रसार कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि अक्षय कुमार की ओर से डीपफेक वीडियो सामने आने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। इस वीडियो के सोर्स की जांच की जा रही है।

# देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है आर्टिकल 370 का गाना दुआ

अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फिल्म आर्टिकल 370 का पहला गाना दुआ रिलीज किया गया है। इस गाने को जुबिन नौटियाल और शाश्वत सचदेव ने स्वरबद्ध किया है। शाश्वत ने ही गाने का म्यूजिक तैयार किया है। गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं, जबकि फीमेल वॉइस प्रियांशी नायडू ने दी है। यामी गौतम ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार गाना सुना तो बेहद भावुक हो गई थी। गाने के बोल इतने दमदार हैं कि वह दिल को छू जाते हैं। साथ ही इसे गाने को कश्मीर के बहुत ही खूबसूरत इलाकों में शूट किया गया है, जो इसे और भी प्रभावी बनाता है। यह उन सभी लोगों के लिए समर्पित है जो निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करते हैं।

निर्देशक आदित्य सुहास जांभले ने कहा कि हम हमेशा से एक ऐसा एंथम बनाना चाहते थे जो देश की भावनाओं से जुड़ा हो। हम चाहते थे कि यह एक ऐसा एहसास हो, जो कभी नहीं बदलता, चाहे चीजें कैसे भी विकसित हों। मुझे लगता है कि शाश्वत यह काम बहुत ही खूबसूरती से करने में सक्षम हैं। भारत के बारे में यह गाना बनाने के पीछे हमारी सोच यह थी कि हम सभी तथ्य को छुएं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे देश ने क्या झेला है, लेकिन पूरा देश आज भी एकजुट है। यह गाना उसी के लिए हमारी ओर से है। दुआ हमारी ओर से भारतीयों और उनकी अमर भावना को दिया गया ट्रिब्यूट है। जुबिन नौटियाल ने कहा कि इस गाने में इतनी ताकत है कि प्रत्येक भारतीय के गहरे इमोशन को उजागर करेगा, जैसे कि मुझमें था। दिल को छू जाने वाले इस गाने के बोल और मधुर संगीत गाने में एक रूहानी क्वालिटी लेकर आते हैं। यह गाना सभी संगीत प्रेमियों के लिए है। इसके अलावा राष्ट्र के लिए गाना मेरे दिल में खास जगह रखता है। यह गाना निश्चित रूप से देश के प्रति हमारे साझा प्रेम में एकता और गर्व की भावना जगाएगा।




# प्यार, धोखा और राजनीति की कहानी है हीरामंडी

बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की आने वाली वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। हीरामंडी में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी का फर्स्ट लुक रिलीज करते हुए नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि निर्माता संजय लीला भंसाली की हीरामंडी वेब सीरीज वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, हीरामंडी कोठों में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।



### ढैन टेनेन गाने से कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली : शाहिद कपूर

शाहिद कपूर ने बताया कि ढैन टेनेन गाने से उन्हें फिल्म कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली। एक रियलटी शो में शाहिद कपूर ने बताया कि कमीने करने से पहले, जब वी मेट पूरी की थी और फिल्म के क्षेत्र को लेकर उलझन में था। यह भारत में अब तक पेश की गई चीजों से अलग थी, इसलिए यकीन नहीं था कि इसे कैसे देखा जाए। उन्हें याद है कि वे विशाल के ऑफिस में कॉस्टयूम और अन्य चीजों पर चर्चा कर रहे थे जब उन्होंने हेडफोन देकर यह गाना सुनने के लिए कहा। तभी पहली बार ढैन टेनेन सुना और इससे समझ में आया कि उन्हें फिल्म में क्या करना है। विशाल और इस गाने की वजह से वह गुड्डू की भूमिका निभा सके।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

